सुप्रभात
रांची, सोमवार
30.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ




khabarmantra.net | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 345

12 रेल आरक्षण व्यवस्था में बड़ा बदलाव कल से

## न्यूज डायरी

### छात्रावास में घुस गया पानी छत पर चढ़ कर बच्चे बचे

**पूर्वी सिंहभूम।** पोटका प्रखंड क्षेत्र में शनिवार देर रात मूसलधार बारिश ने तबाही मचा दी। गुड़रा नदी किनारे स्थित पांडरशुली गांव का लव कुश इंग्लिश स्कूल छात्रावास में रात में जब 162 बच्चे सो रहे थे, धीरे-धीरे पानी भर गया। सभी बच्चे जान बचाने के लिए छत पर चढ़ गये। सुबह तक दहशत में रहे। रविवार तड़के बचाव कार्य शुरू हुआ।

### ट्रेन प्रस्थान से 8 घंटे पहले तैयार होगा आरक्षण चार्ट

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड को चरणबद्ध तरीके से ट्रेन प्रस्थान से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। इससे वेटिंग लिस्ट वाले यात्रियों के लिए अनिश्चितता कम होगी। वेटिंग लिस्ट क्लियर न होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए यात्रियों को अधिक समय भी मिलेगा। रेलवे, टिकट बुकिंग को आसान बनाने के लिए कई कदम उठा रहा है।

### बाल-बाल बचे तेजस्वी मंच से टकराया ड्रोन

**पटना।** राजद नेता तेजस्वी यादव के भाषण के दौरान अचानक एक ड्रोन मंच से टकरा गया। उन्होंने फुर्ती दिखाते हुए झुक कर खुद को बचा लिया। रविवार को यह घटना उस समय हुई जब वह गांधी मैदान में वक्फ बचाओ, संविधान बचाओ' रैली को संबोधित कर रहे थे। पटना पुलिस घटना की जांच कर रही है। यह एक प्रतिबंधित क्षेत्र था और ऐसी कोई वस्तु वहां नहीं आनी चाहिए थी।

### पुरी के कलेक्टर-एसपी का तबादला, दो अन्य अधिकारी निलंबित

# रथयात्रा: गुंडिचा मंदिर के सामने भगदड़ में 3 की मौत, 50 घायल

**दुखद**

- ओड़िशा सरकार ने मृतक के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की

**एजेंसी**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के बाद रविवार तड़के करीब 4 बजे गुंडिचा मंदिर के सामने भगदड़ मच गयी। यहां भगवान जगन्नाथ के नंदीघोष रथ के दर्शन करने के लिए भारी भीड़ जुटी थी, इसी दौरान भगदड़ मच गयी। इसमें तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि 50 लोग घायल हो गए। घायलों में छह की हालत गंभीर है।

इस घटना पर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है और कहा है कि उनकी सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षा के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी। सीएम मोहन चरण माझी ने घटना पर माफी भी मांगी है। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा, मैं और मेरी सरकार भगवान जगन्नाथ के सभी भक्तों से व्यक्तिगत रूप से क्षमा मांगते हैं। यह लापरवाही माफ करने लायक नहीं है। इसके बाद राज्य सरकार ने पुरी के कलेक्टर और एसपी का तबादला कर दिया। चंचल राणा को नया कलेक्टर और पिनाक मिश्रा को नया एसपी बनाया गया है। साथ ही डीसीपी और कमांडेंट को निलंबित कर दिया गया है।

ओड़िशा सरकार ने भगदड़ के कारण हुई मौतों की उच्चस्तरीय प्रशासनिक जांच के आदेश दिए हैं। ओड़िशा की विकास आयुक्त अनु गर्ग इस दुखद घटना की जांच करेंगी। इसके साथ ही ओड़िशा सरकार ने मृतकों के परिजनों को पच्चीस लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की है।

### ओड़िशा सरकार ने भगदड़ की उच्चस्तरीय जांच के दिये आदेश



**जगन्नाथ प्रभु का रथ पहुंचते ही मची भगदड़** : पुरी की रथयात्रा में गुंडिचा मंदिर के सामने बलभद्र और सुभद्रा के रथ पहले पहुंच चुके थे। जगन्नाथ रथ बाद में पहुंचा, जिससे लोगों में उसके दर्शन करने की होड़ लग गई। इसी दौरान भगदड़ मची, जिसमें गिरने से कई लोग कुचल गए। हादसे में मारे गए लोगों के नाम बसंती साहू (36), प्रेमकांति महांति (78) और प्रभाती दास हैं। इनके शव पुरी मेडिकल कॉलेज में रखे गए हैं।

### डीजीपी ने घटनास्थल का लिया जायजा, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

पुरी के गुंडीचा मंदिर के पास रविवार तड़के हुई भगदड़ की घटना के बाद ओड़िशा के पुलिस महानिदेशक वाई. बी. खुरानिया ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। डीजीपी खुरानिया ने बताया कि हादसे की जांच शुरू कर दी गई है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए त्वरित सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे दर्शन के दौरान पुलिस के निर्देशों का पालन करें और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में मोबाइल फोन से तस्वीरें लेने से बचें, क्योंकि इससे अव्यवस्था फैल सकती है। हम श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित दर्शन सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से विभिन्न स्थानों पर पुलिस द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन का अनुरोध किया है। प्रशासन ने घटनास्थल पर सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी है और अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है।

# खूंटी में ग्राम प्रधान सह भाजपा नेता बलराम मुंडा की गोली मारकर हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी।** मारंगहादा थाना क्षेत्र के काडेतुबिद गांव के ग्राम प्रधान सह भाजपा नेता बलराम मुंडा की अज्ञात अपराधियों ने शनिवार देर रात गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार बलराम मुंडा अपने घर में थे और बाहर बारिश हो रही थी। उसी दौरान 10-12 हथियारबंद अपराधी उनके घर में घुस आए। ग्रामीणों के अनुसार,



हमलावरों के हाथों में देसी कट्टा और अन्य हथियार थे और वे लगातार कह रहे थे ग्राम प्रधान बनते हो, पुलिस से बात करते हो। इसके तुरंत बाद बलराम मुंडा पर गोली चला दी गयी और बेरहमी से धारदार हथियार से काटकर उनकी हत्या कर दी। साथ ही बलराम के भांजा आचू मुंडा को भी मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### पूजा सिंघल के पासपोर्ट मामले में फैसला आज

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि की मनी लाउंड्रिंग मामले में ट्रायल फेस कर रहीं आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा की ओर से पासपोर्ट रिलीज करने से जुड़ी याचिका पर अदालत अपना आदेश आज 30 जून को सुनायेगी। याचिकाकर्ता को अपनी बेटी के नामांकन के लिए अमेरिका जाना है।

### सुप्रीम कोर्ट जज ने की बाबाधाम में पूजा-अर्चना

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत कुमार रविवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर में सपरिवार बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। उनके साथ त्रिपुरा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अपरेश सिंह, झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एस नारायण मिश्रा भी मौजूद थे। इस दौरान कड़ी सुरक्षा थी।

### पीएम ने 'फिट से बनेंगे सुपरहिट' का दिया नारा

# भोजन में तेल का इस्तेमाल 10 फीसदी कम करें : मोदी

**मन की बात कार्यक्रम**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने भोजन में 10 प्रतिशत तेल घटाने का आह्वान दोहराते हुए 'फिट से सुपरहिट' बनेंगे का नारा दिया। रविवार को आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 123वीं कड़ी में उन्होंने कहा, अगर हमें अपने सामर्थ्य का विस्तार करना है तो सबसे पहले अपनी फिटनेस और वेल बीइंग पर ध्यान देना होगा। फिटनेस के लिए मोटापा घटाना आवश्यक है। श्री मोदी ने कहा खाने में 10 प्रतिशत



तेल कम करो, मोटापा घटाओ। जब आप फिट होंगे, तो जीवन में और ज्यादा सुपरहिट होंगे।

**पीढ़ियों को बचाना है पेड़ लगाना:** उन्होंने देशवासियों से पेड़ लगाने का आह्वान करते हुए कहा है कि यह आने वाली पीढ़ियों को बचाने के लिए यह जरूरी है। पर्यावरण बचाने में सब का योगदान धरती के लिए बड़ी ताकत बन रहा है।



# क्षत्रिय आयोग का गठन जल्द करे केंद्र सरकार : एमएस तंवर

आरक्षण जाति नहीं आर्थिक आधार पर हो


## समाज एकजुट रहे, तभी मजबूती होगी : एपी सिंह

### महापुरुषों के इतिहास के साथ छेड़छाड़ न हो

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि आज देश जिस माहौल से गुजर रहा है, ऐसी स्थिति में क्षत्रिय समाज की जिम्मेदारी काफी बढ़ गयी है। हमें संगठित होकर होकर देश को मजबूत बनाने में आगे आना होगा। देशहित में हमारे पूर्वजों ने जो त्याग और बलिदान दिया है, उसी भूमिका में एक बार इस समाज को आना होगा। श्री तंवर रविवार को रांची में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ता सम्मेलन बोल रहे थे। सम्मेलन में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से शीघ्र क्षत्रिय कल्याण बोर्ड का गठन करने, क्षत्रिय आयोग बनाने, क्षत्रिय महापुरुषों के इतिहास के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं करने की मांग की गयी। साथ ही समाज की एकजुटता पर जोर दिया गया, तभी संगठन मजबूत बने सकता है।

दलादली चौक स्थित फोकस रेस्टॉरेंट एवं रिसोर्ट में रविवार को आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह बिनु ने की। महासभा के प्रदेश संरक्षक कमलेश सिंह ने समाज के दूर दराज से आये सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। अपने संबोधन में श्री तंवर ने कहा कि समाज की एकता का ही नतीजा है कि केंद्र सरकार में सवर्ण वर्ग को दस प्रतिशत का आरक्षण दी। जब हम एक रहेंगे तभी सरकार भी हमारी बात सुनती है। उन्होंने कहा कि हम किसी भी राजनीतिक दल का न तो समर्थन करते हैं और न ही विरोध। उन्होंने आह्वान किया कि समाज के जो भी उम्मीदवार चुनाव में खड़े हो उसे जरूर जितायें। श्री तंवर ने संगठन के अबतक के इतिहास और कार्यों की जानकारी दी।





### बिनय सिंह बिनु बने प्रदेश अध्यक्ष

प्रदेश समिति का पुनर्गठन करते हुए सर्वसम्मति से बिनय सिंह बिनु को एक बार फिर अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पृथ्वी नाथ शाहदेव, विकास नाथ शाहदेव, सुधीर प्रसाद सिंह, अरुण सिंह, श्रीधर सिंह व राजीव रंजन सिंह चुने गये। रंजीत बहादुर सिंह, एन के सिंह, अंजनी सिंह व राणा ऋषि सिंह तथा सूरज शाहदेव को सचिव बनाया गया। राव सम्राट को प्रवक्ता के रूप में चयन किया गया। कोषाध्यक्ष मनोज सिंह को बनाया गया।

महिला विंग की प्रदेश अध्यक्षा के रूप में मनीषा सिंह, उपाध्यक्षा, रीना सिंह, सचिव सुमन सिंह, नीतू सिंह, प्रेरणा सिंह का चयन किया गया। वहीं युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में आदर्श कुमार सिंह चयन किया गया।

प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में उदित राज एवं प्रदेश महासचिव युवा मोर्चा के रूप में यश सिंह परमार का चयन किया गया। चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में डॉ आशुतोष कुमार सिंह का चयन किया गया। इसकी घोषणा महासभा के संरक्षक डॉ बिमलेश सिंह ने किया।

### समाज व संगठन मजबूत बनायें : कमलेश

महासभा के प्रदेश संरक्षक कमलेश सिंह ने सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि समाज का हर सदस्य संगठन को मजबूत करने के लिए अपना योगदान देने को तैयार है। यह हम सभी के लिए खुशी की बात है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को पूरे राज्य में मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज वह छाता है जो हर गरीब,शोषित को सुरक्षा देता है। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एपी सिंह ने कहा कि संगठन के नवनियुक्त तथा निवर्तमान पदाधिकारियों को मिलकर समाज के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि यह महासभा देश की सबसे पुरानी महासभा है। क्षत्रिय समाज शोषक नही रक्षक होता है। उन्होंने क्षत्रिय महासभा को संगठन को पूरे झारखंड में मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने समाज में किसी प्रकार की भेदभाव नहीं रखने की बात कही। उन्होंने समाज के सभी लोगों से आह्वान किया कि जनगणना में अपनी जाति के कालम में सिर्फ राजपूत लिखे और कुछ नहीं।

सम्मेलन को महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष मनीषा सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि जहां कहीं भी अन्याय हो आवाज जरूर उठायें। उन्होंने महिला शिक्षा पर जोर दिया। साथ ही आरक्षण को जाति आधार पर नहीं आर्थिक आधार पर देने की वकालत की। बिहार प्रदेश के उपाध्यक्ष दामोदर सिंह ने कहा, हर सदस्य का चरित्र अच्छा होना चाहिए, तभी समाज की छवि स्वच्छ बनेगी। युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डिम्पल राणा ने समाज के गरीब वर्ग को आरक्षण की मांग उठायी।

महिला विंग दिल्ली प्रदेश अध्यक्षा गीता सिंह चौहान ने कहा कि संगठन में ही शक्ति है। सभा को बिनय कुमार सिंह, वीके सिंह, अभिषेक सिंह, मनोज सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन ललन सिंह एवम धन्यवाद सूरजदेव सिंह ने किया। सम्मेलन में सौरभ सिंह, सिद्धार्थ सिंह, डॉ बिमलेश सिंह, राजीव सिंह, दिवाकर सिंग, मनोज सिंह, पृथ्वी नाथ शाहदेव, सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

### गजेंद्र सिंह की जमानत पर सात जुलाई को सुनवाई

**रांची।** राज्य में 38 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाले में जेल में बंद तत्कालीन संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र कुमार सिंह की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर अब 7 जुलाई को सुनवाई होगी। शनिनवार को एसीबी कोर्ट नहीं बैठने के कारण सुनवाई टल गयी। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने एसीबी से केस डायरी की मांग की थी। गजेंद्र सिंह को 20 को गिरफ्तार किया था। तब से दोनों जेल में है। दोनों ने 18 जून को जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है।

### जेल के अंदर पूर्व वार्ड पार्षद असलम व उसके भाई के साथ मारपीट

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार ,होटवार में बंद हिंदपीढ़ी के पूर्व पार्षद मो असलम व उसके भाई आसिफ हुसैन के साथ के साथ जेल के कैदियों द्वारा मारपीट की गई है। घटना शनिवार की है। दोनों को इलाज जेल परिसर स्थित अस्पताल में किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जेल में बंद हिंदपीढ़ी के सोनू इमरोज के गुर्गो ने दोनों के साथ मारपीट की है। गौरतलब है कि हिंदपीढ़ी निवासी पूर्व पार्षद मो असलम ने सीजेएम की अदालत में गुरुवार को सरेंडर किया था,जहां से उसे जेल भेजा गया था। 22 जनवरी 2025 को असलम ने अपने भाई आसिफ, दिलावर उर्फ मुन्ना, राजू तथा आठ-दस अज्ञात युवकों के साथ मिलकर अप्पू उर्फ इरशाद पर जानलेवा हमला किया था। इस संबंध में पीड़ित के पिता मो कलीम ने हिंदपीढ़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

### नशीले पदार्थों के सेवन से बचें युवा : वीरेंद्र प्रताप

**रांची।** डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर के निर्देश पर रविवार को जगरनाथपुर थाना क्षेत्र स्थित रथ मेला परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची ने स्टॉल लगाकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर एलएडीसी सहायक वीरेंद्र प्रताप, प्रीति पाल, सम्पा दास, शारदा देवी, भारती शाहदेव, ऋषभ जयसवाल एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। मेला परिसर में आने-जाने वाले लोगों को वीरेंद्र प्रताप ने नालसा व झालसा के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। साथी अभियान पर फोकस करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र में कोई भी निराश्रित बच्चे-बच्चियों हो तो डालसा रांची को सूचित करे या थाना क्षेत्र में कार्यरत पीएलवी से सम्पर्क करें।

## झामुमो ने भगवान बिरसा मुंडा एवं अन्य महापुरुषों का किया अपमान : प्रतुल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झामुमो पर बड़ा हमला करते हुये पार्टी पर भगवान बिरसा मुंडा, बाबासाहेब डॉक्टर अंबेडकर, सिद्धू-कान्हू सहित झारखंड के शहीदों और महापुरुषों का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झामुमो से जुड़े एक संगठन की बैठक में उनका नेतृत्व मंच पर बैठा था और उनके पैरों के नीचे भगवान बिरसा मुंडा सहित अन्य महापुरुषों की तस्वीर लगाई गई थी।यह बेहद शर्मसार करने वाला वाकया है। यह झामुमो की शहीदों के प्रति सोच को दिखाता है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को पूरा झारखंड भगवान के रूप में मान्यता देता है। बाबासाहेब डॉक्टर अंबेडकर संविधान के निर्माता और वंचित समुदाय के मसीहा थे। सिद्धू-कान्हू सहित अनेक महापुरुष जो झारखंड में पूजनीय है, उनकी तस्वीर को झामुमो के नेताओं ने अपने पैरों के नीचे लगा कर रखा था। झामुमो के नेता खुद मंच पर टांग चढ़ा कर बैठे थे।अपने पैरों के नीचे मंच पर इन शहीदों की तस्वीरों को रखा था। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी लालू प्रसाद के जन्मदिवस के अवसर पर उनके पैरों के पास बाबा साहब की तस्वीर को रखा गया।लालू प्रसाद ने ऐसा करने से मना भी नहीं किया था। यह इंडी गठबंधन की देश के महापुरुषों के प्रति घटिया सोच को उजागर करता है।

**अविलंब सार्वजनिक रूप से माफी मांगे झामुमो :** प्रतुल शाहदेव ने कहा कि ये तस्वीर झामुमो की शहीदों के प्रति घटिया सोच वाली मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद झामुमो के किसी भी नेता ने सार्वजनिक रूप से इसके लिये माफी नहीं मांगी है। इन्हें इस कुकृत्य का कोई अफसोस नहीं है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा सहित तमाम महापुरुषों का अपमान झारखंड बिल्कुल नहीं सहेगा। झामुमो को तुरंत माफी मांगनी चाहिये।

### खबर एक नजर में

### झामुमो के चतरा जिला अध्यक्ष बने निलेश ग्यासेन

**रांची।** झामुमो ने निलेश ग्यासेन को चतरा जिला का अध्यक्ष, अमरदीप प्रसाद, असलम अंसारी, पूरण राम को उपाध्यक्ष, चन्द्रदेव साहु को सचिव तथा नितेश कुमार राणा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। झामुमो के झारखंड प्रदेश महासचिव विनोद पांडेय ने कार्यालय आदेश जारी कर कहा है कि सभी पंचायत समितियों, वार्ड समितियों, प्रखंड समितियों तथा नगर समिति के गठन के बाद चतरा जिला समिति का गठन किया गया। श्री पांडेय ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिले में आनेवाले केन्द्रीय समिति के पदाधिकारियों एवं केन्द्रीय सदस्यों के साथ बैठक कर 15 दिनों के अंदर जिला समिति के विस्तार के लिए पदाधिकारियों के नामों की अनुसंशा करें। ताकि जिला सूमिति के पर्ण गठन की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

### हमें महापुरुषों का सम्मान करना भाजपा से सीखने की जरूरत नहीं : विनोद कुमार पांडेय

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा की ओर से लगाए गए आरोपों को एक सिरे से खारिज किया है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा है कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक संवेदनशील विषय को लेकर भाजपा सस्ती राजनीति कर रही है और शहीदों एवं महापुरुषों के नाम पर झूठा और भ्रामक प्रचार कर रही है। हमें महापुरुषों का सम्मान करना कम से कम भाजपा से सीखने की जरूरत नहीं है। कोलियरी मजदूर यूनियन के महाधिवेशन में किसी भी महापुरुष का किसी भी प्रकार से अपमान नहीं किया गया। भगवान बिरसा मुंडा, बाबासाहेब अंबेडकर, सिद्धू-कान्हू सहित तमाम महापुरुषों की तस्वीरों को श्रद्धा के साथ मंच पर प्रदर्शित किया गया था। यह तस्वीरें मंच की शोभा थीं और इन्हें सम्मानपूर्वक लगाया गया था। भाजपा नेताओं द्वारा फैलाया गया यह आरोप न केवल झूठा है, बल्कि झारखंड की जनता को गुमराह करने की एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। झामुमो इन महापुरुषों की विचारधारा पर चलता है और उनके बलिदानों को अपना मार्गदर्शक मानता है। हमारा पूरा संघर्ष ही उनके सिद्धांतों पर आधारित है। हम भाजपा से पूछना चाहते हैं कि आदिवासी अधिकारों को कुचलने वाले उनके नीति-निमार्ता किस मुंह से भगवान बिरसा मुंडा और बाबासाहेब का नाम लेते हैं? असल अपमान तो तब होता है जब संविधान और सामाजिक न्याय की भावना को बार-बार कुचला जाता है। हम भाजपा से आग्रह करते हैं कि वे झूठ फैलाने से पहले तथ्यों की जांच कर लें। झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने शहीदों और महापुरुषों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है और रहेगा।

### कोलकाता रेप कांड में सीजेआई लें स्वत: संज्ञान : सुधीर श्रीवास्तव

**रांची।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को पत्र लिखकर मांग किया है कि कोलकाता रेप कांड में स्वतः संज्ञान लेकर पूरे देश भर में पढ़ रही लॉ की छात्राओं के सुरक्षा के लिये एक विस्तृत दिशा निर्देश दें। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह को भी पत्र लिखा है और मांग किया है कि कोलकाता लॉ कॉलेज की छात्रा के साथ रेप के आरोपियों का स्पीडी ट्रायल 30 दिन के अंदर हो। ताकि दूसरों के लिये यह केस एक नाजीर बन जाये। साथ ही, झारखंड के सभी वैसे कॉलेज जहां लॉ की पढ़ाई होती है।उनके निदेशकों को निर्देशित किया जाये कि कॉलेज में चप्पे चप्पे पर सीसीटीवी लगाया जाये। उन्होंने सभी लॉ छात्रा से भी आग्रह किया हैं कि वे शक्ति एप डाउनलोड करें और इमरजेंसी में तुरंत हेल्प का बटन दबाये। साथ ही, अपने-अपने कॉलेज के प्रिंसिपल, वीसी, एडायरेक्टर से अपने सुरक्षा की मांग करें। उन्होंने कहा कि देश में जब कानून पढ़ने वाले छात्र.छात्रा ही सुरक्षित नहीं है तो देश में कानून का राज कैसे स्थापित होगा।

### राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था 18 वीं सदी की : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ये 18वीं सदी नहीं है, पर झारखंड के गांवों में हालात अभी भी वही हैं। सिमडेगा ज़िले के चुंदियारी गांव में एक बुजुर्ग महिला गंगो देवी के कमर में गंभीर चोट आई। लेकिन, गांव में न सड़क थी, न स्वास्थ्य सुविधा, न एम्बुलेंस पहुंची। मजबूर परिजन खाट पर लादकर तीन किलोमीटर पैदल चले। उन्होंने कहा कि शर्म की बात ये है कि ये सब उस राज्य में हो रहा है, जहां हेमंत सरकार ने इस साल बजट में स्वास्थ्य पर 3497 करोड़ और सड़कों व पुलों के लिये 5300 करोड़ खर्च करने की घोषणा की थी। पिछले साल यही राशि 7223 करोड़ और 6389 करोड़ थी। इतना पैसा गया कहां। इसका जवाब तो हम सबको पता है। उन्होंने कहा कि जब भ्रष्टाचार करने की बात आती है, तो हेमंत सरकार सुरसा से भी बड़ा मुंह खोल लेती है। लेकिन, जब व्यवस्था को लेकर सवाल किया जाये तो मुख्यमंत्री और मंत्री गूंगे बहरे बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन, राजनीति से इतर इतनी संवेदनशीलता तो दिखाइये, कम से कम ये सुनिश्चित कीजिये कि आज के बाद किसी झारखंड वासी को खाट पर लादकर इलाज के लिये न जाना पड़े।

## भारी बारिश के रेड अलर्ट पर सतर्क रहें अधिकारी : मंत्री इरफान अंसारी

राज्य की जनता की सुरक्षा ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है

### आपदा की घड़ी में अलर्ट मोड में पूरी सरकार, मंत्री ने दिए जमीनी कार्रवाई के निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में मूसलधार बारिश के खतरे को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी ज़िलों को अलर्ट पर रखा है। आपदा प्रबंधन मंत्री ने रविवार को राज्य के सभी उपायुक्तों, आपदा प्रबंधन अधिकारियों और जिला प्रशासन को 24 घंटे सतर्क रहने का सख्त निर्देश दिया है। मंत्री ने रेड अलर्ट वाले ज़िलों में स्कूलों को बंद करने की अनुशंसा की है। साथ ही, जलभराव, स्वास्थ्य संकट, बिजली दुर्घटनाओं जैसी संभावित समस्याओं से निपटने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किया। अंसारी ने कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। हर नुकसान का त्वरित आकलन कर रिपोर्ट विभाग को भेजी जाए और मुआवजा वितरण में कोई देरी न हो। मंत्री ने कहा कि वह खुद पूरे राज्य की स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। आपदा प्रबंधन विभाग का हर अधिकारी, हर कर्मचारी सक्रिय है। कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बताते चलें कि इससे पहले 19 जून को भी भारी बारिश को लेकर राज्यव्यापी एडवाइजरी जारी की गई थी, जिसमें क्या करें या क्या न करें के निर्देश दिए गए थे। मंत्री ने अब एक बार फिर हालत को भांपते हुए राहत कार्यों को तेज करने और मुआवजा वितरण में तेजी लाने के आदेश दिए हैं।

मंत्री ने कहा कि प्रभावित ज़िलों में राहत सामग्री की आपूर्ति और वितरण पहले से जारी है। स्थानीय प्रशासन को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कोई भी पीड़ित परिवार सहायता से वंचित न रह जाये। अंसारी ने जनता से संयम, सतर्कता और सरकार पर विश्वास बनाये रखने की अपील की है। उन्होंने दोहराया कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, आपदा प्रबंधन विभाग पूरी तरह सक्रिय रहेगा।

## बाबूलाल जी, आइना देखने की हिम्मत हो तो जरा इतिहास भी देखिये : डॉ इरफान अंसारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने नेता प्रतिपक्ष पर जमकर हमला बोला है। डॉ अंसारी ने कहा है कि @बाबूलाल जी, आइना देखने की हिम्मत हो तो जरा इतिहास भी देखिये। 20 साल तक आप और आपकी पार्टी झारखंड की सत्ता में रहे-लेकिन क्या दिया इस राज्य को? न सड़क, न स्वास्थ्य, न सम्मान। आपके शासनकाल ने झारखंड की जड़ों को खोखला किया और आज जब हेमंत सोरेन सरकार व्यवस्था में बदलाव ला रही है, तो आपको तकलीफ हो रही है?



**चुंदियारी गांव की बात कर रहे हैं? :** चुंदियारी गांव की बात कर रहे हैं? तो आपके पास जानकारी अधूरी है या जानबूझकर नजरअंदाज कर रहे हैं? वह इलाका पहाड़ी और दुर्गम है, जहां एम्बुलेंस नहीं जा सकती। इसीलिए मैंने बाइक एम्बुलेंस योजना शुरू की है, ताकि ऐसे इलाकों में भी इलाज की सुविधा मिले। व्यवस्था बदल रही है, फर्क जमीन पर दिख रहा है।

**..और बजट की बात करते हैं? :** आप बताइए, जब आप सत्ता में थे, तब स्वास्थ्य और सड़क के लिए कितनी ईमानदारी से काम किया? बड़े-बड़े घोटालों और बंद पड़ी स्वास्थ्य योजनाओं की लिस्ट बहुत लंबी है बाबूलाल जी! और जब भ्रष्टाचार की बात करते हैं तो आप और आपकी पार्टी खुद सबसे पहले खड़े दिखते हैं।

बाबूलाल जी राजनीति के नाम पर सिर्फ आलोचना करना आसान है। हम जैसे लोग दिन-रात फील्ड में रहकर व्यवस्था सुधार रहे हैं। आपके भाषणों से नहीं, हमारी मेहनत से झारखंड बदलेगा। आप चाहें तो सड़कों पर उतरिए, किसी पीएचसी में जाइए-आपको बदलाव दिखेगा।

## राज्य के सभी 5 मेडिकल कॉलेजों में गढ़े जायेंगे 500 एमबीबीएस डॉक्टर

### नेशनल मेडिकल कमीशन ने दी कॉलेज के प्राचार्यों को दाखिले की अनुमति

#### सभी कॉलेजों में लिए जायेंगे 100-100 सीटों पर दाखिला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के सभी पांच सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई का सपना देख रहे छात्रों के लिए खुशखबरी है। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने सत्र 2025-26 के लिए इन सभी 5 कॉलेजों में 100-100 सीटों पर दाखिले की अनुमति दे दी है। यह जानकारी झारखंड के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह और सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र भेज दी है। नेशनल मेडिकल कमीशन की अनुमति क बाद अब, राज्य के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 100-100 सीटों पर दाखिले लिये जायेंगे।



**इन कॉलेजों को मिली दाखिले की मंजूरी :** राज्य के सभी 5 मेडिकल कॉलेजों में फूलो झानो मेडिकल कॉलेज, दुमका, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज, धनबाद, एमजीएम मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर शामिल है। कमीशन ने पांचों कॉलेजों में 100 सीटों पर दाखिले की अनुमति तो दी है, लेकिन उसमें शर्त लगा दी गयी है। एनएमसी ने कहा है कि मेडिकल कॉलेजों में जो भी कमियां पाई गई हैं, उसे चार माह में पूरा करना होगा।

#### सशर्त दी गई है अनुमति

एनएमसी ने स्पष्ट किया है कि यह मंजूरी अस्थायी और सशर्त है। सभी कॉलेजों को अगले 4 महीनों के भीतर अपनी खामियों और संसाधनों की कमी को दूर करना होगा। इसके अलावा, अगले सत्र के लिए फिर से मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड (एमएआरबी) से अनुमति लेनी होगी।

#### दुमका में महज 41 फैकल्टी

एनएमसी के आंकड़े बताते हैं कि फैकल्टी की संख्या के अनुसार सबसे कमजोर स्थिति दुमका की है, जहां सिर्फ 41 फैकल्टी सदस्य हैं। वहीं, पलामू में 71, हजारीबाग में 78, जमशेदपुर में 133 एवं धनबाद में 141 फैकल्टी कार्यरत हैं। इसमें प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, एसिस्टेंट प्रोफेसर, ट्यूटर व सीनियर रेजीडेंट भी शामिल हैं। प्रोफेसर की बात करें तो जमशेदपुर व धनबाद में 09-09, हजारीबाग में 07, दुमका में 06 एवं पलामू में महज 04 प्रोफेसर कार्यरत हैं।

2019 में मिली थी पहली बार अनुमति

बताते चलें कि 2019 में दुमका, पलामू और हजारीबाग मेडिकल कॉलेजों को पहली बार 100 सीटों की मंजूरी मिली थी, लेकिन 2020 में संसाधनों की कमी के कारण दाखिले रोक दिए गए थे। अब एक बार फिर छात्रों को उम्मीद की किरण दिखी है, लेकिन सुधार की शर्त के साथ।

## राज्य के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में बहाल होंगे 44750 शिक्षक

### स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की घोषणा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा है कि राज्य के स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर की जायेगी। इसके लिए जल्द प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में 44750 शिक्षक बहाल होंगे। इससे इतर 26 सहायक आचार्यों की बहाली प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसका काउंसिलिंग कार्य चल रहा है। जनजातीय भाषा में भी 10 हजार शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि सरकार बेहतर शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर है और कार्य भी कर रही है।

#### इंटर कॉलेजों के छात्र-छात्राएं प्लस टू स्कूलों में होंगे समायोजित

मंत्री ने कहा कि केंद्र की गलत नीतियों के कारण राज्य में इंटर के छात्रों के भविष्य पर तलवार लटक रहा है। लेकिन, सरकार छात्र-छात्राओं के भविष्य से साथ खिलवाड़ करने नहीं देगी। राज्य के 168 इंटर कॉलेजों के लगभग दो लाख छात्र-छात्राओं को प्लस टू स्कूलों में समायोजित किया जायेगा। इसे लेकर सभी प्लस टू स्कूलों में डीएमएफटी फंड से चार-चार कमरों वाले भवन का निर्माण किया जायेगा। वहीं, इन स्कूलों में पढ़ाई को लेकर शिक्षकों की भी व्यवस्था की जायेगी।

**पूरे राज्य में सबसे बेहतर लाइब्रेरी का होगा निर्माण :** मंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में देश की सबसे बेहतर लाइब्रेरी का निर्माण जिला से अनुमंडल स्तर तक किया जायेगा। इसे लेकर आर्किटेक्ट से नक्शा बनवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 साल में 4885 दिन राज्य में भाजपा की सरकार रही। हमारी सरकार भी लगभग छह साल रही, पर दो साल कोरोना में गया और एक साल ईडी की जांच में। शेष तीन साल में हमनें दर्जनों योजनाएं धरातल पर उतारी, जिसका लाभ जनता को मिल रहा है।

# लगातार बारिश से स्वणरिखा और खरकाई नदी में उफान

■ नदी के तटीय और निम्न इलाकों में रहने वाले लोगों को जिला प्रशासन ने किया सतर्क
■ नदी किनारे नहीं जाएं, जानमाल की सुरक्षा सर्वोपरि : उपायुक्त









यूसील कालोनी में गुर्रा नदी का पानी घुसने के बाद की स्थिति।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने स्वर्णरेखा व खरकई नदी के तटीय इलाकों में जानमाल की सुरक्षा को देखते हुए नागरिकों से सजग एवं सतर्क रहने की अपील की जाती है।

डीसी कर्ण सत्यार्थी ने जिले के खरखई एवं स्वर्णरेखा नदी के किनारे तथा अन्य निम्न इलाकों में निवास करने वाले नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। नदी का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि भारी बारिश के दौरान सुरक्षित ऊंचे स्थानों में शरण लें, नागरिकों की सुरक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। अनुमंडल पदाधिकारी समेत सभी नगरीय निकाय पदाधिकारी, बीडीओ एवं सीओ क्षेत्र भ्रमण कर स्थिति पर लगातार नजर बनाये हुए है। सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की जाती है ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि को रोका जा सके।

आपात स्थिति में किसी सूचना या सहायता के लिए कंट्रोल रूम में 0657-2444233 पर जरूर सम्पर्क करें।

### यूसिल कॉलोनी के 25 घरों में घुसा पानी, कर्मियों ने संभाली कमान

**जादूगोड़ा।** बीती रात से लगातार बारिश के बाद गुरा नदी का जलस्तर बढ़ने व गालूडीह बराज का फाटक बंद कर देने से भारत सरकार की संस्थान यूसिल की जादूगोड़ा यूरेनियम प्रोजेक्ट की आवासीय क्वाटर में तीसरी बार बी व सी टाइप की कुल 25 क्वार्टरों के घरों दो फिट पानी घुस गया। इधर जलस्तर लगातार बढ़ने से यूसिल कर्मियों में अफरा ऋ तफरी मच गई है व कंपनी कर्मी ऊपर तला पहुंच कर अपनी जान ऋ माल की रक्षा की। बाढ़ में फंसे लोगों की मदद हेतु यूसिल द्वारा हाथ खड़ा कर देने से यूसिल के पूर्व मजदूर नेता राजकुमार भक्त ने नाराजगी जताई तथा कहा कि पहले कलोनी में बाढ़ से पूर्व बड़े ऋ बड़े ट्रक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में खड़े रहते है व कंपनी की ओर से रेस्क्यू टीम बाढ़ में फंसे लोगों की मदद हेतु तैनात की जाती थी।इस बार स्थिति उलट है।पीड़ित परिवार खुद अपने समान को इधर ऋ से उधर शिफ्ट कर रहे है । कई परिवारों का सामान घर पर ही डूब गया लाखों रुपया का सामान नष्ट हो गया।

**15 सालों तक डुबाव क्षेत्र में क्वाटर आवंटन पर रोक थी, दोबारा चालू की गई :** यूसिल आवासीय कलोनी की बी टाइप क्वटर में 30 साल पहले भी दो बार बाढ़ की स्थिति बनी थी। जिसके बाद तत्कालीन यूसिल के अध्यक्ष सह प्रबंध निर्देशक जे एल भसीन ने गुरा नदी से सटे व निचले इलाके में बड़े कंपनी क्वटर आवंटन पर रोक लगा दी गई थी। बाद में राजस्व वसूली को लेकर कंपनी प्रबंधन को और से इस डुबाव क्षेत्र में दोबारा कंपनी कर्मियों को मकान आवंटित कर दी गई।जिससे लोगों की बाढ़ की विभिषिका से जूझना पड़ा।

## स्पीड न्यूज

### लाको बोदरा की 39वीं पुण्यतिथि पर शोकसभा

**जमशेदपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 29 जून, 2025 को महान भाषाविद्, हो भाषा की 'वारांग क्षिति' लिपि के जनक एवं समाज सुधारक ओत गुरु कोल लाको बोदरा जी की 39वीं पुण्यतिथि के अवसर पर हो समाज भवन, गोलमुरी, जमशेदपुर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लाको बोदरा जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और श्रद्धासुमन अर्पित करके की गई। मौके पर समाज के गणमान्य समाजसेवी, युवाओं और महिलाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

### कार्यकर्ताओं ने गुरुजी के लिए की पूजा-अर्चना

**जमशेदपुर।** आज रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजक मंडली के द्वारा झारखंड राज्य के जनक और राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन जो पिछले कई दिनों से अस्वस्थ है और दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती है आज उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए साकची स्थित पुराना कोर्ट 'कचहरी बाबा शिव मंदिर' के प्रांगण में विधिवत पूजा अर्चना किया गया।

### संघ ने किया पुलिस केंद्र में पौधरोपण

**जमशेदपुर।** रविवार को सेवानिवृत्त पुलिस पदाधिकारी संघ के द्वारा पुलिस केंद्र जमशेदपुर में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया जिसमें सभी सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक उपस्थित हुए। सांख्यिकीय द्वारा यह निर्णय लिया गया कि संघ के सभी सदस्य अत्यधिक सामाजिक कार्यों में अपनी भूमिका निभाएंगे साथ ही समाज मे वैसे गरीब बच्चों के पठन पाठन की सामग्री को भी उपलब्ध कराएंगे जिन्हे स्कुल कलेज मे पठन पाठन के बगैर पढ़ाई रुकी हुई हैं।

### तुलसी जयंती समारोह में भाषण प्रतियोगिता

**जमशेदपुर।** तुलसी भवन द्वारा आयोजित तुलसी जयंती समारोह के अन्तर्गत कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों के लिए विषय संप्रेषण (भाषण) प्रतियोगिता संपन्न हुआ। जिसमें नगर के 23 विद्यालयों के कुल 86 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के आरंभ में संस्थान के मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए पुरे कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में सर्वश्री डा यमुना तिवारी व्यथित, डा अरुण सज्जन, विजयालक्ष्मी 'वेदुला', डा उदय प्रताप हयात, दिव्येन्दु त्रिपाठी, अनिता निधि, नीलिमा पाण्डेय, ड वीणा पाण्डेय 'भारती', कैलाश नाथ शर्मा 'गाजीपुरी' व राजेंद्र राज रहे।

### यूजीसी में मैथिली के नोडल ऑफिसर बने डॉ अशोक झा

**जमशेदपुर।** डा अशोक झा (अविचल) को कोल्हान विश्वविद्यालय के प्रवक्ता सह मिडिया सेल कोडीनेटर के साथ यूजीसी मे मैथिली भाषा के नोडल ऑफिसर जैसे प्रतिष्ठित एवम महत्वपूर्ण पद पर पदस्थापित किया गया है। इस बिशेष उपलब्धि के लिए कोल्हान मिथिला समाज के तत्वाधान मे समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों के द्वारा उन्हें सम्मानित करते हुए समाज को गौरव का अनुभुति हो रहा है। इस अवसर पर सर्वश्री पं.विपिन झा, आकाश चंद्र मिश्र, पंकज राय, अनिल झा, रंजीत झा, शिव चंद्र झा, शिव कुमार झा (टिल्लु), अमर झा, चंदन झा, गोपालजी चौधरी थे।

# लगातार बारिश से डिमना डैम खतरे के निशान से ऊपर जमा हुआ पानी, चार फाटक खोले गये

■ नाले में उफान से किनारे बने घरों की बाउंड्री हिले





डिमना डैम के खुले फाटक से बहता पानी और नाले के किनारे बने मकानों के बगल से गुजरता तेज पानी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर को पेयजल आपूर्ति का सबसे बड़ा श्रोत डिमना लेक में 529 मीटर से ज्यादा पानी जमा हो गया। लगतार बारिश के चलते इस सिजन में पहली बार डैम भरा है, और डैम पर बढ़ते दबाव को देखते हुए टाटा स्टील यूआइएसएल प्रबंधन ने डैम के चार फाटक खोल दिए। शाम सात बजे फाटक खोला गया तो इसके नाले में उफान आ गया।

डिमना डैम का फाटक खुलते ही जिस तरह नाले में बने मकानों की दीवारों से पानी टकरा रहा है, वह केवल एक प्रातिक घटना नहीं, बल्कि एक गंभीर चेतावनी है। पानी की सीधी मार इन घरों की असुरक्षित स्थिति को उजागर करती है। अगर ये मकान धसते हैं, तो सरकार पर दोषारोपण होना तय है लेकिन असली सवाल यह है कि जिम्मेदारी किसकी है?

डिमना नाले की जमीन पर वर्षों पहले बनाए जा रहे कुछ मकानों को मानगो नोटिफाई एरिया कमेटी द्वारा सील भी किया गया था। इसके बावजूद, निर्माण कार्य जारी रहा और आज ये मकान न केवल नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बन चुके हैं, बल्कि विकास कार्यों में भी बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

फिलहाल, डिमना नाले में एक पुल निर्माण कार्य जारी है, लेकिन सामने बने इन अवैध घरों के कारण निर्माण अधर में लटका हुआ है। यह स्थिति साफ तौर पर दर्शाती है कि अवैध निर्माण किस तरह न केवल मानव जीवन के लिए खतरा बनते हैं, बल्कि जरूरी बुनियादी ढांचे के विकास में भी बाधा बनते हैं। यह जानकारी बालिगुमा सुखना बस्ती की ओर से साझा की गई है, जहां के स्थानीय निवासी लगातार इस समस्या को प्रशासन के समक्ष उठाते आ रहे हैं। बस्ती के लोगों का कहनरा है कि प्रशासन को चाहिए कि समय रहते ऐसे संवेदनशील इलाकों में बने अवैध या असुरक्षित घरों की स्पष्ट पहचान कर कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि किसी अनहोनी से पहले ही जन-जीवन और विकास दोनों को सुरक्षित किया जा सके।

### रात भर लगातार वर्षा से पोटका में स्कूल-घरों में पानी, कई पुलिया बहे

**पोटका।** पोटका प्रखंड क्षेत्र में लगातार बारिश से पूरे क्षेत्र में त्राहिमाम का माहौल है। गुर्रा नदी पूरे उफान पर है। जिस कारण कहीं घरों में पानी घुस गया है तो कही मुख्य सड़कों पर पुलिया के बह जाने की भी सूचना है। जिससे गांव से मुख्य सड़क पर आने का संपर्क बिल्कुल ही टूट गया है। यहां तक कि स्कूल के हस्टल में पानी भर जाने के कारण सैकड़ों बच्चे विद्यालय के छत पर फंस गए थे। जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। है। पोटका के हल्दीपोखर कवाली मुख्य मार्ग पर पंडर सोली स्थित लव कुश आवासीय विद्यालय के हस्टल में पानी भर गया।

## एक नजर में

### रथ यात्रा रोकना असामाजिक तत्वों का हिंदुओं पर हमला है : सुशील सिंह भूमिज



**जादूगोड़ा।** बीते 27 जून को कदमा रथ समिति द्वारा निकली गई प्रभु जगन्नाथ , सुभद्रा व वलभद्र की रथ यात्रा की हाड़ तोपा में रोके जाने को लेकर आज रविवार को हितकु हनुमान मंदिर चौक में बैठक हुई।इधर बैठक की अध्यक्षता पूर्व पंचायत सचिव सुशील सिंह भूमिज ने किया। बैठक में रथ रोके जाने को असामाजिक तत्वों की करतूत बताया वही हिंदुओं पर सीधा हमला की संज्ञा दी। बैठक में निर्णय लिया गया कि दोबारा घंटना की पुनरावृति न हो जिसको लेकर जिले के उपायुक्त व सीनियर एस पी से एक प्रतिनिधिमंडल मुलाकात कर दोषियों पर कारवाई की मांग करेगा। इस मौके पर कदमा रथ कमिटी के सक्रिय सदस्य सुशील सिंह भूमिज ने कहा कि अगले बार यह रथ यात्रा मुर्गा घुटू तक निकाली जायेगी। इस बैठक में 10 गांव के ग्रामीणों ने हिस्सा किया।

### बन्ना गुप्ता मध्यप्रदेश के छतरपुर में कांग्रेसियों को कर रहे हैं संगठित, दे रहे आवश्यक टिप्स

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से मध्यप्रदेश के छतरपुर जिला में 'संगठन सृजन अभियान' के अंतर्गत पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त पूर्व मंत्री झारखण्ड सरकार श्री बन्ना गुप्ता ने छतरपुर परिसदन में जिला के व्यापारी संघ, रजक समाज,यादव समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना और वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा किया। इस के साथ ही छतरपुर विधानसभा के रामनगर एवं पड़रिया में मंडलम स्तरीय बैठक कर संगठन की मजबूती, पार्टी को मजबूत बनाने,नए सदस्यों को जोड़ने,पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने आदि विषयों पर चर्चा की।

## जमशेदपुर मैनेजमेंट एसोसिएशन की 26वीं वार्षिक आम सभा संपन्न

■ जेएमए को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सभी हितधारकों को ध्यान देने पर जोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर मैनेजमेंट एसोसिएशन (जेएमए) की 26वीं वार्षिक आम सभा (एजीएम) शनिवार, 28 जून 2025 को सेंटर फॉर एक्सीलेंस, जमशेदपुर में आयोजित की गयी।

अमिताभ भट्टाचार्य (मानद सचिव) ने वित्त वर्ष 2024-25 की प्रमुख उपलब्धियों और गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शन रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके उपरांत, श्री विवेक बांका (मानद कोषाध्यक्ष) ने संगठन की वित्तीय स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

सदस्यों ने जेएमए की उपलब्धियों, विशेष रूप से वित्त वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय एआईएमए अवार्ड्स में प्राप्त मान्यता और पिछले पांच वर्षों में एसोसिएशन की निरंतर प्रगति की सराहना की। वित्त वर्ष 2024-25 के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।


सदस्यों ने निवर्तमान कार्यकारिणी सदस्यों चाणक्य चौधरी, विवेक बांका, बेली बोधनवाला और रवि राधाकृष्णन के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। संगठन की प्रगति और प्रतिष्ठा को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाने में उनके अमूल्य योगदान और मार्गदर्शन को विशेष रूप से सराहा गया।

कार्यकारिणी समिति का पुनर्गठन किया गया, जिसके तहत चैतन्य भानु (वीपी - ऑपरेशंस, टाटा स्टील, जमशेदपुर) को मानद अध्यक्ष, श्री सुरेन्द्र गोयनका (हेड - फाइनेंस एंड अकाउंट्स, टाटा स्टील) को मानद कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया। साथ ही, अजितेश मोंगा (हेड, प्लांट ऑपरेशंस, जमशेदपुर, टाटा कमिंस) और गौरव मारवाह (डायरेक्टर, वेलर वायर प्राइवेट लिमिटेड) को समिति में नए सदस्य के रूप में शामिल किया गया।

अपने संबोधन में मानद अध्यक्ष चैतन्य भानु ने जेएमए द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और संगठन की अब तक की प्रगति की प्रशंसा की। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि जेएमए को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सभी हितधारकों के बीच और अधिक गहन सहयोग और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है।

### जनसमस्या सुन दौरा करने निकले आनंद

**जमशेदपुर।** परसुडीह मण्डल कांग्रेस कमिटी के अन्तर्गत सलगाझरी में संगठन सृजन बैठक का आयोजन कांग्रेस नेता मोहन सरदार के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, विशिष्ट अतिथि प्रखण्ड अध्यक्ष आशीष ठाकुर, मण्डल पर्यवेक्षक सुरज मुण्डा, परसुडीह मण्डल अध्यक्ष नारायण डे शामिल हुए। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी नये तेवर में कार्य कर रही है। संगठन सृजन के तहत मण्डल स्तर, पंचायत स्तर पर कमिटी का गठन कार्य पूर्ण करना है। इसके तहत नये लोगों को कांग्रेस विचारधारा के साथ जोड़ना है। कमिटी को सशक्त बनाना है। कमिटी के माध्यम से जनहित के समस्याओं को संकलित कर समाधान करने का कार्य करना है। यहाँ भी आम जनता से अपील है कि जनहित में समस्याओं को बताए जिला कांग्रेस आप का आवाज बन कर संबंधित विभाग के पदाधिकारीगण से मिलकर मांग पत्र सौंपा जायेगा। जिस पर लोगों ने समस्याओं को बताया।




# टाटा मोटर्स में 126 यूनिट, गायत्री परिवार में 174 व सिम्स हॉस्पिटल के शिविर में 36 यूनिट रक्तदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रविवार को विभिन्न संगठनों की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। तीन संगठनों के रक्तदान शिविर में कुल 336 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

### टाटा मोटर्स ट्रांसमिशन के रक्तदान शिविर में 126 यूनिट रक्त संग्रह

रविवार को टाटा मोटर्स ट्रांसमिशन डिपार्टमेंट की ओर से कंपनी परिसर स्थित ब्लड डोनेशन सेंटर में रक्तदान शिविर आयोजित की गई। इस शिविर में कुल 126 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ।

रक्तदान शिविर में टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, महामंत्री आरके सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा, ट्रांसमिशन डिपार्टमेंट के जीएम सुभाशीष दास , डीजीएम सुनील जायसवाल, डीजीएम इंद्रनील बासु , प्रभात साहू , वरीय प्रबंधक वीबी सिंह, यूनियन के उपाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, सहायक सचिव दीपक दास , संतोष कुमार, बीके महतो , वरुण कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार, नवीन सुलंकी , सुरेश शर्मा तथा आरके सिंह फैंस क्लब के महामंत्री अजय सिंह बाबू आदि मौजूद थे।

रक्तदान शिविर में उपस्थित होकर अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, महामंत्री आरके सिंह समेत प्रबंधन के वरीय अधिकारियों ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया।




हौसला बढ़ाते यूनियन महासचिव आरके सिंह और शशिभूषण प्रसाद।

### गायत्री परिवार के 60 वें शिविर में 174 यूनिट रक्तदान

**जमशेदपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार 'नवयुगदल युवा प्रकोष्ठ एवं प्रज्ञा महिला मंडल टाटानगर' के तत्वाधान में आज का रक्तदान बिस्टुपुर ब्लड बैंक में विश्व कल्याण की कामना करता हुआ प्रातः 7 बजे से हवन यज्ञ के साथ प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि 'श्रीमान अजय पांडे (वरिष्ठ वित्त पदाधिकारी न्यूवोको विष्ठा कंपनी)एवं उपस्थित विशिष्ट अतिथियों संतोष संगम (उप जोन प्रभारी), मुकेश अग्रवाल, (बींतजमक । आर के सिन्हा जी, शंभु नाथ दुबे' के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जहां उपस्थित अतिथियों ने रक्तदान शिविर की सराहना करते हुए इस पुनीत कार्य के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रकट किय।

## स्पीड न्यूज

### छापेमारी कर महुआ शराब भट्ठी ध्वस्त



पाटन पलामू। पाटन पुलिस ने अवैध महुआ शराब बनाने वालों पर कार्रवाई करते हुए पाटन थाना के किसैनी में शराब भट्टी को ध्वस्त किया है। थाना प्रभारी शशी शेखर पांडेय ने बताया कि अवैध महुआ शराब बनाने एवं बेचने वालों पर पुलिस कठोर कार्रवाई कर रही है। कहा कि अवैध महुआ शराब सेवन कर लोग गलत काम करते हैं। कई घटनाएं घट रही है। समाज दूषित होता जा रहा है। पुलिस इन सभी को देख अवैध महुआ शराब अड्डे को ध्वस्त कर रही है। पुलिस गश्ती व छापेमारी से शराब बिक्रेता व असामाजिक तत्वों के लोगों में भय व्याप्त है।

### अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का सैद्धांतिक चुनाव संपन्न



मेदिनीनगर। पलामू क्लब में अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का सैद्धांतिक चुनाव हुआ। जिसमें चुनाव पदाधिकारी धर्मेंद्र सिंह, प्रदेश महामंत्री बिहार के साथ संजीत सिंह प्रदेश कोषाध्यक्ष, ओम प्रकाश चंद्रवंशी, मंटू चंद्रवंशी युवा प्रदेश महामंत्री, विश्वकर्मा चंद्रवंशी बूथ संख्या 06 पर प्रदेश अध्यक्ष, युवा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए चुनाव किया गया। प्रदेश अध्यक्ष के लिए दिलीप वर्मा, रंजन सिंह, किशोर वर्मा तथा युवा प्रदेश अध्यक्ष झारखंड के लिए शक्ति रवानी, आकाश रवानी के लिए वोटिंग जारी है। इसमें डालटनगंज से मुकेश चंद्रवंशी, संजय किशोर सिंह, शैलेश चंद्रवंशी, सतीश चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, शंभु राम चंद्रवंशी, कृष्ण चंद्रवंशी, अमित चंदेल का पूरा सहयोग किये।

### सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक



मेदिनीनगर। कचहरी परिसर में सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक हुई, जिसमें पारा शिक्षकों में हेमंत सरकार के खिलाफ काफी रोष है। सहायक अध्यापकों की सरकार से पूर्व के दिनों में वार्ता हुई थी जो अब राज्य की अबुआ सरकार वादाखिलाफी कर चुकी है। 28 अगस्त 2024 को बढ़ा हुआ मानदेय 1000 के रूप में नहीं मिला है। अनुकंपा लाभ दूर है। रोज पारा शिक्षकों की मृत्यु हो रही है। आज पारा शिक्षक विवश होकर एक बार फिर आंदोलन का मन बना चुके हैं। पूरे झारखंड में आंदोलन हेतु बैठक हो रहा है। जानकारी देते हुए सहायक अध्यापक विनीत दुबे ने कहा कि हेमंत सरकार सहायक अध्यापकों के खिलाफ सौतेला व्यवहार कर रही है इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बैठक में विनोद तिवारी, अनुज दुबे, चितरंजन गुप्ता, अभिषेक शर्मा, विजय यादव, अमलेश चौरसिया, रमेश पाल, सुरेंद्र सिंह, सुनील विश्वकर्मा समेत सैकड़ों अध्यापक उपस्थित थे।

### नौशाद खान बने कमेटी के खलीफा



हुसैनाबाद पलामू। देवरी कला पंचायत के हार्वे नगर स्थित मदरसा परिसर में मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता देवरी सीरत कमेटी के सदर अफरोज खान ने की, संचालन मास्टर हफिज खान ने किया। बैठक में मुहर्रम को शांतिपूर्वक और आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही देवरी कला मुहर्रम इंतजामिया कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें सर्वसम्मति से मो नौशाद खान को खलीफा और मो मजरूल इस्लाम को नायब खलीफा, संरक्षक अफरोज, हफीज खान, शेख इरफान अहमद, इकरामुद्दीन अंसारी, शकील खान बने। मो मजहर, शमशेर खान, शेख मोहसिन, मुजीब अंसारी, सैयद सन्नी अहमद को सदस्य बनाया गया। मौके पर नवनियनित खलीफा मो नौशाद खान ने कहा कि सरकार के गाइड लाइन के तहत मुहर्रम पर्व मनाया जायेगा। बैठक में देवरी कब्रिस्तान कमेटी का अध्यक्ष शमीम खान को बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से तनवीर अहमद, फखरुद्दीन अंसारी, शेख अब्दुल्ला, आलमगीर अंसारी, असलम अंसारी, जावेद खान, मोहसिन इदरीशी मौजूद थे।

### सचिव शिवनाथ के निधन पर जताया शोक



मेदिनीनगर। तुलसी मानस मंदिर साहित्य समाज चौक ब्रह्म विद्यालय के सामने सचिव स्वर्गीय शिवनाथ अग्रवाल के निधन पर शोक सभा की गयी। जिसमें संचालन कर्ता संयुक्त सचिव मनीष भिवानिया ने बताया कि वह एक जनप्रतिनिधि के रूप में वार्ड पार्षद भी रहे। स्व अग्रवाल रोटरी क्लब के सक्रिय सदस्य रहे थे। जाने-माने शहर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता थे। 40 वर्षों से श्री रामचरित नवरात्र महायज्ञ पाठ करते आ रहे थे। शोक सभा में समिति के अध्यक्ष इंजीनियर भरत सिंह, उपाध्यक्ष बलिराम शर्मा, कोषाध्यक्ष रवि शंकर उपाध्याय, आजीवन ट्रस्टी गण नवल तुलस्यान, सुरेश उदयपुरिया, रवि शंकर पांडे, डॉ नारायण चंद्र अग्रवाल, आजीवन सदस्य विनोद उदयपुरी, प्रिया रंजन पाठक, अजय तिवारी, बृजेश शुक्ला, सुनील अग्रवाल, सतीश सुमन, प्रमोद भिवानिया, जमुना प्रसाद गुप्ता, परशुराम तिवारी आदि मौजूद थे।

### रेड़मा बारालोटा में परस्पर संबंध को मजबूत बनाती है जगन्नाथ रथयात्रा



मेदिनीनगर। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा रेड़मा बारालोटा के परस्पर संबंधों को मजबूत बनाती है। रेड़मा ठाकुरबाड़ी से निकल बारालोटा जनकपुरी मंदिर में भगवान का जाना और फिर दूसरे दिन बारालोटा के धर्मप्रेमियों के द्वारा भगवान के रथ ठाकुरबाड़ी, रेड़मा लेकर आने की वर्षों से परंपरा रही है। रथयात्रा के दूसरे दिन जनकपुरी मंदिर में रेड़मा रथयात्रा समिति व रेड़मा ग्रामवासी को बुलाकर प्रसाद ग्रहण कराना और उसके अगले दिन रेड़मा ठाकुरबाड़ी में भंडारा का आयोजन किया गया।

# अविनाश देव ने गंगाराम अस्पताल जाकर जाना गुरूजी का हालचाल

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। वरिष्ठ झामुमो नेता और झारखंड अलग राज्य आंदोलन के प्रमुख स्तंभ दिशोम गुरु इन दिनों दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में जीवन और मृत्यु से जूझ रहे हैं। आईसीयू में भर्ती गुरुजी के स्वास्थ्य को लेकर पूरे राज्य में चिंता का माहौल है। इसी क्रम में झामुमो के युवा नेता सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल लिया और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी भेंट की।

अविनाश देव ने कहा कि 'समर शेष है मां, अभी संघर्ष के राह में सलामत रहूंगा।' उक्त वाक्य दिशोम गुरुजी ने संघर्ष के शुरूआती दिनों में अपनी मां से कहा था। जब महाजनी शोषण से त्रस्त आदिवासी समाज पलायन को विवश था, जल-जंगल-जमीन लूटी जा रही थी और पिता की हत्या हो चुकी थी, तब एक सुदूर गांव से निकलकर शिबू नामक वह गबरू युवक (गुरुजी) आदिवासी अस्मिता और झारखंड के स्वाभिमान की लड़ाई में कूद पड़ा।

### दिशोम गुरु के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना



उन्होंने इंदिरा गांधी की सरकार से लेकर छोटानागपुर के प्रशासन तक को झकझोर दिया। कोल्हान से संथाल तक वे आदिवासी समाज के नायक बने और अलग झारखंड राज्य के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई। अविनाश ने कहा कि आज जब गुरुजी आईसीयू में हैं, हम सभी मरांग बुरु से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करते हैं। वे झारखंड की रत्नगर्भा धरती के फौलादी सपूत हैं, जिन्होंने सिद्धू-कान्हू, बिरसा, नीलांबर-पीतांबर की परंपरा को आगे बढ़ाया है। आशा है, मौत को मात देकर वे पुनः झारखंड लौटेंगे और एक बार फिर बसंत का बिगुल फूकेंगे।

# स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में आम लोगों की सहभागिता जरूरी : प्रखंड प्रमुख

■ स्वच्छता समिति की बैठक से अनुपस्थित मुखिया व प्रखंड कर्मी को शोकॉज करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद। प्रखंड कार्यालय के सभागार में स्वच्छता प्रबंधन को लेकर स्वच्छता समिति की बैठक की गयी। बैठक के दौरान स्वच्छता समिति के सदस्य,प्रखंड कर्मी एवम पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने की जबकि संचालन बीडीओ सुनील वर्मा ने किया। इस बैठक में, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर चर्चा की गयी और कचरा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया।



स्वच्छता समिति की बैठक में उपस्थित कर्मी व पंचायत प्रतिनिधि।

बैठक के दौरान प्रखंड प्रमुख व बीडीओ ने बैठक से अनुपस्थित प्रखंड कर्मी व मुखिया को शोकॉज करने का निर्देश दिया। मुखिया को स्वच्छता कार्यो को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) के कार्यान्वयन पर जोर दिया गया। प्रखंड क्षेत्र के दंगवार, बेनिकला,ऊपरी कला,देवरी कला, महुदंड,पोलडीह एवम पथरा पंचायत को कचरा संग्रह के लिए उपलब्ध कराए गए ई-रिक्शा को नियमित रूप से बेहतर तरीके से चलाने का निर्देश दिया गया। उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता संबंधी कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिए गए और स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। मौके पर स्वच्छता कॉर्डिनेटर जयप्रकाश सिंह, मुखिया श्रवण राम, विजय राम, सुदामा यादव, ममता देवी समेत कई अन्य पंचायत प्रतिनिधि व प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी जेनरल जिला कार्यालय का उद्घाटन कन्नी राम चौक पर किया गया

# समरसता की दिशा में काम कर रही राज्य सरकार: राजेंद्र सिन्हा

■ मुहर्रम परंपरा के अनुसार सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जायेगा : जेनरल महताब आलम

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

मेदिनीनगर। मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए तथा विभिन्न ताजियादार व अखाड़ा रखने वाले पूजा कमेटियों से समन्वय स्थापित करने के लिए मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी जेनरल के महताब आलम उर्फ पिंटु राईन द्वारा कन्नी राम चौक पर जिला कार्यालय खोला गया। जिसका उद्घाटन झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री गुड्डू खान, जिला सदर मुस्तफा कमाल, पूर्व जेनरल जिशान खान व अन्य ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों व गणमान्य लोगों को पगड़ी, माला, तलवार भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि पलामू जिला आपसी एकता व भाईचारा का मिसाल प्रत्येक वर्ष किसी भी पर्व में दोनों समुदायों द्वारा एक से बढ़कर एक पेश किया गया है। जिस कारण प्रशासन भी पलामू जिला में पूरी तरह से आश्वस्त रहता है कि यहां किसी भी पर्व को लेकर दोनों समुदाय के बीच किसी भी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं है।

उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन राज्य में सामाजिक समरसता स्थापित हो इसे लेकर वे लगातार प्रयासरत हैं। जेनरल महताब आलम ने कहा कि मुहर्रम को लेकर पलामू की जो परंपरा रही है उसे बरकरार रखते हुए और बेहतर करने का प्रयास करूंगा। साथ ही हिंदु मुस्लिम को साथ लेकर इस पर्व को आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुहर्रम पर्व में जो पूर्व के कमेटी द्वारा लकीर खिंची गई है उस पदचिंहों पर चलकर इस वर्ष भी तमाम मुहर्रम कमिटी अखाड़ेदार लोगों से शांति की उम्मीद करते हैं।

# अंधविश्वास और नशापान के खिलाफ चला पुलिस का जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

मोहम्मदगंज। नशा मुक्ति अभियान के तहत शनिवार को थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने कस्तूरबा बालिका विद्यालय में जागरूकता अभियान चलाकर विद्यालय के छात्रा और अभिभावकों को सजग किया। इस अवसर मौजूद स्कूली छात्राओं समेत स्थानीय लोगों को मादक पदार्थ और डायन बिसाही को अंधविश्वास बताते हुए इससे दूर रहने की सलाह दी गयी।


सभी ने इसके लिए शपथ भी ली। मौके पर थाना प्रभारी ने स्कूली छात्रा को देश का भविष्य बताते हुए समाज में फैली कुरीति और डायन प्रथा से बिल्कुल दूरी बनाकर रहने के साथ साथ कानूनी जानकारी भी विस्तार से दिया। मौके पर एएसआई हरेराम सिंह शिक्षिका सविता पाठक समेत विद्यालय परिवार के लोग मौके पर मौजूद थे।




जागरूकता अभियान में शामिल पदाधिकारी व स्कूली बच्चे।

# पुराना वीडियो वायरल कर मेरी छवि को धूमिल किया जा रहा है: अभिमन्यु सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। वर्तमान में पुलिस लाइन में कार्यरत और पूर्व में टीओपी 3 के प्रभारी सअनि अभिमन्यु सिंह अपने कार्य विधि व्यवस्था के लिए काफी चर्चित रहे हैं। अपराध की रोकथाम के लिए असामाजिक तत्वों पर लगाम के मामलों में वरीय अधिकारियों से सम्मान भी प्राप्त है। श्री सिंह के नाम से असामाजिक तत्वों में खौफ रहता था। वहीं अब उनपर एक साइबर साजिश रची जा रही है। बताया कि 23/06/25 को विडियो वायरल कर वर्दी में हमें शराब पीते दिखाया जा रहा है जो 2019 का है। इसमें हमारे कार्य क्षेत्र में रहे टीओपी 3 के क्षेत्र से भ्रमण कर लौट रहा था तब एक होटल के पास एक शादी समारोह में चिर परिचित लोगों की नजर हम पर पड़ी। उन्होंने हमें चार में जलपान का आग्रह किया। शादी समारोह में अधिक विलंब हमें शांति भंग होने की संभावना भी थी। उसी दौरान के विडियो को तोड़-मरोड़कर प्रतिशोध का बदला लेने का प्रयास किया जा रहा है। स अ नि अभिमन्यु सिंह ने बताया कि हमने सब दिन सेवा को लक्ष्य समझा है। हम कर्तव्य निष्ठा से अपना कार्य करते रहेंगे।

# बिजली करंट से एक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

### घटना पर कई लोगों ने जताया शोक



पाटन पलामू। प्रखंड के कारीहार निवासी विरेन्द्र सिंह की मौत बिजली करंट की चपेट में आने से हो गयी। विरेन्द्र सिंह पिता स्वर्गीय चलीतर सिंह (50) अपने पत्नी मीना देवी एवं पुत्र गोलु कुमार (20) के साथ अपने मुर्गी फार्म में लाइन बना रहे थे। उसी क्रम में गोलु कुमार बिजली करंट तार की चपेट में आ गया। इसे देखकर विरेन्द्र सिंह एवं उनकी पत्नी ने अपने पुत्र को बचाने लगे तभी तीनों लोग बिजली करंट के संपर्क में आ गये। तब भोला पासवान ने सुझ बुझ से काम लेते हुए ट्रांसफार्मर से लाइन को काटा लेकिन तब तक विरेन्द्र सिंह की मौत हो चुकी थी तथा पत्नी मीना देवी एवं पुत्र गोलु कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजनों ने आनन-फानन में विरेन्द्र सिंह को ईलाज के लिए किशुनपुर ले गये जहां पर डाक्टर ने विरेन्द्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं पत्नी मिना देवी का ईलाज सदर अस्पताल डालटनगंज में किया जा रहा है।

### ग्रामीणों ने चंदा कर चापकल की मरम्मत करायी



मोहम्मदगंज। राजनडीह में चापकल विगत दस दिनों से खराब पड़ा था। इसकी जानकारी पेयजल विभाग जपला को दी गई थी मगर इस दिशा में पहल के बजाय कहा गया कि मरम्मती वाहन बरसात में बंद हो गया है।ऐसे भी राजनडीह जाने के लिए बरसात में रास्ता खराब हो गया है, वाहन का आवागमन चालू हो जायेगा तो मिस्त्री को भेज दिया जाएगा।अभी समय का इंतजार करना पड़ेगा। मगर पानी की कठिनाई को दूर करने के लिए सहयोग राशि जमा कर निजी मिस्त्री को बुलाकर चापकल को चालू करवाया।

### सगुना से संग्राम सिंह ने पाटन से जेद्दा, सऊदी अरब हज के लिए जानेवाले जत्था को किया रवाना



पाटन पलामू। पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सगुना से हजयात्रियों का जत्था सउदी रवाना हुआ। मौके पर जिप सदस्य संग्राम सिंह ने सभी को रवाना किया। सगुना के मकसूद आलम उनकी पत्नी शाहिदा बीबी एवं सत्तार अहमद उनकी पत्नी हसबुन बीबी मक्का मदीना शरीफ गये। इसके पूर्व विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिप सदस्य संग्राम सिंह भी शिरकत कर दोनों जायरीन को गुलदस्ता देकर मुबारकबाद पेश किया और उनसे अपने क्षेत्र और देश की शांति एवं उन्नति के लिए दुआ करने की गुजारिश की। बधाई देने वालों में केन्द्रार मुखिया जैनुल सिद्दीकी, सगुना के समाजसेवी नईम अख्तर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मोसताकिम अंसारी, आजद अहमद एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# गुरुजी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ को लेकर झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया हवन पूजन

खबर मन्त्र संवाददाता



हैदरनगर/ हुसैनाबाद, पलामू। शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ को लेकर जेएमएम के वरिष्ठ नेता विवेकानंद सिंह के नेतृत्व में जेएमएम कार्यकर्ताओं ने प्रसिद्ध देवी धाम हैदरनगर में पूजा अर्चना की व हवन पूजन किया। इसके बाद उन्होंने हुसैनाबाद स्थित दाता पीर बक्श की मजार पर चादरपोशी की व उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की मन्नत मांगी। देवी धाम में पूजा के बाद विवेकानंद सिंह ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी की तबीयत खराब है। वह दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में इलाजरत हैं। उन्होंने कहा कि जेएमएम के साथ कार्यकर्ता एकजुट होकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए अपने अपने धर्मो के स्थलों पर पूजा हवन व मन्नत मांग रहे हैं। जेएमएम हैदरनगर के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के साथ देवी धाम में हवन व पूजन किया। उन्होंने देवी मां से दिशोम गुरु के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की मन्नत मांगी। उन्होंने बताया कि शिबू सोरेन ठीक होकर रांची आयेंगे। उनके रांची आने के बाद देवी धाम में प्रसाद और चुनरी चढ़ायी जायेगी। वहीं उन्होंने हुसैनाबाद के दाता पीर बक्श की मजार पर चादरपोशी की व शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# वृक्ष हमारे जीवन के आधार है संरक्षण जरूरी : लवली गुप्ता

■ भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने मन की बात कार्यक्रम पर किया पौधारोपण, ग्रामीणों में जागरूकता का संचार

शिवशंकर पासवान



पांकी पलामू। पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नुरु में रविवार को भाजपा की वरिष्ठ नेत्री लवली गुप्ता ने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 123वें संस्करण के अवसर पर आयोजित किया गया। ग्राम नुरु के बूथ संख्या 304 पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय ग्रामीण व पार्टी समर्थक उपस्थित रहे। लवली गुप्ता के नेतृत्व में उपस्थित जनसमूह ने पीएम मोदी के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके बताए मार्गदर्शन को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मन की बात श्रवण से हुई।

### पांकी विधायक की पहल पर लगा नया ट्रांसफार्मर



पांकी पलामू। प्रखंड के ग्राम पंचायत डंडार कला में पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने 100 केवी के नये ट्रांसफार्मर साव टोला में दिया है। जिसमें यहां के ग्रामीणों ने फिता काटकर उद्घाटन किया। यहां के ग्रामीणों में काफी खुशी है। ग्रामीणों ने कहा कि विधायक पांकी विस क्षेत्र की समस्याओं के प्रति गंभीर होकर समाधान करते हैं। कहा कि विधायक जनता के हर सुख दुख में शामिल रहते हैं। कहा कि वे लोग कई दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर थे। भीषण गर्मी में लोगों का जीना मुहाल हो गया था। अब ट्रांसफार्मर लग जाने से लोगों को गर्मी से निजात मिला है।

मुहर्रम को लेकर सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

# सरकार के गाइड लाइन के अनुसार मनायें त्योहार, प्रशासन करेगा सहयोग : बीडीओ

■ सदर प्रखंड क्षेत्र में सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था की जायेगी : थाना प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता



शांति समिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

मेदिनीनगर। सदर थाना परिसर में थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में सदर बीडीओ जागो महतो, सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम व दोनों समुदाय के साथ पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे। मौके पर एएसआई तिलेश्वर रजक, एएसआई विवेक कुमार, एएसआई सुजीत पांडेय, एएसआई अरविंद गुप्ता, हाजी अनवर साहब, शिक्षक रविंद्र सिंह, सुलेमान अंसारी, अजय तिवारी, एएसआई नबी रसुल अंसारी, जरूल निशान, भुसही जेनरल अजमल अंसारी, अबुल सरीफ अंसारी, पोखराहा जेनरल अफरोज अंसारी, देवलाल यादव, परवेज अख्तर, मंसुर अंसारी समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे। बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि मुहर्रम पर्व सदर प्रखंड में आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाता है।

वर्षा के होने के कारण जुलूस निकलने वाले मार्गो में बने गड्ढा को अविलंब मरम्मति कराया जाये। साथ ही साथ बिजली व्यवस्था समय अनुसार काटा जायेगा। ताकि लोगों को परेशानी न हो। लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया कि असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखा जाये एवं समाज में विद्वेष फैलाने वाले उपद्रवियों को चिंहित कर कार्रवाई किया जाये ताकि पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हो सके। इस मौके पर बीडीओ जागो महतो ने कहा कि सदर प्रखंड में दोनों समुदाय का कोई भी पर्व पूर्व में मनाया गया है तो उसमें प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा है। जिस कारण कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं हुआ है। मैं यह उम्मीद करता हूं कि मुहर्रम पर्व या आनेवाले कोई भी पर्व दोनों समुदाय प्रशासन के साथ तालमेल बनाकर मनायें।

# सड़क की नारकीय स्थिति से आवागमन बाधित



■ प्रखंड, थाना, रेलवे स्टेशन और मुख्य बाजार से लोगों का संपर्क कटा

अनूप कुमार

मोहम्मदगंज। बारिश के इस मौसम में महुदंड, जीतामाटी, भरूही, माहुर, गोला पत्थर, नदी पर, झारीवा रामनगर, राजनडीह गांव के लोगों का मोहम्मदगंज बाजार से संपर्क रोड के दलदल होने के कारण कट सा गया है। जबकि इन सभी गांव का मोहम्मदगंज बाजार, हॉस्पिटल, प्रखंड कार्यालय समेत रेलवे स्टेशन के लिए मुख्य सड़क है। सड़क की नारकीय स्थिति के कारण वाहन से तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। प्रत्येक वर्ष बारिश के मौसम इसकी स्थिति दयनीय हो जाती है, मगर अब तक इस दिशा में पहल नहीं किया जाना समझ से परे है। राजनडीह से टोला रामनगर होते हुए थाना और प्रखंड कार्यालय जाने के लिए रामनगर के ग्रामीणों ने निजी खर्च से मिट्टी मोरंग रोड एवं सीमेंट का पाइप देकर राजबारा नदी में छोटा सा कलभट बनाया गया था, मगर यह भी लगातार बारिश की भेंट चढ़कर बह गया। जिससे वैकल्पिक सड़क भी अवरुद्ध हो गया। क्षेत्र के लोगों ने इस दिशा में प्रशासनिक पहल की मांग की है।

### मुख्य नहर में पानी सप्लाई हुआ बंद, किसानों को करना होगा और इंतजार

मोहम्मदगंज। मुख्य नहर में 26 जून को 271 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से किसानों ने राहत की सांस ली थी। मगर अगले दिन ही इसे बंद करना विभाग की मजबूरी बन गयी। विभागीय अधिकारियों की मानें तो बिहार के नवीनगर क्षेत्र स्थित दो सीआर गेट 1073 और 1124 में तकनीकी खराबी की सूचना मोहम्मदगंज भीम बराज स्थित नियंत्रण कक्ष को दी गयी। आलाधिकारी के निर्देश पर 27 जून से ही न्यूनतम पानी सप्लाई भी बंद है। माना जा रहा है कि पानी सप्लाई अब 1 जुलाई के बाद ही होगा। इधर, झारखंड राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र के किसानों में न्यूनतम सप्लाई में भी धान के बिचड़ा की उम्मीद जगी थी।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध की चेतावनी



खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** बरडीहा थाना परिसर में आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुस्लिम समुदाय के धर्मावलंबियों ने मोहर्रम पर्व से जुड़ी परंपराओं और तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी।

मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि धार्मिक सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। यदि कोई व्यक्ति धर्म को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करता है या कोई भी दिक्कत उत्पन्न होती है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। थाना प्रभारी ने उच्चतम न्यायालय के निर्देश का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध है। मोहर्रम जुलूस के दौरान डीजे बजाना पूरी तरह से वर्जित रहेगा।

इस बैठक में क्षेत्र के डीजे संचालक भी उपस्थित थे, जिन्हें सख्त निर्देश दिए गए कि वे किसी भी पर्व-त्योहार में डीजे का प्रयोग नहीं करेंगे। अगर कोई डीजे बजाते हुए पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसआई मृत्युंजय कुमार राय, अनिल कुमार, एएसआई संतोष कुमार सहित कई प्रशासनिक और सामाजिक प्रतिनिधि सहित शौकत अंसारी, अरविंद रजवार, नसरुद्दीन अंसारी, शेख अजीज अहमद, सरवर अंसारी, नथुनी रजवार, रुस्तम अंसारी, तबरेज अंसारी, मुद्रिका चंद्रवंशी, वैद्यनाथ राम आदि उपस्थित थे।

## धुरकी थाना में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

# शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** धुरकी थाना परिसर में रविवार को मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने की और इस अवसर पर सीओ जुल्फिकार अंसारी, धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

बैठक में थाना प्रभारी ने बताया कि इस्लामी महीना मुहर्रम 26 जून को चांद दिखाई देने के बाद 27 जून से शुरू हुआ। इस वर्ष हजरत इमाम हुसैन की शहादत और रोज-ए-आशूरा 6 जुलाई को मनाया जाएगा। मुहर्रम इस्लामी कैलेंडर का एक महत्वपूर्ण और खास महीना है, जिसमें शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार के विवाद से बचने की सलाह दी जाती है। सीओ




जुल्फिकार अंसारी ने समुदाय से अपील की कि वे आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाएं।

उन्होंने कहा किसी एक समुदाय को लेकर अमर्यादित भाषा का प्रयोग न किया जाए, जिससे माहौल खराब न हो। यदि किसी प्रकार की कोई परेशानी उत्पन्न हो, तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें। हम हर समय मदद के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों को फैलाने से मना किया गया और चेतावनी दी गई कि ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

प्रशासन और पुलिस के अधिकारी चौक-चौराहों पर तैनात रहेंगे ताकि किसी अप्रिय घटना से निपटा जा सके। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने भी सभी से अपील की कि वे इस पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं, ताकि हर समुदाय में प्रेम और भाईचारा बना रहे। बैठक में लक्ष्मण यादव, कमलेश सिंह गोड़, इसराइल खान, मुखिया महबूब अंसारी, सगुनी राम, राधेश्याम पासवान, तौसिफ अंसारी, मोबिन अंसारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## कांडी में सुनी गई मन की बात की 123वीं कड़ी, गूंजे पीएम मोदी के विचार



खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा रविवार को कांडी मंडल के 13 शक्ति केंद्रों और लगभग 40 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 123वीं कड़ी को सुना गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे के निर्देशन में शक्ति केंद्र प्रभारियों की नियुक्ति की गई थी। बीजेपी संगठन के निदेर्शानुसार बलियारी बूथ संख्या 20 पर किसानों के बीच मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना, जिसमें कृषि, नवाचार, स्वदेशी उत्पादों और सामाजिक सहभागिता जैसे विषयों पर बल दिया गया।

मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलला दुबे ने घोषणा करते हुए बताया कि 30 जून को कांडी बाजार स्थित कपूर्री चौक पर हुल दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से इस कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल होने की अपील की है। मौके पर बृजराज दुबे, देवनारायण दुबे, मुकेश दुबे, प्रदीप दुबे, रामचंद्र राम, रामप्यारे पासवान सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

## झामुमो की प्रखंड स्तरीय बैठक में संगठन को मजबूत बनाने की ली गयी शपथ



खबर मन्त्र संवाददाता

**सगमा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रखंड स्तरीय बैठक भैया रुद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित की गई, जिसमें पार्टी कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक में झामुमो जिला उपाध्यक्ष श्रवण सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे अभूतपूर्व विकास कार्यों की सराहना की और पार्टी कार्यकताओं से इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में विकास की नई मिसाल कायम की जा रही है। प्रखंड अध्यक्ष हरिदास प्रसाद यादव ने कहा कि विधायक आनंद प्रताप देव के नेतृत्व में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं, जो पूर्ववर्ती सरकारों के वादों के मुकाबले धरातल पर नजर आ रहे हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से संगठन को और मजबूत करने की दिशा में काम करने की अपील की। बैठक में प्रखंड की कमेटी का विस्तार भी किया गया और संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष रूप से चर्चा की गई। अंत में सभी कार्यकताओं ने दिषोम गुरु षिबु सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना की। बैठक में गुलाम नबी अंसारी, चंद्रमणि प्रसाद यादव, हीराचंद यादव, योगेंद्र प्रसाद यादव, अजय राम हजारी यादव, राजेश यादव, बसंत पाल, सुभाष प्रसाद यादव, अहमद अंसारी, रमेश यादव, विजय यादव, अखिलेश उराव, शशिकांत यादव, अशोक चौबे, ललित तूरिया, विनोद ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मौत को दावत दे रहा है हाई वोल्टेज बिजली पोल, विभाग बेखबर

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखण्ड अंतर्गत रानाडीह पंचायत के सोहगड़ा गांव में एक घर के अंदर गड़ा 11 हजार वोल्ट का हाई वोल्टेज बिजली पोल लोगों की जान के लिए खतरा बना हुआ है। गांव के मुंद्रिका राम के घर और आंगन के ऊपर से खतरनाक हाई टेंशन तार गुजर रहा है, जो किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। लगभग 40 साल पहले लगाया गया यह बिजली पोल अब बेहद जर्जर हो चुका है। हाई वोल्टेज तार काफी नीचे झुक चुका है और कई बार तार टूटकर गिर चुका है। गनीमत रही कि अब तक कोई जानमाल की हानि नहीं हुई, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि यह खतरा कभी भी जानलेवा हो सकता है।



मुंद्रिका राम ने बताया कि उन्होंने 25 जनवरी 2024 को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के कार्यपालक अभियंता को लिखित आवेदन देकर बिजली पोल को हटाने की मांग की थी, लेकिन 18 महीने बीत जाने के बाद भी विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने विभागीय हेल्पलाइन 1912 पर भी शिकायत दर्ज कराई, साथ ही रांची स्थित कार्यालय में भी कॉल कर चुके हैं, मगर सभी प्रयास अब तक बेअसर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रावधान के तहत 11 हजार वोल्ट का बिजली तार किसी भी आबादी से दूर होना चाहिए, लेकिन सोहगड़ा गांव में यह तार कई घरों के ऊपर से होकर गुजर रहा है। यही हालात प्रखंड के कई अन्य गांवों में भी देखने को मिल रहे हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि इस जानलेवा लापरवाही पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पोल और तार को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराया जाए, ताकि कोई अनहोनी होने से पहले समस्या का समाधान हो सके।

## धुरकी के ग्रामीणों के लिए वरदान है डोरी, सर्दी-खांसी से लेकर भोजन तक में होता है उपयोग



सन्तोष कुमार रजक

**धुरकी।** प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवों में आज भी लोग महुआ के फल जिसे स्थानीय भाषा में डोरी कहा जाता है, को चुनकर उससे तेल निकालने का कार्य पारंपरिक रूप से करते हैं। यह तेल जहां औषधीय गुणों से भरपूर होता है, वहीं इससे खाना पकाने और घरेलू जरूरतों को भी पूरा किया जाता है। गांव के बोहन सिंह, नन्हिया देवी, दीपा देवी, सुचिता देवी, नीतू कुमारी, मनिता देवी, कमला देवी, सुधा देवी, रानी कुमारी, यमुना सिंह, जितेंद्र सिंह सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि डोरी का तेल नवजात शिशुओं के लिए औषधि के रूप में बेहद लाभकारी होता है। सर्दी-खांसी में इसे गुनगुना कर मालिश करने से बुजुर्गों और बच्चों को काफी राहत मिलती है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस तेल से पुआ-पकवान जैसी पारंपरिक व्यंजन भी बनाए जाते हैं। इसके अलावा डोरी को बेचकर ग्रामीण घरेलू सामान और राशन जैसी आवश्यक चीजों की खरीदारी भी करते हैं।

ग्रामीण बताते हैं कि गांव के लगभग 80 प्रतिशत लोग डोरी पर निर्भर रहते हैं। सुबह बिस्तर छोड़ते ही महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सभी डोरी चुनने जंगल या खेतों की ओर निकल जाते हैं। डोरी चुनने के बाद उसे छीलकर अच्छी तरह 5-7 दिन तक धूप में सुखाया जाता है, फिर इसे तेल निकालने की मशीन में ले जाकर तेल निकाला जाता है। डोरी से निकले तेल को सुरक्षित रखा जाता है, जो पूरे वर्ष खाना पकाने से लेकर दवा के रूप में उपयोग होता है। यही नहीं, डोरी से निकली खली को गाय को चारा के रूप में खिलाया जाता है और यही खली माथे पर होने वाले घावों में भी लाभकारी होती है। ग्रामीणों ने सरकार से अपील की है कि इस प्राकृतिक तेल का रिफाइनिंग कर बाजारों में उपलब्ध कराया जाए, ताकि इससे न केवल स्थानीय लोगों को आर्थिक लाभ मिले, बल्कि यह आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से पूरे देश में प्रचारित हो सके।

## विषाक्त पदार्थ खाकर ईश्वरी यादव ने की आत्महत्या, पारिवारिक विवाद की चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

मझिआंव। बरडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सलगा निवासी स्व. घमड़ी यादव के लगभग 45 वर्षीय पुत्र ईश्वरी यादव ने शनिवार की देर रात विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी रविवार सुबह गांव में फैल गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने एएसआई प्रसिद्ध पासवान एवं पुलिस बल को मौके पर भेजा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर



अस्पताल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को ईश्वरी यादव का अपनी बहू श्वेता देवी (पति रामाशीष यादव) से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिससे आहत होकर ईश्वरी यादव ने आत्महत्या कर ली। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि बहू ने ईश्वरी यादव के साथ मारपीट भी की थी। बहू श्वेता देवी का मायका मझिआंव थाना क्षेत्र के खजूरी गांव में है। घटना की जानकारी मिलते ही श्वेता के मायके पक्ष के लोग भी गांव पहुंच गए। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए श्वेता की मां मौके से भाग गई। बताया जाता है कि ईश्वरी यादव का एक ही पुत्र है और उनकी पत्नी बोलने में असमर्थ (गूंगी) हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम कराया गया है और परिजनों के आवेदन के आधार पर आगे की जांच कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

### 2007 का वारंटी गिरफ्तार

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के करीवाडीह गांव निवासी खखनू चौधरी के पुत्र राजेंद्र चौधरी को पुलिस ने समकालीन अभियान के दौरान गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। राजेंद्र चौधरी 2007 का वारंटी था और उसके खिलाफ कई बार छापामारी की गई थी, लेकिन वह हमेशा पुलिस के पकड़ से बचता रहा। पुलिस सूत्रों के अनुसार राजेंद्र चौधरी की गिरफ्तारी के लिए कई बार छापामारी अभियान चलाया गया, लेकिन वह बार-बार फरार हो जाता था। अंततः समकालीन अभियान के तहत पुलिस ने उसे पकड़ने में सफलता पाई और उसे हिरासत में ले लिया। अब उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस गिरफ्तारी से पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियानों को एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस ने बताया कि इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे ताकि क्षेत्र में अपराधियों को सख्त संदेश दिया जा सके।

### चावल अनलोड कर रहे पिकअप वाहन के सीट से पैसे की चोरी, थाने में शिकायत

**घाघरा।** घाघरा ब्लॉक चौक स्थित एक किराना स्टोर के समीप चावल अनलोड कर रहे मालवाहक पिकअप गाड़ी से अज्ञात चोरों ने 52971 रुपये लेकर भाग निकले। इस संबंध में पीड़ित चालक करौंदी निवासी प्रदीप साहू ने बताया कि वह कंचन राइस मिल से 70 बोरी चावल लोड कर निकला और मालिक के कहे अनुसार 50 बोरा चावल मैना बगीचा स्थित लोहरदगा विकास स्टोर में अनलोड किया। इसके बाद 20 बोरी चावल को लेकर घाघरा के कपिलमुनी किराना स्टोर पहुंचा। वहां पर गाड़ी लगाकर चावल अनलोड कराने लगा और जब पुनः गाड़ी के पास आया तो देखा कि सीट पर काला प्लास्टिक में रखे 52971 रुपये गायब थे। पीड़ित चालक ने घटना को लेकर घाघरा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। घटना के बावत थाना प्रभारी पुनीत मिंज से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी तक पहुचने को लेकर आवश्यक कार्रवाई जारी है।

## बहन को बचाने के लिए कूद पड़ा भाई, तालाब में डूबने से हुई मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

मझिआंव। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 02 स्थित ऊंचरी गांव में एक हृदयविदारक घटना घटी है, जिसमें एक नौजवान भाई की तालाब में डूबकर मौत हो गई, जबकि उसकी चचेरी बहन को परिजनों ने बचा लिया। घटना रविवार को दोपहर 1 बजे विद्यालय के समीप स्थित तालाब में हुई। जानकारी के अनुसार राजू राम की 19 वषीर्या पुत्री रिंकी कुमारी घर में हुए विवाद और डांट से आहत होकर गुस्से में तालाब में डूबने के लिए दौड़ पड़ी। उसके पीछे-पीछे घर के अन्य सदस्य भी उसे रोकने के लिए दौड़ पड़े। इसी बीच रिंकी के चचेरे भाई, उदय राम के 18



वर्षीय पुत्र आकाश कुमार, जो उस समय बिजली का तार ठीक कर रहा था, अपनी बहन को बचाने के लिए तालाब में कूद गया। स्थानीय लोगों के अनुसार रिंकी ने आकाश को पानी में ही जोर से धक्का दे दिया, जिससे वह गहरे पानी में चला गया। आकाश को तैरना नहीं आता था, जिसके कारण वह अपना बचाव नहीं कर सका। परिजन साड़ी लेकर तालाब में कूदे और रिंकी को ऊपर खींचकर बचा लिया, लेकिन आकाश गहरे पानी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने एएसआई विद्याधर मछुआ और पुलिस दल को घटनास्थल पर भेजा। आकाश को काफी देर बाद तालाब से निकाला गया और स्थानीय रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर लिखे जाने तक शव का पंचनामा कर अंत्येष्टि के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजने की तैयारी चल रही थी। घटना के बाद कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, अंचल पदाधिकारी प्रमोद कुमार और निवर्तमान नपं अध्यक्ष सुमित्रा देवी अस्पताल पहुंचे। अंचल पदाधिकारी ने आश्रित को आपदा राहत कोष से चार लाख रु. दिलाने का वादा किया।

# चिरका टीम बनी नव युवक क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता

खबर मन्त्र संवाददाता

**चिनियां।** प्रखंड के ग्राम रानीचेरी स्थित चैतुवादामर मैदान में आयोजित नव युवक क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन शनिवार को शानदार अंदाज में हुआ। फाइनल मुकाबला चिरका बनाम गनियारी कला के बीच खेला गया, जिसने दर्शकों को जबरदस्त रोमांच और खेल भावना का अनुभव कराया। फाइनल में गनियारी कला ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 10 ओवरों में 68 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए चिरका की टीम ने मात्र 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और टूर्नामेंट की विजेता बनी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विलैती खैर पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर स्वयं बल्ला थामकर खेल का उद्घाटन किया।



मौके पर उन्होंने कहा कि गांव में ऐसे आयोजन युवाओं के लिए सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि उनके भविष्य निर्माण का मजबूत मंच हैं। ग्रामीण युवाओं में अपार प्रतिभा है, उन्हें बस सही दिशा और अवसर देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसे आयोजनों को और भव्य रूप देने के लिए पंचायत स्तर पर हरसंभव सहयोग किया जाएगा। विजेता टीम चिरका को 10,000 रुपये नकद और ट्रॉफी, उपविजेता टीम गनियारी कला को 6,100 रुपये नकद और ट्रॉफी दिया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिथिलेश सिंह (चिरका) व मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जगदयाल सिंह (गनियारी कला) को दिया गया। मौके पर राजेश्वर सिंह, रामवृक्ष सिंह, महावीर सिंह, सबाज मंसूरी, अली अंसारी, छवि सिंह, राजेश सिंह, शौकत मंसूरी, फैयाज अहमद, अंजार हसन सहित कई लोग उपस्थित थे।

टेंपो की टक्कर से एक वर्षीय बच्चे की मौत, तीन गंभीर घायल, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

रंका। रंका थाना क्षेत्र के खुथवा मोड़ एवं बांदु मुख्य मार्ग पर दो टेंपो के बीच ओवरटेक करने के क्रम में भीषण टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में चुतरू पंचायत निवासी दिनेश भुईयां के एक वर्षीय पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में वदुल अंसारी (35 वर्ष), कबुदारी देवी (65 वर्ष) व कईल मांझी (60 वर्ष) शामिल हैं। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस को फोन किया, लेकिन समय पर नहीं पहुंचने के कारण घायलों को ग्रामीणों की मदद से रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां सभी का इलाज चल रहा है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मृत बच्चे के शव के साथ खुथवा मोड़ और बांदु मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही रंका थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर सड़क से हटाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के जिम्मेदार वाहन चालकों की पहचान एवं कार्रवाई की प्रक्रिया में जुटी है।

## स्लरी मजदूरों ने अनुमंडल कार्यालय में दिया ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** मजदुर नेता मुमताज आलम के नेतृत्व में बोकारो जिला के सीसीएल कथारा क्षेत्र के स्वांग वाशरी स्लरी मजदूरों ने 28 जून को अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो के नाम ज्ञापन सौंपा।

जानकारी देते हुए मजदूर नेता आलम ने कहा कि वर्षों से स्वांग वाशरी में स्लरी मजदूर काम कर रहे थे, जिसका स्थायी तौर पर नियोजन होना था, परन्तु 41 मजदूरों का नौकरी दलाली के चक्कर में किसी और को दे दिया गया था। इस बात से रूष्ट होकर मजदूरों ने इसकी शिकायत मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता सह उत्पाद व मद निषेध योगेंद्र प्रसाद से की। मंत्री के निर्देश पर सरकार के आप्त सचिव कपिल कुमार ने अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो को पत्राचार कर जानकारी मांगी है। मंत्री के आप्त सचिव द्वारा प्राप्त पत्र के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा ने सभी मजदूरों को अनुमंडल कार्यालय में उपस्थित



होकर अपना पक्ष रखने के लिए बूटकी बाई पति नीलकंठ धोबी सहित सभी मजदूरों बुलाया गया था। परन्तु अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में उपस्थित नहीं होने के कारण अनुमंडल कार्यालय में ज्ञापन पत्र देकर स्लरी मजदूर वापस चले गए।

मजदूर नेता आलम ने बताया कि वर्ष 2010 में सीसीएल के अधिकारियों द्वारा सभी मजदूरों को नियुक्त करने का आदेश आया था। जिसमें तत्काल मजदूरों के नेता सुरेश शर्मा, लखन लाल महतो और रविन्द्र कुमार के साथ और सीसीएल के बीच इकरारनामा बना था कि उनके द्वारा जिसे भी पहचान कराया जाएगा, उसे स्थाई नियोजन में रख लिया जाएगा। परन्तु उपरोक्त नेता ने धोखा से इनकी जगह किसी और का पहचान कर नियोजन दिला दिया।

जबकि उक्त मामले में उन सभी नेताओं सहित सभी पर नियुक्ति प्राप्त करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए बैठा दिया गया। उसके बाद से लगातार सीसीएल के अधिकारी एवं कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। कहा कि वास्तविक मजदूरों को आज तक न्याय नहीं मिल सका है। मौके पर सभी स्लरी मजदूर उपस्थित थे।

# आर्थिक अनिश्चितता

छह विदेशी बैंकों ने कहा कि वे स्विफ्ट भुगतान प्रणाली के विकल्प के रूप में चीन के क्रॉस-बॉर्डर इंटरबैंक पेमेंट सिस्टम का इस्तेमाल करेंगे। यह तर्क दमदार है कि विश्व को सीमा पार भुगतान के लिए केवल एक मुद्रा या भुगतान प्रणाली पर आश्रित नहीं रहना चाहिए। अमेरिकी की वर्तमान राजनीति एवं उसकी नीतिगत स्थिति को देखते हुए ऐसे विचार लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए यूरोपीय केंद्रीय बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड ने हाल में कहा कि पूरे विश्वास के साथ यह नहीं कहा जा सकता कि डॉलर का दबदबा आगे भी कायम रहेगा। डॉनल्ड ट्रंप कई रूपों में अमेरिका को एक अनिश्चित दिशा में ले जा रहे हैं जिससे यह कहना मुश्किल है कि आगे हालात कैसे रहेंगे। उदाहरण के लिए ट्रंप ने दुनिया के अन्य देशों के साथ व्यापार का तौर-तरीका बदलने की ठान ली है। ट्रंप की नजर में किसी भी देश के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा स्वीकार्य नहीं है और इस स्थिति को बदलने का शुल्क सबसे सटीक हथियार है। उन्होंने दुनिया के देशों के लिए अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने के लिए 9 जुलाई की समय सीमा तय कर रखी है, जो अब नजदीक आ रही है। किंतु, अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि कितने व्यापार साझेदार देशों के साथ अमेरिका समझौता करेगा। हालांकि, यह तो साफ है कि शुल्क काफी अधिक होंगे और अमेरिका नियम-आधारित व्यापार व्यवस्था को काफी नुकसान पहुंचा चुका होगा। यह अनिश्चितता वास्तविक अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रही है। कमजोर होती आर्थिक वृद्धि दर और बढ़ती मुद्रास्फीति की आशंका ने अमेरिका के केंद्रीय बैंक को पशोपेश में डाल दिया है। ट्रंप प्रशासन का व्यापार पर रुख ही इसका एकमात्र कारण नहीं है। संस्थानों का अनादर भी काफी नुकसान पहुंचा रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष : बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7**

**वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5**

**मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8**

**कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8**

**सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9**

**कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9**

**तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9**

**वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7**

**धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8**

**मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8**

**कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8**

**मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# ब्रितानी सरकार के खिलाफ संथालों का हूल



**1855** का संथाल हुल भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ सबसे शुरुआती किसान विद्रोहों में से एक था। चार भाइयों - सिद्धो, कान्हो, चांद और भैरव मुर्मू के साथ-साथ बहनों फूलो और झानो के नेतृत्व में 30 जून 1855 को यह विद्रोह शुरू हुआ।

विद्रोह का लक्ष्य न केवल अंग्रेज थे, बल्कि उच्च जातियां, जमींदार, दरोगा और साहूकार भी थे, जिन्हें सामूहिक रूप से 'दिकू' कहा जाता था।इसका उद्देश्य संथाल समुदाय के आर्थिक, सांस्कृतिक और धार्मिक अधिकारों की रक्षा करना था।

**विद्रोह की उत्पत्ति :** वर्ष 1832 में कुछ क्षेत्रों को ह्यसंथाल परगना या दामिन-ए-कोह नाम दिया गया, जिसमें वर्तमान झारखंड में साहिबगंज, गोड्डा, दुमका, देवघर, पाकुड़ और जामताड़ा के कुछ हिस्से शामिल हैं। यह क्षेत्र संथालों को दिया गया था जो बंगाल प्रेसीडेंसी के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों से विस्थापित हुए थे।

संथालों को दामिन-ए-कोह में बसने और कृषि करने का वादा किया गया था, लेकिन इसके बदले उन्हें दमनकारी भूमि हड़पने तथा बेगारी (बँधुआ मजदूरी) का सामना करना पड़ा। संथाल क्षेत्र में बँधुआ मजदूरी की दो प्रणालियाँ उभरीं, जिन्हें कामियोती और हरवाही के नाम से जाना जाता है।

कामियोती के तहत, ऋण चुकाए जाने तक ऋणदाता के लिये काम करना पड़ता था, जबकि हरवाही के तहत, ऋणदाता को व्यक्तिगत सेवाएँ प्रदान करनी पड़ती थीं और आवश्यकतानुसार ऋणदाता के खेत की जुताई करनी पड़ती थी। बॉन्ड की शर्तें इतनी सख्त थीं कि संथाल के लिऐ अपने जीवनकाल में ऋण चुकाना लगभग असंभव था।

**गुरिल्ला युद्ध एवं दमन :** मुर्मू बंधुओं ने ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध में लगभग 60,000 संथालों का नेतृत्व किया। छह महीने तक चले भयंकर प्रतिरोध के बावजूद, जनवरी 1856 में भारी जनहानि और तबाही के साथ विद्रोह का दमन दिया गया।

15,000 से ज्यादा संथालों ने अपनी जान गंवाई और 10,000 से ज्यादा गाँव नष्ट हो गए। हुल ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ शुरूआती प्रतिरोध को उजागर किया और यह आदिवासी लचीलेपन का प्रतीक बना हुआ है।


**प्रभावः** इस विद्रोह के परिणामस्वरूप ही संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम, 1876 पारित किया गया जो आदिवासी भूमि को गैर-आदिवासियों को हस्तांतरित करने को प्रतिबंधित करता है, केवल समुदाय के भीतर ही भूमि उत्तराधिकार की स्वीकृति देता है तथा संथालों को अपनी भूमि पर स्वयं शासन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

संथाल जनजाति

गोंड और भील के बाद यह भारत में तीसरी सबसे बड़ी अनुसूचित जनजाति है, जो अपने शांतिपूर्ण स्वभाव के लिये जानी जाती है। वे मूल रूप से खानाबदोश थे और बिहार तथा ओडिशा के संथाल परगना में बसने से पहले छोटा नागपुर पठार में निवास करते थे। ये झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में निवास करते हैं तथा कृषि, औद्योगिक श्रम, खनन एवं उत्खनन जैसे कार्यों में शामिल हैं।

वे एक स्वायत्त आदिवासी धर्म में आस्था रखते हैं और पवित्र उपवनों के रूप में प्रकृति की उपासना करते हैं। उनकी भाषा को संथाली कहा जाता है जिसकी अपनी लिपि है जिसे 'डछ चिकी' कहा जाता है जो आठवीं अनुसूची में अनुसूचित भाषाओं की सूची में शामिल है।

उनके कलारूप, जैसे- फूटा कच्चा पैटर्न की साड़ी और पोशाक आदि लोकप्रिय हैं। वे कृषि और उपासना से संबंधित विभिन्न त्योहारों तथा अनुष्ठानों को मनाते हैं। संथाल घर, जिन्हें "डँ" के नाम से जाना जाता है, बाहरी दीवारों पर बहुरंगी चित्रों से सुसज्जित अपने बड़े आकार, सफाई और आकर्षक रूप के कारण आसानी से पहचाने जा सकते हैं।



- रानी राज

**पहाड़िया विद्रोह (1778, राजमहल हिल्स), चुआर विद्रोह (1776, मिदनापुर और बांकुरा), खोंड विद्रोह (1837-56 और 1914), कोया विद्रोह (1879-80, आंध्र प्रदेश का पूर्वी गोदावरी क्षेत्र) और रम्पा विद्रोह (1922-1924, आंध्र प्रदेश)अहोम विद्रोह (1828, असम), सिंगफोस विद्रोह (1830 के प्रारंभ में, असम), कुकी विद्रोह (1817-19, मणिपुर), नागा आंदोलन (1905-31; मणिपुर) और जेलियांगसोंग आंदोलन (1920 का दशक; मणिपुर)**

**छोटा नागपुर क्षेत्र में हुए अन्य जनजातीय विद्रोह कौन-से हैं?**

मुंडा विद्रोहः मुंडा उलगुलान (विद्रोह) भारतीय स्वतंत्रता के दौरान एक महत्त्वपूर्ण जनजातीय विद्रोह था, जिसने जनजातीय लोगों द्वारा शोषण का विरोध करने उनकी क्षमता को उजागर किया।

यह अधिनियम आदिवासी और दलित समुदाय की भूमि की बिक्री को भी प्रतिबंधित करता है किंतु समान पुलिस के क्षेत्र में किसी अन्य आदिवासी व्यक्ति तथा एक ही जिले के दलित व्यक्ति के बीच भूमि हस्तांतरण की अनुमति देता है।

झारखंड के छोटा नागपुर में मुंडा जनजाति को, जो मुख्य रूप से कृषि करती थी, ब्रिटिश उपनिवेशवादियों, जमींदारों और मिशनरियों के उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। उनकी भूमि जब्त कर ली गई और मजदूरों के रूप में काम करने के लिये विवश किया गया। बिरसा मुंडा ने इस आंदोलन का नेतृत्व किया और जनजाति की छीनी गई भूमि तथा उनके अधिकारों को पुनः प्राप्त करने का प्रयास किया। बिरसा आंदोलन के परिणामस्वरूप वर्ष 1908 में अंग्रेजों द्वारा अधिनियमित किया गया छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम , जिला कलेक्टर की स्वीकृति से एक ही जाति और कुछ भौगोलिक क्षेत्रों के भीतर ही भूमि के हस्तांतरण की अनुमति देता है।

**टाना भगत आंदोलनः** यह आंदोलन अप्रैल 1914 में जतरा भगत के नेतृत्व में शुरू हुआ, जिसका उद्देश्य छोटानागपुर के उराँव समुदाय में कुप्रथाओं को रोकना और जमींदारों द्वारा किये जा रहे शोषण का विरोध करना था। इस आंदोलन ने महात्मा गांधी से प्रभावित होकर अहिंसा को बढ़ावा दिया। आंदोलन के परिणामस्वरूप, पशु बलि बंद कर दी गई और शराब का सेवन प्रतिबंधित कर दिया गया। चुआर विद्रोहः चुआर विद्रोह छोटा नागपुर और बंगाल के मैदानों के मध्य क्षेत्र में शुरू हुआ जो वर्ष 1767 से 1802 तक जारी रहा। इसका नेतृत्व दुर्जन सिंह ने किया। अंग्रेजों द्वारा उनकी भूमि अधिग्रहण का जनजातियों ने विद्रोह किया और गुरिल्ला युद्धनीति का इस्तेमाल किया।

तमाड़ विद्रोहः यह वर्ष 1789 और 1832 के बीच छोटानागपुर क्षेत्र में तमाड़ के उराँव जनजातियों द्वारा किया गया विद्रोह था, जिसका नेतृत्व भोला नाथ सहाय ने किया था।

जनजातियों ने ब्रिटिश सरकार द्वारा लागू की गई दोषपूर्ण संरेखण प्रणाली के खिलाफ विद्रोह किया, जो कि काश्तकारों के भूमि अधिकारों को सुरक्षित करने में विफल रही थी, जिसके कारण वर्ष 1789 में तामार जनजातियों में अशांति फैल गई।

औपनिवेशिक भारत में जनजातीय विद्रोह

औपनिवेशिक भारत में जनजातीय विद्रोह विविध और बहुआयामी थे, जो ब्रिटिश औपनिवेशिक नीतियों तथा जनजातीय समुदायों पर उनके प्रभाव के विरुद्ध गहरी शिकायतों को दर्शाते थे। मुख्य भूमि और सीमांत जनजातीय विद्रोहों में वर्गीकृत ये आंदोलन 18वीं शताब्दी के उत्तरार्ध से लेकर भारतीय स्वतंत्रता की पूर्व संध्या तक फैले रहे, जिन्होंने क्षेत्रीय गतिशीलता को प्रभावित किया तथा ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी।

**'(सदस्य धुमकुड़िया संगठन सह अंकेक्षक अधिकारी रांची)**

## लेटर टू एडिटर

### आतंकवाद की चुनौती

**घाटी** में नई सरकार के सामने आतंकवाद की बड़ी चुनौती उभरी है। पहले कश्मीरी पंडितों को लक्षित हिंसा का शिकार बनाया जाता रहा, लेकिन इस बार आतंकवाद की घटनाएं मजदूरों और कर्मचारियों पर केंद्रित रही हैं। ये हिंसा की घटनाएं केंद्र सरकार के शांति प्रयासों पर पानी फेर सकती हैं। पहले भी घाटी में भाड़े के आतंकी कहर बरपा चुके हैं।

**- अमृतलाल रांची**

### सतर्क भी रहें

**भारत** और चीन के बीच हाल ही में हुए समझौते के तहत दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा से अपने सैनिकों को पीछे हटाने का निर्णय लिया है। भारत को इस पर सतर्क रहना चाहिए। चीन के प्रति नरम रुख अपनाने के बजाय, भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नागरिकों को चीनी सामान की निर्भरता कम करके आर्थिक लड़ाई में योगदान देना होगा।

**- राजेश चौहान, कोडरमा**

## ट्वीट

ओडिशा में दो दलित युवकों को घुटनों पर चलने, घास खाने और गंदा पानी पीने पर मजबूर करना सिर्फ. अमानवीय नहीं, बल्कि मनुवादी सोच की बर्बरता है.ये घटना उन लोगों के लिए आईना है जो कहते हैं कि जाति अब मुद्दा नहीं रही।

दलितों की गरिमा को रौंदने वाली हर घटना, बाबा साहेब के संविधान पर हमला है - बराबरी, न्याय और मानवता के खिलाफ साज़िश है।

भाजपा शासित राज्यों में ऐसी घटनाएं आम होती जा रही हैं क्योंकि उनकी राजनीति ही नफरत और ऊँच-नीच पर टिकी है। विशेषकर ओडिशा में रउ, रळ और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार चिंताजनक रूप से बढ़े हैं।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# मेक इन इंडिया से सुदृढ़ हुआ भारतीय औषधि विज्ञान

**मुकुंद**

सामयिक

**आज** दुनिया में भारत के फार्मास्युटिकल क्षेत्र (औषधि विज्ञान) की छवि तेजी से बदल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' के आह्वान से यह इंडस्ट्री पहले से कई गुना सुदृढ़ हुई है। यही नहीं भारत पिछले छह-सात वर्षों से यूनिसेफ का सबसे बड़ा वैक्सीन आपूर्तिकर्ता रहा है। भारत ने इस अवधि में यूनिसेफ की कुल खरीद में 55 प्रतिशत से 60 प्रतिशत योगदान दिया। आज का नया भारत क्रमशः डीपीटी, बीसीजी और खसरे के टीकों के लिए डब्ल्यूएचओ की मांग का 99 प्रतिशत, 52 प्रतिशत और 45 प्रतिशत पूरा करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान के अनुरूप रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का औषध विभाग सस्ती दवाओं की कीमत, उपलब्धता, अनुसंधान, विकास और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन करता है।

भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीबीआई) की वेबसाइट में 13 अप्रैल को इस आशय के आंकड़े साझा किए गए हैं। भारतीय दवा उद्योग घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली, कम लागत वाली प्रभावी दवाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह ब्रांडेड जेनेरिक दवाओं, प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण और स्वदेशी ब्रांडों के मजबूत नेटवर्क में इसके प्रभुत्व को दशार्ता है। इसमें चिकित्सा उपकरण उद्योग के कई क्षेत्र अत्यधिक पूंजी-प्रधान हैं। वह इसलिए कि इस क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकियों का निरंतर समावेशन किया जाता है। इसमें मदद के लिए औषध विभाग सरकारी अनुमोदन के माध्यम से एफडीआई प्रस्तावों पर एफडीआई नीति के अनुसार अनुमोदन या अस्वीकृति के लिए विचार करता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल 2024 से दिसंबर 2024 तक एफडीआई प्रवाह (फार्मास्युटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों दोनों में) 11,888 करोड़ रुपये रहा है । इसके अलावा, औषध विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ब्राउन फील्ड परियोजनाओं के लिए 7,246.40 करोड़ रुपये के 13 एफडीआई प्रस्तावों को मंजूरी दी ।

भारत सरकार की 2020 में शुरू की गई उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने भी इसमें क्रांतिकारी पहल की है। पीएलआई का प्रमुख उद्देश्य घरेलू उत?पादन को बढ़ावा देना, निवेश आकर्षित करना, आयात पर निर्भरता कम करना और निर्यात बढ़ाना है। आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल के दृष्टिकोण के अनुरूप यह योजना उत्पादन में प्रदर्शन के आधार पर वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।

फार्मास्यूटिकल्स के लिए पीएलआई योजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24 फरवरी 2021 को मंजूरी दी थी। इसका वित्तीय परिव्यय 15,000 करोड़ रुपये है। यह तीन श्रेणियों के तहत पहचाने गए उत्पादों के उत्पादन के लिए 55 चयनित आवेदकों को छह साल की अवधि के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है । इस योजना में कैंसर रोधी और ऑटो इम्यून जैसी दवाओं का उत्पादन शामिल है। पीएलआई के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि लक्षित निवेश को पार करना है। प्रारंभिक प्रतिबद्धता 3,938.57 करोड़ रुपये आंकी गई थी। वास्तविक प्राप्त निवेश पहले ही 4,253.92 करोड़ रुपये (दिसंबर 2024 तक) तक हासिल हो चुका है।

इसके अलावा मार्च 2020 में स्वीकृत बल्क ड्रग पार्क योजना (वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2025-26) का उद्देश्य उत?पादन लागत को कम करने और बल्क ड्रग्स में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए विश्वस्तरीय सामान्य बुनियादी ढांचे वाले पार्क स्थापित करना है। इस योजना के तहत गुजरात, हिमाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश के प्रस्तावों को मंजूरी दी दी जा चुकी है। वित्तीय सहायता प्रति पार्क 1,000 करोड़ रुपये या परियोजना लागत का 70 फीसद (पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों के लिए 90 फीसद) तक सीमित है।इसका कुल परिव्यय 3,000 करोड़ रुपये है। सबसे खास प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना है। इसका लक्ष्य पूरे देश में किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना है। इसके तहत लोगों को समझाया जा रहा है कि इन दवाओं के उत्पादन में गुणवत्ता से कई समझौता नहीं किया जाता। यह धारणा गलत है कि महंगी दवा का मतलब बेहतर प्रभाव होता है। सरकारी अस्पतालों में बीमारी का प्रभावी विकल्प लिखने में जेनेरिक दवाओं को प्राथमिकता दी जाती है। अच्छी बात यह है कि आठ अप्रैल, 2025 तक देश भर में कुल 15,479 जन औषधि केंद्र हैं। करोड़ों लोग इनके माध्यम से सस्ती दवाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# आम जन के बीच भूमिका तलाशे राजभाषा विभाग

**उमेश चतुर्वेदी**

विमर्श

**संविधान** सभा ने हिंदी को राजभाषा के तौर पर भले ही स्वीकार कर लिया था, लेकिन राजभाषा के प्रतिष्ठापन और कार्यान्वयन को लेकर अलग से विभाग की स्थापना आजादी के फौरन बाद नहीं हो पाई। राजभाषा विभाग की स्थापना आजादी के 28 वर्ष बाद 26 जून 1975 को हुई थी।

इसे संयोग कहें या कुछ और, राजभाषा हिंदी को प्रतिष्ठापित करने के लिए गठित भारत सरकार का राजभाषा विभाग जिस समय अपनी पचासवीं सालगिरह मना रहा है, ठीक उसी वक्त महाराष्ट्र और कर्नाटक समेत कई राज्यों में राजभाषा को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल तो उस महाराष्ट्र में भी उठ रहा है, जहां के लोकमान्य तिलक, काका कालेलकर और विनोबा भावे जैसी विभूतियों ने हिंदी में राष्ट्रीय एकता के सूत्र दिखे थे। सदा की तरह तमिलनाडु ने हिंदी विरोध में राजनीतिक मोर्चा खोल ही रखा है।

संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा के तौर पर भले ही स्वीकार कर लिया था, लेकिन राजभाषा के प्रतिष्ठापन और कार्यान्वयन को लेकर अलग से विभाग की स्थापना आजादी के फौरन बाद नहीं हो पाई। राजभाषा विभाग की स्थापना आजादी के 28 वर्ष बाद 26 जून 1975 को हुई थी। इसे संयोग ही कहेंगे कि जिस दिन स्वाधीन भारत के इतिहास के काले अध्याय यानी आपातकाल की घोषणा हुई, ठीक उसके अगले दिन राजभाषा विभाग अस्तित्व में आया। वैसे यह भी ध्यान देने की बात है कि संभवतः भारत अकेला देश है, जहां राजभाषा के लिए अलग से विभाग है। राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए अधिकारी हैं। दुनिया में ऐसा उदाहरण किसी दूसरे देश में नहीं मिलता। पचास साल की यात्रा पूरी कर चुके राजभाषा विभाग की स्थापना का बुनियादी उद्देश्य राजभाषा संबंधी संवैधानिक और कानूनी नियमों का पालन सुनिश्चित कराना और संघ के सरकारी काम-काज में हिंदी का प्रयोग बढ़ाना रहा।

किसी विभाग की पचास साल की यात्रा कोई कम नहीं होती। यह ठीक है कि इस दौरान हिंदी ने लंबा सफर तय किया है। संचार के माध्यमों, बाजार और सिनेमा ने हिंदी को दुनिया के उस कोने तक पहुंचा दिया है, जहां सरकारी सहयोग से उसके पहुंचने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसके बावजूद हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि नए सिरे से हिंदी के विरोध में आवाजें उठ रही हैं। हिंदी विरोधी सुर उन राज्यों में भी दिख रहे हैं, जहां कभी हिंदी के समर्थन में आंदोलन हुए, हिंदी ने जहां रचनात्मक उपलब्धियां हासिल कीं। महाराष्ट्र ऐसा ही राज्य है। लेकिन नई शिक्षा नीति के त्रिभाषा फॉमूर्ले के तहत हिंदी को रखने के चलते इस राज्य में विरोध तेज हो गया। इस विरोध की आंच बैंकों और केंद्र सरकार के दूसरे दफ्तरों तक पहुंची, जहां हिंदीभाषी कर्मचारी और अधिकारी कार्यरत हैं। स्थानीय राजनीतिक कार्यकताओं ने उन पर मराठी बोलने का दबाव बढ़ाया। सोशल मीडिया के जरिए दुनिया ने देखा कि मराठी नहीं बोल पाने के कारण बैंकों और दूसरे संस्थानों के कर्मचारियों से किस तरह बदसलूकी हुई।

महाराष्ट्र से सटे कर्नाटक राज्य में भी ऐसा नजर आया। कन्नड़ ना बोल पाने के कारण एक बैंक अधिकारी के साथ स्थानीय समूह बदतमीजी करते नजर आए। सॉफ्टवेयर क्रांति का केंद्र बेंगलुरू में हिंदी बोलने के कारण उत्तर भारतीयों को ऑटो और बाइक चालकों की बदसलूकी का शिकार होना पड़ा है।

आजादी के सतहत्तर साल बीतने और राजभाषा विभाग के गठन के पचास साल होने के बावजूद किसी गैर हिंदी भाषी राज्यों में हिंदीभाषियों के साथ बदसलूकी होने के पीछे कहीं न कहीं राजभाषा विभाग की नाकामी भी है।

**देश की पहली हाइड्रोजन चलित रेलगाड़ी ट्रायल रन के लिए तैयार है। रेवाड़ी स्टेशन पर खड़ी हाइड्रोजन चलित रेलगाड़ी।**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज़

### कुजू में वित्त प्रबंधक को दी विदाई



**कुजू।** सीसीएल कुजू के करमा परियोजना के वित्त प्रबंधक भरत केशरी के दूसरे स्थान पर ट्रांसफर होने विदाई समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान कार्मिक प्रबंधक अविनाश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में वित्त प्रबंधक भरत केशरी को उपहार देकर विदाई दिया गया। मौके पर मौजूद कर्मियों ने कहा कि आपके द्वारा परियोजना में किये गए कार्य को कभी भुलाया नही जा सकता है। इधर नये वित्त प्रबंधक राजकुमार का करमा परियोजना में स्वागत किया गया। मौके पर अविनाश कुमार श्रीवास्तव, लालजी प्रसाद, विनय सिंह, धानेश्वर महतो,राजकुमार महतो, ललन यादव, अविनाश कुमार सिंह, संजय कुमार, सत्येन्द्र कुमार राय,ललन यादव,श्रवण कुमार आदि शामिल थे।

### एसओपी गिरीश चंद्र हुये सेवानिवृत



**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के एसओपी गिरीश चंद्र के सेवानिवृत्ति को लेकर करमा परियोजना द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता कार्मिक प्रबंधक अविनाश कुमार श्रीवास्तव ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में करमा परियोजना पदाधिकारी रामेश्वर मुंडा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने एसओपी गिरीश चंद्र को सेवानिवृति के बाद दूसरी पारी में स्वस्थ्य एवं उज्वल भविष्य की कामना किया। कहा कि आपके साथ हमलोग हमेशा सुख दुख में खड़ा रहेंगे। आपके कार्यकाल में हमलोगों को आपका भरपूर साथ मिला है। बाद में उनको उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रताप रंजन, भूषण कुमार यादव, सरोज कुमार, साधना चौधरी, जमसं करमा परियोजना के शाखा सचिव राजकुमार महतो, ललन यादव, सत्येन्द्र कुमार राय,तरुण कुमार रंजन, संजय कुमार, राकेश कुमार, नरेश महतो, श्रवण कुमार, आदि लोग शामिल हुए।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को भोजन कराया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने 150 गरीब महिला-पुरुष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच उद्देश्य है। सबों के सहयोग से उक्त कार्यक्रम निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, जगतार सिंह, रिंकु वर्णवाल, उदयभान दुबे, लालू उरांव, सुकरा करमाली, बारीक अंसारी, महावीर सिंह, गौतम अग्रवाल, संजू सिन्हा, मो. शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।

### अग्रसेन स्कूल में बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट




भुरकुंडा (रामगढ़) शोतोकान कराटे डू फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा डोजो द्वारा रविवार को श्री अग्रेसन स्कूल भुरकुंडा में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट का आयोजन किया गया। शिविर में भुरकुंडा, सयाल, पतरातु एवं बड़कागांव क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों अग्रेसन स्कूल भुरकुंडा, माइलस्टोन हाई स्कूल बड़कागांव, सरना हाई स्कूल पतरातु, स्टार प्लस इंटरनेशनल स्कूल पतरातु से कुल 120 कराटेकारों ने भाग लिया। शिविर के पहले चरण में कराटे का प्रशिक्षण दिया गया, जबकि दूसरे चरण में बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट संपन्न हुआ। यह टेस्ट फेडरेशन के टेक्निकल डायरेक्टर नरेंद्र सिन्हा एवं कराटे प्रशिक्षक प्रदीप हंसदा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। ब्राउन बेल्ट प्राप्त करने वाले कराटेकारों में बिदेश भोगता, शुभम, विशेष, अंश अग्रवाल, तान्या श्रीवास्तव, आशीष, अमन गंझू, अर्णव, सत्यजीत कुलकर्णी, कुणाल, प्रीतम, सुरभि, श्रेया पाठक, आर्यन गंजू, नादिर अख्तर एवं सक्षम अंशुल शामिल रहे। वहीं पर्पल बेल्ट में हर्षवीर सिंह, मनन राज, सुरभि सिंह, समरवीर सिंह, सतीश, पार्थ, माही, राधिका पटेल, ब्लू बेल्ट में कृष्णा, सूर्याशु, पूजा, हिमांशु, किंजल, आर्यनअौर शिवानंद, ग्रीन बेल्ट में चिराग झा, चिन्मय झा, खुशी, पीहू, चांदनी, करण, सुलेखा, श्रेया श्रीवास्तव, पूजा एवं अर्जुन कुमार शामिल हैं। जबकि बेस्ट परफॉर्मर का पुरस्कार परी, सौरव, अमृता, शिवा, अनमोल राज, खुशी, पीहू, आर्यन, समरवीर सिंह, सत्यजीत कुलकर्णी, विदेश भोगता, तान्या श्रीवास्तव, सक्षम अंशुल, श्रेया पाठक, सतीश एवं पूजा कुमारी को दिया गया। सभी प्रतिभागियों को नरेंद्र सिन्हा द्वारा मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# हजारीबाग में कुर्सी से चिपके हैं कई 'चिरंजीवी बाबू'

## जहां तबादला नहीं, वहां भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी!

अभय कुमार सिंह




**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले में एक अदृश्य साम्राज्य फल-फूल रहा है–बाबुओं का ऐसा किला, जिसे तबादला नीति की आंधी भी नहीं हिला पा रही। यहां सरकारी दफ्तरों की कुर्सियां स्थायी संपत्ति बन चुकी हैं। अफसरों का जमावड़ा कुछ इस तरह है जैसे प्रशासनिक व्यवस्था का स्थायी टेंट यहीं गड़ा हो। जब राज्य भर में तीन साल की अधिकतम तैनाती सीमा लागू है, तब हजारीबाग में कई अधिकारी 8 से 12 वर्षों से एक ही पद पर काबिज हैं। ये वो कर्मचारी हैं जिनके ट्रांसफर आदेश या तो बनते ही निरस्त हो जाते हैं या फिर फाइलें रहस्यमयी तरीके से गायब हो जाती हैं। लोकल भाषा में इन्हें कहा जाता है ट्रांसफर टालवा ब्रिगेड।सूत्रों की मानें तो हर विभाग चाहे वह शिक्षा हो, भूमि सुधार, बिजली, जल संसाधन, स्वास्थ्य या खनन कहीं न कहीं एक अदृश्य गठजोड़ से ग्रसित है। कुछ कर्मचारी स्थानीय नेताओं से जुड़े होते हैं, तो कुछ विभागीय अधिकारियों के खास। नतीजा यह होता है कि वह स्थानीय व्यवस्था के गॉडफादर बन जाते हैं। इन्हें हटाने की हिम्मत न प्रशासन कर पाता है, न ही मंत्री। इन चिरस्थायी कर्मचारियों का प्रभाव इतना गहरा होता है कि ठेके, भुगतान, नियुक्ति और तबादले तक में उनकी स्वीकृति अनिवार्य हो जाती है। जनता के लिए तो यह व्यवस्था एक भ्रष्ट भूलभुलैया बन चुकी है, जहां फाइलें धूल खाती हैं और हकदार चक्कर काटते रहते हैं। अब सवाल उठता है कि क्या हजारीबाग में ट्रांसफर एक प्रशासनिक प्रक्रिया है या फिर एक अधिकार जिसे केवल शक्तिशाली खरीद सकते हैं? अगर सिस्टम में नई जान डालनी है, तो सबसे पहले इन कुर्सी से चिपके बाबुओं की जड़ें काटनी होंगी। वरना हजारीबाग जैसे जिलों में बदलाव महज एक सपना ही बना रहेगा। जनता पूछ रही है सरकार सो रही है या सौदा हो गया है?

# तीन बसों से गये 180 श्रद्धालु हजारों लोगों ने किया रवाना

## सांसद तीर्थ यात्रा

▸▸ यह यात्रा धार्मिक विश्वास को मजबूत करेगी : जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**कटकमदाग।** नरसिंह स्थान मंदिर प्रांगण से रविवार को सांसद तीर्थ यात्रा योजना के तहत 180 श्रद्धालुओं का जत्था तीन बसों के माध्यम से रवाना हुआ। यह धार्मिक यात्रा विशेष रूप से काशी, अयोध्या, प्रयागराज और विंध्याचल जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों के लिए आयोजित की गई है। इस अवसर पर कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों लोगों की उपस्थिति रही। आयोजकों के अनुसार, लगभग 5 हजार लोग मंदिर प्रांगण में जुटे थे, जिन्होंने यात्रियों को शुभकामनाओं के साथ विदा किया। मंच पर मुख्य रूप से चतरा के सांसद और इस यात्रा के आयोजक प्रतिनिधि मौजूद थे। साथ ही सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी भी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह यात्रा न केवल श्रद्धालुओं के धार्मिक विश्वास को मजबूत करेगी, बल्कि देश के सांस्कृतिक गौरव से उन्हें जोड़ने का कार्य भी करेगी। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों और जरूरतमंदों को वरीयता दी गई है और पूरे यात्रा के दौरान आने जाने व रहने की व्यवस्था निशुल्क रहेगी। जत्थे की रवानगी से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चारण और आरती के साथ विधिवत पूजा की गई। श्रद्धालुओं ने सांसद व जनप्रतिनिधियों का आभार जताया और यात्रा को यादगार बनाने का संकल्प लिया।मौके पर चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, भाजपा के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही विधायक मनोज कुमार यादव, बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी, मांडू विधायक तिवारी महतो उर्फ निर्मल महतो, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, सिमरिया विधायक उज्वल दास, पूर्व विधायक अमर बावरी सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### तीर्थ यात्रियों का उमेश मेहता ने किया स्वागत

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले चार धाम काशी, अयोध्या, प्रयागराज संगम और विंध्याचल जा रहे 180 तीर्थ यात्रियों और नेतृत्व कर रहे सांसद मनीष जायसवाल को इचाक मोड़ में जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने माला पहना कर स्वागत किया। तीन बसों से जा रहे तीर्थयात्रियों को माला पहनाने के बाद पानी, बिस्किट समेत अन्य खाने पीने का सामान देकर जीप चेयरमैन ने विदा किया। इस दौरान इचाक मोड़ शिव मंदिर के पास तीर्थयात्रियों का गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। जिप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि तीर्थ यात्रियों का स्वागत करने का अवसर मिला है यह बहुत ही सुखद है।

उन्होंने कहा कि सभी लोगों को तीर्थयात्रा करना चाहिए और यह अच्छा मौका है किसांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से बिना किसी भाड़ा के चार तीर्थ का यात्रा करवाया जा रहा है। साथ ही सांसद को भी बधाई दी। मौके पर पूर्व मुखिया भागवत प्रसाद मेहता, डेगनारायण मेहता, सुधीर मेहता, राजेंद्र मेहता, संजय मेहता, सीताराम मेहता, अविनाश कुमार, विकास कुमार मेहता, समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### भदानीनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोल कंपनी स्थित चबुतरा पर रविवार को भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनुप कुमार ठाकुर ने अपने बूथ संख्या 408 के सक्रिय कार्यकताओं के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को प्रेरणादायक और जनकल्याणकारी बताते हुए उनके नेतृत्व में देश के विकास की दिशा को सराहा। साथ ही सभी ने एकजुट होकर पार्टी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया। पीएम मोदी के मन की बात सुनने वालो में प्रमुख रूप से अनूप ठाकुर, विशाल कुमार, सूरज कुमार, कामेश्वर बैठा, अर्जुन यादव, भारत प्रसाद, उमा सिंह, आशीष पासवान, रंजीत प्रसाद, हिमांशु ठाकुर, विशाल नायक, विवेक ठाकुर, सुदर्शन कुमार, संजय भारती, संदीप प्रसाद, कमलेश चौधरी समेत कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पतरातू प्रखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करेगा आजसू : विजय साहू

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू पार्टी ने रविवार को पीटीपीएस स्थित सरोवर बिहार में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्य योजनाओं की जानकारी दी। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विजय कुमार साहू ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता संग्रह कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है।

उन्होंने बताया कि पहले चरण में पतरातू प्रखंड के 46 पंचायतों में कार्यकताओं से स्नेहिल मुलाकात, विचार-विमर्श और उनके सुख-दुख को जानने के लिए घर-घर जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो कार्यकर्ता 22-23 वर्षों से समर्पण के साथ पार्टी को आगे बढ़ा रहे हैं, पार्टी उनके साथ हर परिस्थिति में खड़ी रहेगी और उनकी भावनाओं का सम्मान किया जाएगा। विजय साहू ने कहा कि पार्टी के असली धरोहर कार्यकर्ता हैं और जब कार्यकर्ता मजबूत होंगे, तो जनता का भरोसा भी पार्टी पर बना रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में जनता के मुद्दों को लेकर पार्टी आंदोलनात्मक रणनीति भी अपनाएगी।

श्री साहू ने बताया कि सोमवार को सुंदर नगर भुरकुंडा में पार्टी की प्रखंड कमिटी की बैठक बुलाई गई है, जिसमें प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त कुरीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन का शंखनाद किया जाएगा। कार्यकर्ता संग्रह की शुरूआत जुलाई के प्रथम सप्ताह से होगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एम. रहमान, कमलेश, अशोक पाठक, भुन्नू सिंह, नित्यानंद कुमार, ब्रजेश सिंह, अजय रवि, कलाम अंसारी, बैजनाथ राय और रंजीत यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हजरत बीड़ी शाह बाबा का 36वां सालाना उर्स संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



चादरपोशी करते भुरकुंडा थाना के एसआई डीपी मेहता और अन्य

**भुरकुंडा** (रामगढ़)।मदरसा गुलशन रजा भुरकुंडा में हजरत बीड़ी शाह बाबा का 36वां सालाना उर्स शनिवार को श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। उर्स के पूर्व शुक्रवार रात 8 बजे मजार शरीफ का गुसुल (स्नान) किया गया और खादिम ग्यास खान द्वारा पारंपरिक चादरपोशी की गई। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच शिरनी (प्रसाद) का वितरण किया गया। शनिवार को उर्स मेला और लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए।

भुरकुंडा थाना की ओर से एसआई डीपी मेहता द्वारा मजार शरीफ पर सरकारी चादर चढ़ाई गई। इस अवसर पर मुस्लिम धमार्लंबियों सहित दर्जनों श्रद्धालुओं ने चादरपोशी कर अपने घर-परिवार और क्षेत्र की सुख-शांति की दुआएं मांगी। लंगर वितरण के साथ देर रात तक उर्स मेला चलता रहा। पूरे कार्यक्रम में सूफियाना माहौल, भाईचारे और श्रद्धा की मिसाल देखने को मिली। उर्स के अवसर पर भुरकुंडा, सौंदा डी,

### चादरपोशी, मेला और लंगर में उमड़े श्रद्धालु

सुंदरनगर, जवाहरनगर, ऊपर धौड़ा, रीवर साइड, चिकोर, लपंगा, महुआटोला, चौनगड्डा, गिद्दी, सेंट्रल सौंदा, पतरातू सहित अन्य क्षेत्रों के लोगो ने चादरपोशी की। मेला में लोगो ने जमकर खरीदारी करते हुए और लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया। उर्स के सफल आयोजन में भुरकुंडा ओपी प्रभारी एवं मुख्य संरक्षक निर्भय कुमार गुप्ता, संरक्षक महेश्वर साहू, अध्यक्ष जगतार सिंह, उपाध्यक्ष सुरेंद्र राम, बारीक अंसारी, डब्लू सिंह, रामशरण गरी, सचिव उमाशंकर जायसवाल, सह सचिव मो. वसीम, हाजी महबूब आलम, असलम खान और अफरोज अहमद, सुरेंद्र राम, अलाउद्दीन मंसरी, मिनाज अंसारी, संतन सिंह, कांति कुमारी की अहम भूमिका रही।

## एक नजर में

### रथयात्रा को ले आयोजकों ने जताया आभार



**चौपारण।** श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महामहोत्सव की सफलता के बाद आयोजकों ने प्रेस कांफ्रेंस कर सभी श्रद्धालुओं, प्रशासनिक अधिकारियों और सामाजिक संगठनों का आभार प्रकट किया। रथयात्रा समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह और संयोजकों ने कहा कि इस आयोजन की विशेषता रही नारीशक्ति की अद्वितीय भागीदारी। दुगार्वाहिनी की बहनों ने बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर भगवान जगन्नाथ की भक्ति से भरी अगवानी की। भगवा ध्वज थामे इन वीरांगनाओं की रैली ने वातावरण को भक्तिमय ही नहीं, प्रेरणादायक भी बनाया। आयोजकों ने कहा कि महिलाओं ने इस आयोजन में सिर्फ भाग नहीं लिया, बल्कि नेतृत्व किया, जिससे यह आयोजन महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बन गया। 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की भागीदारी वाले इस आयोजन में हर वर्ग झ युवक, युवतियां, विद्यार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि ने एकजुट होकर भाग लिया। आयोजकों ने विशेष रूप से उपायुक्त शशि प्रकाश, एसपी अंजनी अंजन, स्थानीय प्रशासन, पुलिसकर्मी, स्वास्थ्य, स्वच्छता व विद्युत विभाग, मीडिया, राजकेशरी निर्माण कंपनी, एनएस-33 कर्मी और सभी स्वयंसेवकों का आभार जताया। कार्यक्रम में सांसद मनीष जायसवाल, विधायक मनोज यादव, बजरंग दल, विहिप, मुखिया संघ, करनी सेना और सामाजिक समूहों के योगदान को सराहा गया। आयोजकों ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक उत्सव नहीं, सामाजिक समरसता और एकता का आंदोलन बन गया, जिसमें आस्था, प्रेम और नेतृत्व की नई मिसाल कायम हुई।

### टाटीझरिया : सांसद के सौजन्य से लगा ट्रांसफार्मर



**टाटीझरिया ।** धरमपुर पंचायत के जेरूवाडीह गांव का बिजली ट्रांसफार्मर पिछले आठ दिनों से खराब था। ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि के माध्यम से सांसद मनीष जायसवाल को सूचित किया था। उन्होंने अनुशंसा किया और ग्रामीणों को 100 केवीए का ट्रांसफार्मर मिला। जिसका उद्घाटन प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल,भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह , एमके पाठक,अमरेश सिंह ने फीता काटकर किया। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि सांसद के पास आप समस्या लेकर पहुंचेंगे तो निश्चय समाधान होगा।यहां के ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताई ।मैने देखा भी कि कृषि प्रधान ग्राम होने की वजह से बिजली की यहां जरूरत है और इस जरूरत को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर इसे पूरा किया गया। मौके पर कृष्णा साव,नंदकिशोर प्रसाद,कुलदीप प्रसाद,पंकज मंडल,योधी प्रसाद यादव,अशोक यादव,राजू प्रसाद समेत अन्य उपस्थित थे।

### मूसलाधार बारिश से किसानों को नुकसान

टाटीझरिया । झरपो भराजो खैरा डहरभंगा डूमर धरमपुर बेड़म टाटीझरिया आठों पंचायत के विभिन्न गांव में लगातार बारिश होने से आम जन किसानों को काफी नुकसान हुआ है। कई क्षेत्र के किसानों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमलोग अपने खेतों में कर्ज पर लेकर धान,टमाटर,बैगन , मूली,अन्य साग सब्जियों के बीज खाद दवा की खरीदारी किए थे। किसानों ने यह भी कहा कि अभी कर्जदारों को हमलोग लिए गए खेती करने के लिए ब्याज की राशि दिए भी नहीं थे कि मुशलाधर वारिश की तेज बहाव ने खेत में बोए गए बीज को अपने साथ बहा कर ले गया। जो कुछ बीज बचा वह जमीन के मिट्टी में मात्रा से ज्यादा गहराई में चले जाने से काफी नुकसान हो गया। वही मजदूर वर्ग के लोगों ने भी कहा कि हमलोग अपनी मजदूर कर ही अपना जीवन आपन परिवार का भरन पोषण करते थे। लेकिन मुशलाधार वारिश और लगातार पानी के फुहारों से हमलोगों को घर से निकला भी काफी मुश्किल हो गई है।

### डपोक से पिपरटांड़ जाने वाली सड़क जर्जर



**बरही।** बरही थाना क्षेत्र के डपोक पंचायत के डपोक से पिपरटांड़ तक सड़क काफी जर्जर हो चुकी है। सड़क पर कई जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। अब बारिश के कारण इन गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की संभावना भी बढ़ गई है। सड़क की इस स्थिति से ग्रामीण काफी नाराज हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद आज तक कोई पहल नहीं की गई। फिलहाल इस सड़क की स्थिति ऐसी है कि कई जगहों पर पता ही नहीं चलता कि सड़क है भी या नहीं। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। यह सड़क पिपरटांड़ और डपोक को जोड़ती है। सड़क करीब दो किलोमीटर लंबी है। इन दिनों सड़क पर दोपहिया और चारपहिया वाहन चलाना चुनौती बन गया है। युवा समाजसेवी उपेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि जब किसी को प्रसव कराना होता है तो उन्हें काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। क्योंकि सड़क खराब होने के कारण इस पर न तो चार पहिया वाहन चल पाते हैं और न ही दो पहिया वाहन। मरीज को समय पर अस्पताल पहुंचाना ग्रामीणों के लिए चुनौती बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूली बच्चों को आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। बद्री ठाकुर, बोला ठाकुर, कैलाश ठाकुर, बासुदेव ठाकुर, प्रभु ठाकुर, चौधरी ठाकुर, रामेश्वर ठाकुर, मुंशी ठाकुर, गोविंद ठाकुर, समन ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, राजू ठाकुर, बाबूलाल ठाकुर, सीताराम ठाकुर, महेश ठाकुर, शंकर ठाकुर, हीरालाल ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, दिनेश ठाकुर, मुकेश ठाकुर, मनोज ठाकुर, दिलीप, सहायक शिक्षिका प्रमिला समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सड़क निर्माण की मांग की है।

### बरही : गड्ढा के चलते मकान में घुसा ट्रक

बरही। बरही गया रोड स्थित मुमताज गैरेज के समीप रविवार की अहले सुबह ट्रक संख्या डब्लूबी57डी 0092 अनियंत्रित होकर एक घर में जा घुस गया। जिससे घर के आगे का हिस्सा और ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रक बरही से गया जा रहा था। इसी दौरान मुमताज गैरेज के समीप सड़क में गड्ढा होने के कारण ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और घर में जा घुसा। सड़क के बीचों बीच कई जगह डेढ़ से दो फीट का बड़ा गड्ढा बन गया है। गया रोड में गड्ढे की खबर कई बार अखबार में छप चुकी है, बावजूद इसके प्रशासन आंख मूंद कर सो रहा है। ऐसा लग रहा है कि बरही प्रशासन किसी बड़ी घटना के इंतजार में है।

### कांग्रेस ने किया मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति



बड़कागांव ।कांग्रेस ने बड़कागांव प्रखंड को तीनों मंडल के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया। बड़कागांव पश्चिम मंडल से बड़कागांव निवासी पूर्व पसस धर्मनाथ महतो, मध्य से महुगाईकला निवासी श्याम कुमार भार्गव एवं पूर्वी से उरेज गांव निवासी रमेश सिंह भोक्ता का मनोनयन किया। अध्यक्षों को कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, पूर्व विधायक जेपी पटेल, जिला अध्यक्ष शैलेश यादव के हाथों हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय में मनोनयन पत्र दिया गया। मनोनयन पत्र वितरण में बड़कागांव से सुरेश महतो सहित जिले भर के बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## ब्लू स्टोन के अवैध कारोबार के विरुद्ध सघन छापामारी

# पंद्रह किलो ब्लू स्टोन के साथ एक गिरफ्तार

- एसपी अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गयी छापेमारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोडरमा थाना क्षेत्रान्तर्गत कोडरमा-गिरिडीह रोड स्थित क्षत्रिय धर्मशाला के समीप राजीव सिंह उर्फ ललन सिंह पिता सरजू सिंह ने अपने घर में सहयोगी के साथ मिलकर लोकाई के जंगल क्षेत्र से उत्खनित ब्लू स्टोन को राजस्थान भेजने की योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना के आधार पर एसपी द्वारा कोडरमा थाना प्रभारी विकाश कुमार पासवान के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कोडरमा थाना क्षेत्रान्तर्गत कोडरमा-गिरिडीह रोड स्थित क्षत्रिय धर्मशाला के समीप राजीव सिंह उर्फ ललन सिंह के घर में छापामारी की गयी। छापामारी के दौरान पुलिस ने एक अभियुक्त 25 वर्षीय बंटी कुमार रजक पिता स्व. कमल धोबी ग्राम लोचनपुर को गिरफ्तार किया गया तथा ललन सिंह के घर में रखे करीब 15 किलो ग्राम ब्लू स्टोन, ललन सिंह के घर में रखे करेट्टा वाहन संख्या आरजे45सीआर-2151 एवं होण्डा कार संख्या जेएच07एच-0050 की जांच करने पर दो डायरी, एक कॉपी एवं दो मोबाईल को जब्त किया गया। गठित विशेष टीम के द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि ग्राम लोकाई के प्रतिबंधित जंगल क्षेत्र से उत्खनित अवैध ब्लू स्टोन की खरीद-बिक्री के संबंध में विचार विमर्श के लिए ललन सिंह एवं अन्य सहयोगी के साथ अपने घर में इकठ्ठा हुए थे। पुलिस को आता देख सभी अंधेरे का लाभ उठाकर वहां से फरार हो गए। टीम के द्वारा बंटी कुमार से और गहनता से पूछताछ करने पर बताया कि ललन सिंह उर्फ राजीव सिंह एवं सिकन्दर दास बरसोतियाबर के नेतृत्व में सभी लोगों के द्वारा अवैध उत्खन्न कर ब्लू स्टोन को खरीद कर वाहनों के माध्यम राजस्थान ले जाकर महंगे दामों में बेचा जाता है तथा गिरफ्तार अभियुक्त बंटी कुमार ने बताया कि ब्लू स्टोन कि खरीद-बिक्री का हिसाब इनके द्वारा रखा जाता है। इस संबंध में कोडरमा थाना कांड संख्या 110/25 के तहत मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में थाना प्रभारी विकाश कुमार पासवान, एसआई हेमा कुमारी, सशस्त्र बल व पैंथर के जवान शामिल थे।

## 60 लाख की ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

- एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सीडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन की गयी कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** पुलिस ने अवैध ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने वाले दो तस्करों को गिद्धौर फुटबॉल मैदान के पास से रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 60 लाख रुपये मूल्य की 286 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है। इस बड़ी कार्रवाई की जानकारी पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। जिसके बाद जिले के तस्करों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल को गुप्त सूचना मिली थी कि गिद्धौर फुटबॉल मैदान के पास दो से तीन लोग ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की फिराक में हैं। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसपी के निर्देश पर सीडीपीओ शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिद्धौर फुटबॉल मैदान के पास छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 286 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर, एक इलेक्ट्रॉनिक माप तौल मशीन और विभिन्न कंपनियों के पांच एंड्रॉयड फोन के साथ दो तस्करों को दबोच लिया। जब्त की गई ब्राउन शुगर की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 60 लाख रुपये आंकी जा रही है। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान हो गई है। इनमें से एक अभिमन्यु कुमार साव है, जो राजेश कुमार साव का पुत्र और गिद्धौर थाना क्षेत्र के गिद्धौर तेली टोला का निवासी है। दूसरा तस्कर नितेश कुमार उर्फ त्रिवेणी है, जो सुनील साव का पुत्र और प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नैकाडीह का रहने वाला है। इस सफल कार्रवाई से जिले में नशीले पदार्थों के कारोबार से जुड़े तस्करों में भय का माहौल है। चतरा पुलिस नशे के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रखने का संकल्प लिया है।

## आजादी के 77 साल बाद भी करमाटांड़ में आज तक नहीं बन पायी है सड़क



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत करमाटांड़ में आजादी के 77 साल बीत जाने के बाद भी आज तक सड़क नहीं बन पायी है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि सड़क नहीं रहने के कारण आने-जाने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मिट्टी की सड़क होने के कारण बरसात के दिनों में सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे आने-जाने वाले लोग गिरकर हमेशा गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। लोगों ने बताया कि देश आजाद हुए 77 वर्ष बीत चुके हैं, परंतु आज तक किसी भी जन प्रतिनिधियों के द्वारा इस गांव में सड़क का निर्माण नहीं करवाया गया है, बरसात के दिनों में खास तौर पर विद्यार्थियों को विद्यालय जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जब चुनाव आता है तो लोगों को विकास के नाम पर वोट लेकर बेवकूफ बनाया जाता है। वहीं लोगों ने कहा कि सड़क निर्माण करवाने को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रखंड प्रशासन को भी अवगत करवाया गया परंतु आज तक किसी के द्वारा भी सड़क निर्माण नहीं करवाया गया।

## अवैध अंग्रेजी शराब के विरुद्ध पुलिस ने की छापेमारी

**डोमचांच (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत शहीद चौक के समीप उपेन्द्र होटल के पीछे स्थित मकान में थाना प्रभारी डोमचांच के नेतृत्व में छापेमारी की गयी। छापामारी के दौरान पुलिस को मकान में भारी मात्रा में कार्टुन में विभिन्न कम्पनी के अवैध अंग्रेजी शराब कुल 34.045 लीटर एवं विभिन्न कंपनी के बीयर कुल 140.45 लीटर बरामद किया। अवैध अंग्रेजी शराब का कुल अनुमानित कीमत करीब 80 हजार रुपये बताया गया है। छापामारी के दौरान पुलिस के द्वारा अवैध शराब का भंडारण एवं परिवहन कर व्यापार करने वाले एक अभियुक्त 38 वर्षीय उपेन्द्र साव पिता स्व.उमेश साव, ग्राम शहीद चौक थाना डोमचांच निवासी को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में डोमचांच थाना कांड संख्या 52/25 के तहत मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में पुअनि.ओमप्रकाश कुमार, थाना प्रभारी डोमचांच, पुअनि. कन्हैया राम, सअनि. कमललाल तांती, डोमचांच थाना, सअनि.रामजीत मुंडा, डोमचांच थाना व सशत्र बल के जवान शामिल थे।

## व्यापक अभियान के जरिए 9 जुलाई की मजदूर हड़ताल को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान




**कोडरमा।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं स्वतंत्र फेडरेशनों के आह्वान पर केन्द्र सरकार की मजदूर विरोधी चार श्रम संहिता (लेबर कोड) व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर ट्रेड यूनियनें सीटू, एक्टू और एटक के नेताओं ने सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में झुमरीतिलैया स्थित वैशाली प्रेस के समीप संयुक्त बैठक की। बैठक में 9 जुलाई को प्रस्तावित देशव्यापी मजदूर हड़ताल की तैयारी की समीक्षा की गई तथा जिले में व्यापक जन अभियान चलाकर हड़ताल को सफल करने और झुमरीतिलैया में एक विशाल रैली निकालने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए ट्रेड यूनियन नेताओं ने कहा कि मजदूर वर्ग केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों को लेकर बेहद आक्रोशित हैं, चार श्रम संहिताओं को जबरन थोपने, न्यूनतम मजदूरी के उल्लंघन, काम के घंटे बढ़ाने, ठेका प्रथा को बढ़ावा देने और सामाजिक सुरक्षा में कटौती जैसे सवालों पर मज़दूर वर्ग का व्यापक असंतोष स्पष्ट रूप से सामने आया है। 9 जुलाई को संगठित क्षेत्र के मजदूर अपने-अपने सेक्टरों में हड़ताल पर रहेंगे। वहीं संयुक्त किसान मोर्चा रास्ता रोको जैसे कार्यक्रम करेंगे, बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि यह संघर्ष पीछे हटने का नहीं, बल्कि और अधिक व्यापक जन आंदोलन के रूप में आगे ले जाने का समय है। सभी यूनियनों से अपील की गई कि वे इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में संजय पासवान, रमेश प्रजापति, विजय पासवान, राजेन्द्र यादव, विनोद पासवान, अशोक रजक आदि मौजूद थे।

## भक्ति के रंग में रंगा संकट मोचन हनुमान मंदिर

# 68वें स्थापना दिवस पर गूंजा मंगल भवन अमंगल हारी

- फूलों से सजा बाबा हनुमान का दरबार, भजन कीर्तन से गुंजा मंदिर परिसर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** चौधरी परिवार द्वारा स्थापित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का 68वां स्थापना दिवस श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ अत्यंत भव्यता से मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर को गुलाब के फूलों और हरियाली से सजाया गया जो आकर्षण का केंद्र बिंदु था। वहीं बाबा वीर हनुमान को गुलाब के फूलों से श्रृंगारित कर भक्तों ने प्रेमपूर्वक पूजा अर्चना की।

वहीं कार्यक्रम की शुरुआत पावन ज्योति प्रज्वलन से हुई। वैदिक विधि से पूजा पंडित राम प्रवेश पांडेय ने संपन्न कराई, जबकि यजमान के रूप में शालू विक्की चौधरी उपस्थित थे। जय सियाराम सत्संग समिति की आशा बर्णवाल, रूबी बर्णवाल, सुमन रानी और कंचन बर्णवाल ने जब सस्वर सुंदरकांड पाठ आरंभ किया, तो मंदिर का प्रत्येक कोना मंगल भवन अमंगल हारी.. और राम सिया राम जय जय सियाराम की गूंज से आह्लादित हो उठा। वहीं भजन संध्या की शुरुआत भजन गायक सुदेश छाबड़ा की दिव्य प्रस्तुति वीर बजरंगबली तेरा अंगना फूलों से चमकता है... से हुई, जिसके बाद सीमा बर्णवाल ने अंजनी के लाला हैं, संकट हरने वाला हैं..., गुड़िया देवी की मधुर आवाज में धीरे-धीरे मां अखियां खोल.., तेरे दर्शन को तरसे जिया.. प्रभा देवी कीर्तन की है रात, बाबा आज थान आनो है... मधु भदानी ने मैया आले पर सवार होके, शेर पर सवार होके.. भजन गाये। कार्यक्रम के समापन के उपरांत भक्तों के लिए महाप्रसाद और भंडारे की व्यवस्था की गई।

मौके पर नम्रता बर्णवाल, वर्षा देवी, मंजु बर्णवाल, बबीता देवी, पिंकी बर्णवाल, सुजाता जोशी, अंजली बर्णवाल, ममता बर्णवाल, रूबी बर्णवाल, पल्लवी बर्णवाल समेत कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## धोबी महासंघ का ज्ञान रतन प्रतिभा सामान समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिला अखिल भारतीय धोबी महासंघ द्वारा रविवार को सहाना गार्डन में ज्ञान रतन प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां समाज की बच्चियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के पूर्व डॉ भीमराव अंबेडकर, संत गाडगे एवं स्व. मथुरा राम के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय धोबी महासंघ के जिलाध्यक्ष मनिंदर राम व संचालन पूर्व जिला सचिव मिथिलेश कुमार एवं कोडरमा प्रखंड सचिव दिनेश कुमार रजक ने संयुक्त रूप से किया। वहीं मुख्य अतिथि अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सह कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने कहा कि गर्व की बात है कि धोबी समाज शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। समाज की बालिकाएं आगे बढ़ रही हैं। सरकार अगर हमारे बच्चों को मौका दे तो हर क्षेत्र में झंडा गाड़ देंगे, मगर दुर्भाग्यपूर्ण केंद्र सरकार हर साल शिक्षा के बजट में कटौती करती जा रही है। प्राइवेट शिक्षा को बढ़ावा दे रही है और सरकारी शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर रही है। वहीं महासंघ के जिलाध्यक्ष मनिंदर राम ने कहा कि पढ़ाई के लिए माता-पिता की मेहनत से बच्चे अच्छे अंक प्राप्त करते हैं। वहीं जिला सचिव प्रकाश रजक ने छात्र-छात्राओं पर गर्व करते हुए कहा कि आज हमारा समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, हमें बच्चों को और अवसर प्रदान करना होगा, उन्हें संत गाडगे और संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान के बारे में जानकारी देना होगा कि हमारे समाज का कितना शोषण होता था, लेकिन इन महापुरुषों की कुर्बानियों के चलते आज समाज में सर उठाकर जी रहे हैं। मगर केंद्र सरकार बाबा साहेब के बने संविधान को हिंदू राष्ट्र के नाम बदलकर मनुस्मृति लागू करने की साजिश कर रही है। वहीं जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि अवसर को तलाशना होगा हमारे समाज के बच्चों को और मेहनत करना होगा और टॉपर बनना होगा। मौके पर राम रतन अवध्या, बासुदेव धोबी, खगेंद्र राम, प्रदीप राम, मिथिलेश कुमार, पवन रजक, दीपक कुमार, अमर कुमार रजक, यशोदा देवी, सरस्वती देवी, शकुंती देवी, देवंती देवी, पुष्पा देवी, पिंकी देवी समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## हाथियों का आतंक जारी, एक व्यक्ति को हाथी ने कुचला, मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के खरिरोडीह पंचायत अंतर्गत पिसपीरो में एक हाथी ने लगभग 54 वर्षीय रविंद्र यादव को कुचलकर मार डाला। बता दें कि रविंद्र यादव सुबह शौच के लिए निकले थे। घटना धनबाद-गया रेलखंड के यदुडीह हॉल्ट के पास हुई है। ज्ञात हो कि रेलवे लाइन के किनारे हाथी ने रविंद्र यादव को घेर लिया ओर उन्हें सूंड से उठाकर पैरों तले कुचल दिया। वहीं आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर हाथी को भगाया। मगर तब तक रविंद्र की मौत हो चुकी थी। बताते चलें कि दो महीने में जंगली हाथियों ने चार लोगों की जान ली है। पिछले छह महीने से हाथियों का झुंड जयनगर के विभिन्न क्षेत्रों में फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। वहीं वन पदाकािरी रविंद्र कुमार ने मृतक के परिजनों को तत्काल 25 हजार रुपए की सहायता राशि दी है। उन्होंने बताया कि वन अधिनियम के तहत कुल चार लाख रुपए के मुआवजा का प्रावधान है, शेष राशि प्रक्रिया पूरी होने के बाद दी जाएगी। वहीं ग्रामीणों ने कहा है कि वन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण प्रखंड के विभिन्न इलाकों में लोगों को जंगली हाथियों के द्वारा कुचलकर मार जा रहा है मगर वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा जंगली हाथी को भगाया नहीं जा रहा है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि अगर वन विभाग के अधिकारी जंगली हाथियों को नहीं भगाये तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी सारी जिम्मेवारी वन विभाग के अधिकारियों की होगी। वहीं प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मौके पर जिप सदस्य केदारनाथ यादव, राजेंद्र यादव, अशोक यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### हंटरगंज थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक में सौहार्द से मुहर्रम मनाने की अपील



**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सीओ अरूण कुमार मुंडा व संचालन थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने किया। बैठक में क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक, समाजसेवी, विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि, ताजिया रखने वाले व्यक्ति और जुलूस आयोजक मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने सभी जुलूसों को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से निकालने पर जोर दिया। प्रभारी ने आयोजकों से बेहतर समन्वय बनाए रखने की अपील की। साथ ही अफवाहों और अप्रिय घटनाओं से बचने के लिए सतर्क रहने को कहा। आगे कहा गया कि त्योहार के दौरान आराजकता फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सभी समुदाय के लोगों को आपसी भाईचारे के बीच मुहर्रम मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी ने कहा यदि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होती है तो इसकी सूचना प्रशासन को उपलब्ध कराने का आग्रह किया। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू कुमार शर्मा, एसआई रंजीत सिंह, दिलीप यादव, संजय सिंह, केदलीकला पंचायत मुखिया अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि रौशन सिंह, तरवागडा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि दिलीप कुमार दास, नवाडीह पंचायत मुखिया वसंती पन्ना, खुटिकेवाल खुर्द मुखिया बृजकिशोर सिंह, औरंगजेब खान, पप्पू अहमद, इलियास खान, अताउल्ला, समीम मियां, सरफू मियां, हलीम खान, मुन्ना यादव समेत कई जनप्रतिनिधि व स्थानीय समाजसेवी भी उपस्थित थे।

### उरैली पंचायत सचिवालय में आयुष्मान कार्ड को लेकर लगा विशेष शिविर



**हंटरगंज (चतरा)।** आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर रविवार को उरैली पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन सीओ अरुण कुमार मुंडा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. वेद प्रकाश, एमओ अर्जुन प्रसाद, मुखिया संजय कुमार सिंह एवं पंचायत समिति सदस्य रीता देवी, उप मुखिया विवेक कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं पौधरोपण कर किया गया। शिविर में आयुष्मान कार्ड को लेकर पंचायत के सैकड़ों महिला एवं पुरुष शामिल हुए। मौके पर दो सौ लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया एवं एक सौ लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी। इस शिविर में उप मुखिया पिंटू कुमार, डीलर संतोष सिंह, मुरारी यादव, अनुज पासवान, रौशन सिंह, उपेंद्र यादव, वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत सचिव पिंकी कुमारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### आवासीय विद्यालय की बच्ची से छेड़खानी के आरोप में प्रिंसिपल को भेजा गया जेल

**सिमरिया।** सिमरिया प्रखंड मुख्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण परिसर में संचालित आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य को सिमरिया पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया है। विद्यालय की एक छात्रा द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया था। जिसे लेकर सिमरिया पुलिस ने थाना कांड संख्या 104 / 2025 के तहत मामला दर्ज कर शिक्षक को न्यायिक हिरासत में चतरा भेज दिया है। वहीं मामले को देखते हुए उक्त बच्ची को 164 का बयान के लिए न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया है।

### मजदूर की पिटाई मामला : चतरा एसपी ने आरोपी पुलिसकर्मी को किया सस्पेंड, कहा- 'बर्दाश्त नहीं ऐसी बदसलूकी'

**चतरा।** शहर में मजदूर की बेरहमी से पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने त्वरित और बड़ी कार्रवाई की है। एसपी ने आरोपी पुलिस जवान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसपी सुमित अग्रवाल ने इस मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ग्रामीणों से किसी भी तरह की बदसलूकी बर्दाश्त के लायक नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पब्लिक पैलेस (सार्वजनिक स्थान) पर ग्रामीणों के साथ इस तरह मारपीट करना पुलिस की मर्यादा को भंग करता है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि शनिवार शाम गन्दौरी मंदिर के पास सिविल ड्रेस में मौजूद पुलिस जवान मनीष कुमार ने एक मजदूर को मामूली बात पर बेरहमी से पीटा था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इस घटना के बाद से पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे थे। एसपी की इस त्वरित कार्रवाई से पुलिस महकमे में एक कड़ा संदेश गया है कि किसी भी पुलिसकर्मी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार को सहन नहीं किया जाएगा। यह कदम पुलिस और जनता के बीच विश्वास बहाल करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### विद्या सागर आर्य बने सांसद प्रतिनिधि, लोगों ने दी बधाई



**चतरा।** दिभा मुहल्ला निवासी विद्यासागर आर्य को चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने खाद्य आपूर्ति विभाग का सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया है। यह मनोनयन उन्होंने पत्र जारी कर किया है। अपने मनोनयन पर श्री आर्य ने कहा कि मैं हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया है। चतरा जिले में कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं रहे। एक-एक व्यक्ति को पूरा राशन बिना कटौती के पूर्ण रूप से समय पर मिले यह मेरी पहली प्राथमिकता होगी। देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महत्वाकांक्षी संकल्प जिसमें एक-एक गरीब को अनाज मिले बधाई देने वालो में अमित साहू, दामोदर गोप, रोहन साहु, जीवलाल साहू, श्रवण साहू, अशोक कुमार, प्रेमचंद साहू, विकाश कुमार राणा सहित अन्य कई लोगों के नाम शामिल हैं।

## झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज का जिला सम्मेलन संपन्न

# सुभाष राणा लगातार तीसरी बार बने जिलाध्यक्ष

- महासचिव पद पर सुखदेव राणा, कोषाध्यक्ष रामदेव विश्वकर्मा निर्विरोध चुने गए

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जिम्मेवारी मिली है, विश्वास टूटने नहीं देंगे : सुभाष राणा**

समाज के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सुभाष राणा, महासचिव सुखदेव राणा और कोषाध्यक्ष रामदेव विश्वकर्मा ने कहा की जिस आशा और विश्वास के साथ समाज द्वारा तीसरी बार जिम्मेवारी दी गयी है, उसे कभी भी टूटने नही देंगे, बल्कि और उत्साह और कर्मठता के साथ समाज को संगठित करते हुए उनकी समस्याओं को चरणबद्ध तरीके से समाधान किया जाएगा।

**राज्य के सभी जिलों में समाज सक्रिय भूमिका निभा रहा है : संतन शर्मा**

निर्वाचित पदाकािरियों को जीत की शुभकामनाएं देते हुए प्रधान महासचिव संतन शर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज राज्य के सभी जिलों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है और समाज के लोगों की समस्याओं का निराकरण कर रहा है, उम्मीद करते हैं कि कोडरमा जिला के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी समाज के विकास के लिए गम्भीरता से कार्य करेंगे।

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज का जिला सम्मेलन स्थानीय बर्णवाल धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन समाज के प्रदेश प्रधान सह महासचिव सह चुनाव पर्यवेक्षक संतन शर्मा और प्रदेश उपाध्यक्ष संजय शर्मा ने भगवान विश्वकर्मा के तस्वीर पर पूजा अर्चना कर की।

सम्मेलन के दौरान प्रदेश कमेटी द्वारा मनोनीत चुनाव पर्यवेक्षक संतन शर्मा और संजय शर्मा के नेतृत्व में जिला कमेटी का चुनाव कराया गया, जिसमें अध्यक्ष पद पर दो उम्मीदवारों निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष राणा और प्रदेश महासचिव हिरामन मिस्त्री ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। वहीं आम सहमति नहीं बनने पर चुनाव पदाधिकारी द्वारा अध्यक्ष पद के लिए मतदान करवाया गया, जिसमें निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुभाष राणा 78 मत प्राप्त कर लगातार तीसरी बार समाज के जिलाध्यक्ष बने। वहीं हिरामन मिस्त्री को 14 मत प्राप्त हुए, वहीं जिला महासचिव पद पर सुखदेव राणा और कोषाध्यक्ष पद पर रामदेव विश्वकर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए, दोनों पदाधिकारियों ने भी लगातार तीसरी बार महासचिव और कोषाध्यक्ष बने।

बताते चलें कि समाज के लोगों ने पुरानी कमेटी पर आस्था व्यक्त करते हुए कमेटी को बरकरार रखा। मौके पर बाबूलाल राणा, भुवनेश्वर राणा, कृष्णा राणा, प्रो. कैलाश राणा, राजू राणा, सुभाष राणा, देवेन्द्र राणा, संतोष राणा, पोखराज राणा, बबलू राणा सहित भारी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के पदाधिकारियों का चुनाव 13 जुलाई को



**गुमला।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज जिला गुमला की बैठक रविवार को समाज के मुख्य संरक्षक हीरा साहू की अध्यक्षता में सुहागी कंपलेक्स लोहरदगा रोड में आयोजित किया गया। जिसमें वर्तमान समिति द्वारा समाज को समयावधि पूर्ण होने पर आवेदन समर्पित किया है। बैठक को संबोधित करते हुए हीरा साहू ने कहा कि इस बार नए सत्र के चुनाव हेतु संचालन कमिटी का निर्माण किया गया। हीरा साहू ने कहा कि वर्तमान समिति द्वारा समाज हित में बेहतरीन कार्य किया है। वर्तमान समिति सहित सभी पदाधिकारी को समाज द्वारा बधाई दिया गया। नए सत्र के समाज का समिति का चुनाव हेतु 31 सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया गया एवं नए समिति का चुनाव के लिए 13 जुलाई को निर्धारित किया गया है। निर्धारित समय से पूर्व सभी संचालन समिति के पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि चुनाव से पूर्व सभी गांव प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करेंगे। बैठक में श्याम सुंदर साहू, मुनेश्वर कुमार साहू, भूपन साहू, शिवचरण साहू, लीलांबर साहू, कौशल साहू, भूपन साहू, वीरेंद्र साहू, राम कृष्ण ओहदार, बलराम साहू, बसंत साहू, फूलचंद साहू, पटेश्वर साहू, केसरी साहू, रामनाथ साहू, राधा मोहन साहू, बहुरा ओहदार, शैलेंद्र साहू, गुरु दयाल साहू, रामु साहू, धनेश्वर नाग सहित समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सांसद प्रतिनिधि ने किया सिसई प्रखंड का दौरा, सुनी ग्रामीणों की समस्या



**सिसई।** गुमला जिला सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा ने रविवार को सिसई प्रखंड के शिवनाथपुर पंचायत के पंडरानी गांव का दौरा कर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। राजनील तिग्गा ने कहा सांसद सुखदेव भगत जनता के समस्याओं के प्रति संवेदनशील है। लगातार क्षेत्र के जनता की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही जनता के मुद्दों को प्रखरता से सदन में सांसद के द्वारा रखा जा रहा है। ग्रामीणों के समस्याओं को सुन कर सांसद प्रतिनिधि ने समाधान करने का भरोसा दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क सहित कई समस्याओं से सांद प्रतिनिधि को अवगत कराया। मौके पर गुमला जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी, सिसई प्रखंड उप प्रमुख निलेश उरांव, उपाध्यक्ष जय सिंह, आश्रित उरांव, जयराम उरांव व कई कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### गुमला-रांची कांवरिया संघ बिहार में लगायेगा निशुल्क सेवा शिविर

**गुमला।** गुमला रांची कांवरिया संघ के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवरियों की सुविधा के लिए बिहार के बांका दुल्लीसार (कटोरिया) में सेवा शिविर लगाया जाएगा। जिसका शुभारंभ सावन के दिन होगा। आयोजन समिति के अजय गुप्ता ने बताया कि उक्त शिविर में निशुल्क सेवा कांवरियों को दी जाएगी। साथ ही भोजन के अलावा रात्रि विश्राम की पूरी व्यवस्था होगी। उन्होंने खासकर गुमला रांची के कांवरियों से निःशुल्क सेवा शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### खम्भिया गांव से बाहर कमाने गये मजदूर की गाजीपुर ईट भट्टे में हुई मौत

घाघरा। घाघरा थाना के खंभिया निवासी मजदूर बालेश्वर गोप की मौत गाजीपुर स्थित एक ईंट भट्ठे में विगत 27 जून को हो गयी। मृतक के साथ गॉव के ही महली गोप जो उक्त भट्ठे में साथ रह रहा था उसने मृतक बालेश्वर के शव को लेकर रविवार को गॉव पहुंचा। मृतक के शव को परिजन घाघरा थाना ले कर पहुंचे। थाना प्रभारी पुनीत मिंज ने कहा कि वरीय अधिकारियों को सूचना दी गयी है उनके निर्देश पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक बालेश्वर के परिजनों ने बताया कि बालेश्वर रामनवमी के तीन दिन पूर्व इट भट्ठा गया था। उसे पलमा डीपाटोली निवासी सरदार दिलीप गोप ने गाजीपुर के इट भट्ठा में काम करने ले गया था। लेकिन शव के गांव आने की सूचना मिलने पर सरदार दिलीप मोबाइल स्विच ऑफ कर फरार है। हालांकि मृतक के परिजन ने बताया कि 27 जून की रात 9 बजे बालेश्वर से घर के लोगो की बात भी फोन पर ही थी। उसे अस्पताल में भर्ती भी कराया गया था लेकिन आधे घंटे बाद बालेश्वर की मौत हो गयी की बात संशय है। मृतक के चेहरे पर खून के धब्बे थे एवं सर के पीछे हल्की चोट थी। परिजन हत्या की आशंका जता रहे थे। समाचार लिखे जाने तक शव गाजीपुर से आये एम्बुलेंस में ही थाना परिषर में पड़ा था।

## वीर शहीद जवान पीटर टोप्पो को शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के चर्च मोड़ स्थित वीर शहीद पीटर टोप्पो की प्रतिमा पर सीआरपीएफ के पदाधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और परिजनों ने माल्यार्पण कर उनका 36 वां शहादत दिवस भावपूर्ण तरीके से मनाया।



शहीद जवान को श्रद्धांजलि देने पहुंचे परिजन, सीआरपीएफ पदाधिकारी व चैनपुर थाना प्रभारी।

इस अवसर पर शहीद के परिवार के सदस्यों ने भी बारी-बारी से प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सीआरपीएफ 158 बटालियन के इंस्पेक्टर राम नरेश ने शहीद पीटर टोप्पो के अदम्य साहस और बलिदान को याद किया। उन्होंने बताया कि हवलदार पीटर टोप्पो सीआरपीएफ बटालियन पंजाब में तैनात थे।

29 जून 1989 को आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में देश सेवा के कर्तव्य का पालन करते हुए वे वीरगति को प्राप्त हुए थे। यह घटना तब हुई जब उनकी बटालियन आतंकवादी गतिविधियों के मद्देनजर नाकाबंदी में लगी थी और हवलदार टोप्पो ने एक संदिग्ध गाड़ी को रोकने का प्रयास किया था।

शहीद के सम्मान में सीआरपीएफ 158 बटालियन लोहरदगा ने उनके पुत्र अंजलुस टोप्पो और पुत्री दिव्या टोप्पो को अंगवस्त्र, कैंटीन कार्ड और मेडिकल सुविधा प्रदान कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, चैनपुर मुखिया शोभा देवी सहित सीआरपीएफ के जवान और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सीआरपीएफ जवानों ने उपस्थित लोगों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया और देश की सुरक्षा में आगे आने का आह्वान किया। जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने भी शहीद पीटर टोप्पो के बलिदान को याद किया और उनकी वीरता को सलाम किया।

## सांसद के प्रयास से चार माह बाद पहाड़ी क्षेत्र के छह गांवों में बिजली आयी : आलोक साहू

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से देवरिया पंचायत के 6 गांवों में चार महीना के बाद बिजली आयी उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव सह वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू ने दिया। साहू ने बताया कि देवदरिया पंचायत के दर्जनों ग्रामीण कुछ दिनों पूर्व सांसद के पास आकर उन्हें बताए थे कि एचडी टीवी केबल खराब हो जाने के कारण कई महीनों से देवरिया पंचायत के गांवों में बिजली नहीं है जिसके कारण जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सांसद से शीघ्र बिजली बहाल करने की मांग किए थे। सांसद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने निजी सचिव आलोक कुमार साहू को देवदरिया पंचायत भेजे थे। साहू गांव का भ्रमण कर वस्तु स्थिति से अवगत हुए थे। इस संदर्भ में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता गुमला एवं कार्यपालक अभियंता लोहरदगा को शीघ्र बिजली बहाल करने का निर्देश सांसद ने दिया था। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि उनके पास एचडी टीवी केबल उपलब्ध नहीं है ।सांसद ने फिर त्वरित कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के जीएम रांची को सारी बातों से अवगत कराते हुए यहां शीघ्र बिजली बहाल करने का निर्देश दिया था। जीएम ने त्वरित कार्य करते हुए एचडी टीवी केबल लोहरदगा को उपलब्ध कराया तब इन गांवों में बिजली बहाल हुई। बिजली आने से ग्रामीण काफी खुश है उन्होंने इस कार्य के लिए सांसद का आभार प्रकट किया।

## मन की बात उत्साहपूर्वक सुना गया : मनीर उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के द्वारा नगर के विभिन्न बूथों पर रविवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 123 वां एपिसोड उत्साहपूर्वक सुना गया। इस आयोजन की अगुवाई नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव मौजूद रहे, जिन्हें मौके पर बुथ संख्या 257 बूथ अध्यक्ष प्रियंका साहू ने सफा देकर सम्मानित किया। पूरे आयोजन में अनुशासन और प्रेरणा का माहौल रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरूआत का उल्लेख करते हुए भगवान शिव के इस दिव्य धाम को श्रद्धालुओं के लिए अद्भुत अनुभव बताया। साथ ही उन्होंने ह्यएक पेड़ मां के नाम अभियान की सराहना की, जिसके तहत अब तक करोड़ों पेड़ लगाए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी साझा किया कि भारत अब ट्रेकोमा मुक्त देश बन चुका है- एक ऐसा रोग जिससे लोगों की आंखों की रोशनी तक चली जाती थी। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा, मन की बात न केवल एक संवाद है, बल्कि यह देश के हर नागरिक को जोड़ने का एक प्रेरणादायक माध्यम बन चुका है। प्रधानमंत्री के विचारों से हर कार्यकर्ता को ऊर्जा मिलती है। मौके पर उपस्थित, विश्वनाथ साहू, उदय साहू, फूलचंद लोहारा, रामदेव साहू, लकी देवी, लक्ष्मी देवी, उर्मिला देवी, सुषमा देवी, रितिका देवी, नेहा देवी, कुश साहू, श्वेता कुमारी, अभिषेक कुमार, परी कुमारी, रितिक साहू, तरुण कुमार, माही कुमारी, गोलू कुमार, दीपक कुमार, अदिति साहू सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चैनपुर प्रखंड में पीवीटीजी परिवारों के लिए गोदाम में रखा अनाज सड़ रहा है

>> जर्जर भवन में अनाज भंडारित करने से हो रही है समस्या, वही खराब अनाज गरीब परिवारों के बीच किया जाएगा वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के लिए रखा गया अनाज रखरखाव की कमी और जर्जर भवन में भंडारण के कारण लगातार खराब हो रहा है। जरूरतमंद परिवारों को मिलने वाला महत्वपूर्ण राशन जो गरीबी और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। समय पर और सही गुणवत्ता में नहीं मिल पा रहा है। जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने इस मामले



भंडारित अनाज गोदाम के खिड़की से दिखाई पड़ता सड़ा अनाज।

पर गहरी चिंता व्यक्त की है। जानकारी के अनुसार पीवीटीजी परिवारों को मिलने वाला महत्वपूर्ण राशन एक अत्यंत जर्जर भवन में रखा जा रहा है। भवन की खराब स्थिति के कारण अनाज के खराब होने का खतरा लगातार बना हुआ है। न केवल इमारत की जर्जर स्थिति बल्कि उचित भंडारण सुविधाओं जैसे नमी से बचाव और कीट नियंत्रण का अभाव भी इस बबार्दी का एक मुख्य कारण है। अनाज को खुले में रखने या अपर्याप्त सुरक्षा के कारण उसमें नमी लग रही है और कीटों का प्रकोप बढ़ रहा है। जिससे वह उपयोग के लायक नहीं रह जा रहा है। इस गंभीर स्थिति का सीधा असर पीवीटीजी समुदाय के लोगों पर पड़ रहा है। उन्हें समय पर और सही गुणवत्ता वाला अनाज नहीं मिल पा रहा है। जिससे उनकी पोषण सुरक्षा पर सीधा खतरा मंडरा रहा है। यह स्थिति सरकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर भी गंभीर सवाल उठाती है। जिनका मुख्य उद्देश्य इन हाशिये पर पड़े समुदायों का उत्थान करना और उन्हें खाद्य सुरक्षा प्रदान करना है। जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने इस पूरे मामले पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस अनाज को सबसे जरूरतमंद लोगों तक पहुंचना चाहिए। वह लापरवाही और कुप्रबंधन के कारण बर्बाद हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि तुरंत भंडारण सुविधाओं का इंतजाम किया जाए। जर्जर भवन की मरम्मत कराई जाए या अनाज को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि पीवीटीजी परिवारों को उनका हक मिल सके और योजनाओं का लाभ उन तक सही मायने में पहुंच सके।

### ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट व झानद की बैठक आज

**गुमला।** ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट व झारखंड नवनिर्माण दल के राज्य समिति के प्रमुख नेताओं को लेकर 30 जून 2025 को जिला मुख्यालय के परिषद में दिन के 11 बजे से संयुक्त बैठक आयोजित की गई है। बैठक में रोजगार व सामाजिक अधिकार अभियान को राज्य के गांव व शहर तक ले जाने, आदिवासी व मूल निवासियों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर गतिविधि तेज करने, पार्टी को झारखंड में विस्तार व मजबूती देने, दिल्ली में होने वाली ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट की राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने एवं झारखंड फ्रंट व दल द्वारा घोषित कार्यक्रम को राज्य स्तर पर ले जाने जैसे सवालों पर विशेष रूप से बातचीत की जाएगी। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के राष्ट्रीय नेता सह फ्रंट के संस्थापक व इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के छात्र संघ के अध्यक्ष रहे अखिलेंद्र प्रताप सिंह भाग लेंगे। वहीं गुमला में 1 जुलाई 2025 को राष्ट्रीय विषयों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस को सिंह संबोधित करेंगे। यह जानकारी पुष्पा उरांव ने दी है।

## तेज बारिश से जिलिंगसिरा गांव में डायवर्सन बहा

ग्रामीणों जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को विवश, चुनाव के समय किया वादा प्रशासन ने नहीं किया पूरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड के जिलिंगसिरा गांव में तेज बारिश के कारण ग्रामीणों द्वारा बनाया गया डायवर्सन पानी के तेज बहाव में बह गया। जिससे ग्रामीण जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को विवश हैं। डायवर्सन बहने के कारण उक्त गांव टापू में तब्दील हो गया है। ग्रामीण उक्त सड़क पार करने को लेकर काफी परेशान दिखे। ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में गांव में सड़क और पुल निर्माण की मांग को लेकर वोट बहिष्कार का निर्णय लिया गया था। उस समय प्रखंड प्रशासन द्वारा पहल की गई और समझा बूझाकर चुनाव में मतदान करवाया गया और आश्वासन दिया गया था कि सड़क और पुल निर्माण का कार्य जल्द कराया जाएगा। लेकिन चुनाव बीतने के बाद सड़क व पुल निर्माण की दिशा में कोई पहल नहीं किया गया। वहीं शनिवार को हुए तेज मुसलाधार बारिश से ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर बनाया गया मिट्टी का डायवर्सन बह गया। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बीमार और गर्भवती महिलाओं को ले जाने में काफी दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन जल्द से जल्द सड़क और पुल निर्माण कराने की मांग की। वहीं प्रखंड के कई स्थानों पर लगातार बारिश के कारण सडकों पर जल जमाव व कीचड़ पसर गया है। जिसे ग्रामीणों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। यह हाल प्राय सुदूर क्षेत्र के गांवों में देखा जा रहा है। वहीं समस्या समाधान की दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं होने से ग्रामीण काफी परेशान हैं।

### भरनो में बारिश से किसान के घर की छत पर गिरा विशालकाय पेड़, हुआ भारी नुकसान



गुमला। भरनो प्रखण्ड में रिकार्ड तोड़ बारिश के कारण क्षेत्र के दुम्बो भगतटोली गांव निवासी किसान सुकरा उरांव के घर के छत में रविवार की सुबह एक विशालकाय फुटकल का पेड़ गिर गया। जिसे घर का एस्बेस्टस और खपरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और घर का दीवाल भी ध्वस्त हो गया। साथ ही घर के अंदर रखे चावल, धान सहित कई दैनिक जरूरत के समान भी बर्बाद हो गए। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह घर के सभी परिजन खेतों में काम करने गए हुए थे। घर में कोई भी परिजन नहीं था और घर के ऊपर एक पेड़ गिर गई। गनीमत रही कि घर के सभी सदस्य खेत गए हुए थे और घर के अंदर बंधे हुए मवेशी भी चरने खेत की ओर गए हुए थे, नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना दुम्बो पंचायत के मुखिया जयराम उरांव को दी गई। सूचना मिलने पर मुखिया पीड़ित परिवार के यहां जाकर घर के ऊपर गिरे पेड़ की डाली को हटवाया और क्षति का आकलन कर आपदा प्रबंधन मद से उचित मदद का भरोसा दिया। मुखिया ने बताया कि सुकरा एक गरीब किसान है। खेती बाड़ी और मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है, आर्थिक संकट गहरा गई है। अंचल प्रशासन से इसे उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### रसोईया-संयोजिका संघ डुमरी की अध्यक्ष प्रभा एक्का और प्रफुल्ला एक्का बनी सचिव



डुमरी। झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ की बैठक रविवार को डुमरी प्रखंड के टांगरडीह स्कूल के समक्ष जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन प्रखंड अध्यक्ष प्रभा एक्का ने की। बैठक में कोषाध्यक्ष देवनती देवी के निधन के बाद संगठन चलाने में आ रही दिक्कत को देखते हुए कमिटी का पुर्नगठन किया गया। जिसमे प्रखंड अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष का सदस्यों ने चयन किया। जिसमें अध्यक्ष प्रभा एक्का, सचिव प्रफुल्ला एक्का व कोषाध्यक्ष सुचिता खलखो, उपाध्यक्ष रोशनी एक्का, उप कोषाध्यक्ष निमार्ला टोप्पो, उप सचिव कुमुदिनी कुजूर को चुना गया जबकि सदस्य के रूप में समिता देवी, मगरीता बखला, अंजना एक्का, अनिमा कुजूर, सुनिता कुजूर, सोयराती देवी, मलिता तिग्गा, भिखमनीया असुराईन, सीमा बखला सहित 15 सदस्य का कमेटी सभी की सहमति से बनाया गया। वहीं संघ की अगला बैठक 24 अगस्त को होगी। जिसमें सभी रसोईया संयोजिका अध्यक्ष से बैठक में भाग लेने की अपील की गई।

### करंट लगने से युवक की हुई मौत

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के जोराग पीठवार टोली में बिजली करंट लगने से गांव के 35 वर्षीय युवक रोशन बरवा की शनिवार की रात मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक घर पर बिजली खराब होने पर घर के ही बोर्ड से ठीक कर रहा था। इसी दौरान उसे बिजली करंट लगा और उसकी मौत हो गई। घटना के वक्त परिवार के सदस्य नहीं थे। परिवार के लोग किसी शादी समारोह में भाग लेने गये थे। इार घटना की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमसार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।

## मसमानो में टांगी से काटकर बड़े भाई ने की छोटे की हत्या, पैसे को लेकर हुआ था विवाद

खबर मन्त्र संवाददाता





**भंडरा।** थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में शनिवार की देर शाम बड़े भाई ने छोटे भाई को टांगी से काटकर मार डाला। मृतक की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानो गांव निवासी अंगा उरांव के पुत्र बसंता उरांव (28 वर्ष) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक बसंता उरांव व उसके बड़े भाई कलेश्वर उरांव उर्फ डांगू उरांव के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर एक माह पूर्व भी कहा सुनी हुई थी। इनके बीच कई बार पैसों को लेकर विवाद हो चुका था। शनिवार की शाम कलेश्वर ने नशे की हालत में अपने छोटे भाई बसंता उरांव की टांगी से गले में वार कर हत्या कर दी। घटना भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानों पंचायत भवन के पास की है। इधर भंडरा थाना पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले में एसपी सादिक अनवर रिजवी का कहना है कि बड़े भाई ने छोटे की हत्या की है। पुलिस ने हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## डॉ अंबेडकर कुछ शब्दों के संविधान में शामिल करने के पक्ष नहीं थे : ओमप्रकाश

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने आपातकाल के दौरान समाजवाद तथा धर्मनिरपेक्षता को संविधान के प्रस्तावना में जोड़े जाने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय हंसबोले द्वारा उसे विलोपित करने की मांग का समर्थन करते हुए इसे आज की स्थिति में आवश्यक बताते हुए इस पर व्यापक रूप से चर्चा कर इन शब्दों को हटाने की मांग की है। भाजपा नेता ने कहा है कि आपातकाल में जब संपूर्ण विपक्ष को जेल में बंद कर दिया गया था, इस विषय पर देश के सर्वोच्च सदन में चर्चा तक नहीं की गई, फिर इसको न्याय संगत कैसे कहा जा सकता है। प्रस्तावना किसी भी संविधान की आत्मा होती है, वह संविधान का आधार है और पूरा संविधान इसी पर टिका होता है। विश्व में किसी देश ने अभी तक अपने प्रस्तावना में बदलाव नहीं किया है।

## बिना प्लानिंग के बने डीएसपी रोड में बारिश होते ही शुरू हो जाती है समस्या

### स्कूल के बच्चों को जल जमाव के कारण आवागमन में होती है सबसे अधिक परेशानी

बड़ा नाली व जल जमाव के कारण कभी भी हो सकती है बड़ा हादसा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला शहरी क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण सड़कों की हालत खराब हो गई। जगह-जगह सड़कों पर जल जमाव से लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

बारिश के कारण सड़कों पर कीचड़ भी अधिक हो गया है। शहर के डीएसपी रोड में लगातार बारिश से घुटना से अधिक पानी का जमाव हो गया है। मानो ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सड़क नहीं डीएसपी रोड तालाब बन गया है। जल जमाव के कारण सड़क पर नाली या गड्ढा पता नहीं चल रहा है। जबकि इस रोड पर नाली बड़ी बनी हुई है।



डीएसपी रोड में बारिश से हुआ जल जमाव।

जल जमाव के बाद भी लोग दो पहिया व चार पहिया वाहन से लगातार सड़क पर आवागमन कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में वाहन अनियंत्रित होने पर वाहन सवार नाली के गड्ढे में भी जा सकते हैं। जिसे बड़ी दुर्घटना कभी भी घट सकती है।

वहीं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के पास ही जल जमाव होने से बच्चों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क की इस स्थिति में सुधार के लिए फिलहाल नगर परिषद गुमला के पास कोई प्रपोजल नहीं है वरना अब तक जल जमाव की समस्या का समाधान किया जा चुका होता है।

हालांकि डीएसपी रोड में सड़क व नाली का निर्माण कई बार किया गया लेकिन जल जमाव की समस्या का समाधान आज तक नहीं हो पाया है। सड़क या नाली निर्माण के दौरान जल जमाव को ध्यान में नहीं रखा जाता है और जैसे तैसे कार्य पूरा कर दिया जाता है। जिसे समस्या यथावत बनी रहती है। अभी घुटने से अधिक पानी रहने से आस-पास के लोगों का जीवन काफी कठिनाईयों से गुजर रहा है।

### भाजपा आज मनायेगी हूल क्रांति दिवस

**गुमला।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के द्वारा 30 जून को हूल दिवस या संथाल विद्रोह मनाया जाएगा। कार्यक्रम बिन्देश होटल के सभागार में 12 बजे से होगी। हूल विद्रोह आदिवासियों के संघर्ष गाथा और उनके बलिदान को आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले नायकों को याद करने का खास दिन है। सोमवार को झारखंड में रण बांकुरे सिद्धो-कान्हो और चांद-भैरव को याद करते हुए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह के प्रतीक के तौर पर हूल दिवस 2025 मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, प्रदेश के पदाधिकारी, जिला के सभी पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, वरिष्ठ पदाधिकारियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है। ये जानकारी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष छोटेलाल उरांव भगत ने दी है।

## जिला फुटबॉल संघ लोहरदगा की बैठक 10 जुलाई से ए डिवीजन लीग होगा आरंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में मौजूद जिला फुटबॉल संघ लोहरदगा के पदाधिकारी।

**लोहरदगा।** जिला फुटबॉल संघ लोहरदगा के तत्वाधान मे ए डिविजन लोहरदगा जिला फुटबॉल लिग प्रतियोगिता भव्य रूप से शुरू कराने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक फुलदेव उरांव की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। बैठक मे सर्वसहमति से निर्णय लिया गया की 10 जुलाई से ए डिविजन जिला फुटबॉल लिग प्रतियोगिता नदिया स्कूल मिनी स्टेडियम मे आरम्भ किया जायेगा। इस निमित प्रतियोगिता मे भाग लेने वाली टीमो को 30 जून से 5 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन करा लेना है। समय अवधि समाप्त होने के बाद नामकन नही किया जायेगा। जो भी टीम लिग प्रतियोगिता में भाग लेना चाहती हैं वह जिला फुटबॉल संघ के सचिव सैयद जाहिद अहमद पावरगज मोबाईल न० 9471301777, अनिल मुण्डा किस्को मो न 9608121940, तबारक अंसारी सेन्हा मो० 9304768894, एवं सदीप उरांव नदिया होस्टल मो. 9608690644 से सम्पर्क कर ले। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतू जिला फुटबाल संघ लोहरदगा की अगली बैठक की तिथी 6 जुलाई को होगी। बैठक में जिला फुटबॉल संघ लोहरदगा के सचिव सैयद जाहिद अहमद, अभिनव सिद्धार्थ, साजीद अहमद, मनोज भगत, संजय भगत, वीरेंद्र यादव, तबारक अंसारी, नुसरत अंसारी, संदीप उरांव, आरिफ खान, अनिल मुंडा, कुलदीप उरांव, सत्येंद्र उरांव, आशीष उरांव, शत्रु उराव, रणवीर उराव इत्यादि उपस्थित थे।

# सर्पदंश के बाद झाड़-फूक के चक्कर में गयी बच्चे की जान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा बाराडहर निवासी गुड्डू भुइयां की डेढ़ वर्षीय पुत्र विशाल कुमार की सर्पदंश से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सरिता देवी घर के अंदर जमीन मे अपने बच्चे के साथ सो रही थी। सो रहे स्थान पर शनिवार रात्रि लगभग 11 बजे करैत सांप आया और डेढ़ वर्षीय बच्चा बिशाल को को डंस लिया। उसके बाद बच्चा को उल्टी होने लगा और चिल्लाने लगा। जब बचे की माँ सरिता नींद से उठी तो देखी की बिस्तर मे करैत सांप है। विस्तर से सांप को हटाया गया। रात्रि मे ही बच्चे को लेकर इटके कटहल टोला ओझा के पास ले गई। ओझा काफी समय तक झाड़ फूक किया और अंधविश्वास मे डालते हुए कहा की सांप नहीं काटा है सैतानी हरकत के करण ऐसा हो रहा है।


सर्पडंश से मृत बच्चा।


विलाप करती बच्चा की माँ।

कुछ देर मे ठीक कर देंगे। झाड़फूक करते-करते तीन घंटा समय बर्वाद कर दिया और ओझा बोला की घर ले जाओ बच्चा ठीक हो जायेगा। उसके बाद सभी घर आ गए। घर आते ही बच्चा का सांस टूटना शुरू हो गया। फिर दुबारा बेसरा ग्राम के नावाटोला मे भगत के पास चले गए। भगत झाड़फूक करते हुए बोला की बच्चा को सांप काटा है उसका विष माथा मे चढ़ गया है। यहाँ ठीक नहीं हो पायेगा तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। सोमवार सुबह मकरा गांव मे रह रहे सांप रेस्कयु करने वाले उत्तम शर्मा को बुलाया गया। उत्तम शर्मा ने कहा की समय पर हॉस्पिटल ले जाते तो बच्चा ठीक हो सकता था। वहीं करैत सांप काटने की लक्षण के बारे मे बताया की करैत सांप को आदमी का तापमान बहुत पसंद लगता है। इसलिए रात्रि मे आदमी पास करैत सांप आ जाता है। जब करैत सांप काट ले तो काटने पर मच्छर काटने जैसा महशुस होता है। और जब शरीर मे विष लगने लगता है तो उल्टी होती है। बच्चा को सांप काटा इसलिए उल्टी हुआ है। हालांकि अंधविश्वास से दूर रहने की भी बात कही। ज्ञात हो को गुड्डू भुइयाँ गरीबी के करण बाहर मजदूरी काम करने गया है। पत्नी और बच्चा साथ मे रहते थे। अचानक हुए हादसे के बाद परिजनों को रोरोकर बूरा हाल हो गया है। अंधविश्वास फैलाने वाले ओझा भगत पर प्रशासनिक कार्रवाई नहीं करने से बढ़ता जा रहा है अंधविश्वास हालांकि सरकार अंधविश्वास को कम करने के लिए कई तरह के नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करती रहती है लेकिन जागरूक करने से कई गुणा अधिक कई टोले मुहल्ले मे ओझा गुणी भगत का कार्य कर अंधविश्वास फैलाते रहते हैं। जिसके कारण तरह के कई घटना घटते रहती है।

## स्पीड न्यूज

### मनिका प्रखंड में बारिश का कहर पानी पुलिया से ऊपर कई लोगों के दो पहिया वाहन डूबे


पुलिया पर अपने बाइक को बचाता ग्रामीण।

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के कहर से जन जीवन अस्त-व्यस्त होते देखा जा रहा है। नदी से होकर जाने वाली कई सड़कों के ऊपर से पानी का बहाव हो रहा है,जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। वहीं मनिका से भदईबथान, सधवाडीह होते हुए बरवैया जाने वाली सड़क पर भदईबथान के समीप स्थित पुलिया पर दिन शनिवार को भारी बारिश के कारण जल स्तर बढ़ गया,जिससे कि पानी सड़क से ऊपर बहने लगी। इसी क्रम में अपने घर जा रहे लोगों के लगभग पांच से सात बाइक पानी में बह गया,हालांकि बाइक सवार बाल-बाल बच गए किसी प्रकार का उन्हें कोई नुकसान नहीं हुआ है। ग्रामीणों के काफी प्रयास करने के बाद भी दोपहिया वाहन नहीं निकाल पाए। वहीं दिन रविवार की सुबह जलस्तर कम होने पर कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने दो पहिया वाहनों को पानी से बाहर निकाल लिया। बता दें कि भारी बारिश के कारण प्रखंड क्षेत्र में इस तरह की कई समस्याएं उत्पन्न हो गई है,कई जगहों पर सड़क में ही पानी और कीचड़ का भारी जमाव हो गया है, जिस वजह से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती देखी जा रही है।

### सर्पदंश से युवक अचेत

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के सेमरसोत ग्राम में सर्पदंश से एक युवक अचेत हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मनोज गंझु 22 वर्ष पिता पुरन गंझु ग्राम सेमरसोत थाना बालूमाथ निवासी खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान एक विषैले सांप ने उसे काट लिया जिससे वह अचेत हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा अचेतावस्था में युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### बालूमाथ में मूसलाधार बारिश होने से बाउंड्री गिरा

**बालूमाथ।** बालूमाथ में शनिवार की देर रात्रि मूसलाधार बारिश होने से कृष्ण पुरी निवासी कमलेश यादव के घर का बाउंड्री गिर गया। वहीं मिशन के समीप विक्की सिंह द्वारा निर्माण कराया गया बाउंड्री भी अधिक बारिश होने के कारण गिर गया। इधर लगातार बारिश होने से व्यवसाईयों एवं किसानों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तेज बारिश होने के कारण खेत ,खलियान, कुआ, तालाब में लबालब पानी भर गया है।

### ग्रामीणों ने सीसीएल पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप


सीसीएल पर आरोप लगाते ग्रामीण।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोल परियोजना के चमातू ग्राम में ग्रामीणों की एक बैठक प्राथमिक विद्यालय परिसर में रखी गई। बैठक में ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि सीसीएल द्वारा वर्ष 2019 में गांव में कोलियरी खोला गया था। लेकिन अब तक यहां के लोगों को मुआवजा की राशि नहीं मिली है। ना ही विस्थापन नीति का लाभ मिला है। इसके अलावा रोजगार के नाम पर उन्हें कोई सुविधा नहीं दी जा रही है। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि सीसीएल अपनी कार्य शैली में सुधार लाये। अन्यथा बाध्य होकर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। वही सर्वसम्मति से विस्थापित समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष चेतलाल राम, महासचिव त्रिवेणी प्रसाद सचिव संतोष कुमार कोषाध्यक्ष खुशियाल साव, उप-कोषाध्यक्ष संदीप कुमार राम, उपाध्यक्ष खुशियाल साव, सुरेंद्र साव, दामोदर साव सतनारायण प्रसाद समेत कई लोगों को चुना गया। मौके पर आनंद कुमार, अर्जुन ठाकुर संतोष कुमार, महेंद्र साव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## छेंचा में चोरी की बड़ी वारदात, भूम-विवाद की आशंका

# लाखों के गहने और जमीन के कागजात चोरों ने किये गायब

- रात के अंधेरे में आंगन से घुसे चोर, तीन कमरों के ताले तोड़े

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के छेंचा पंचायत अंतर्गत ग्राम छेंचा में शुक्रवार रात एक सुनियोजित चोरी की वारदात हुई। अज्ञात चोरों ने सतीश कुमार तिवारी के घर को निशाना बनाया। पीड़ित के पुत्र ओम तिवारी उर्फ टिंकू ने बताया कि चोर घर के पीछे आंगन की तरफ से घुसे और एक के बाद एक तीन कमरों के ताले तोड़े। पहले कमरे में कोई सामान नहीं चुराया गया, दूसरे कमरे में बहन व दो बच्चे सोए थे, वहां भी चोर नहीं घुसे। तीसरे कमरे में उनके पिताजी सोते थे, लेकिन वे उस रात पलामू के पाटन में एक ब्रह्मभोज में गए हुए थे। चोरों ने इस कमरे में सूटकेस को खंगाला लेकिन हाथ कुछ नहीं लगा तो सामान इधर-उधर फेंक दिया।


ताले को तोड़कर चोरो ने कि घर में चोरी।

### दस्तावेज और गहनों पर हाथ साफ, बक्सा तोड़कर ले गए कीमती सामान

चोरों ने इसके बाद मकान के मुख्य हिस्से का ताला तोड़ा और वहां रखे एक बक्सा को तोड़कर उसमें से महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरा बैग ले उड़े। इन दस्तावेजों में जमीन की केवाला रसीद, खतीहान, वंशावली और चौकीदारी रसीद जैसे कागजात शामिल थे। यही नहीं, उसी बक्से में रखे गए छह सोने के गहने जिसमें तीन मांगटीका और तीन मंगलसूत्र भी चुरा लिए गए। अनुमान है कि इन गहनों की कीमत लगभग तीन लाख रुपये है।

### खबर लिखे जाने तक मौके पर नहीं पहुंची पुलिस

चोरों ने पूरी प्लानिंग के साथ जिस कमरे में टिंकू के चाचा सोए थे, उसे बाहर से बंद कर दिया, ताकि नींद खुलने पर कोई बाहर न आ सके। घटना की जानकारी मिलते ही शनिवार सुबह सतीश तिवारी पाटन से लौटे और तुरंत बरवाडीह थाना में लिखित आवेदन सौंपा। लेकिन पीड़ित परिवार का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद रविवार शाम तक भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची।

### जमीन विवाद से जोड़कर देख रहा परिवार

पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्होंने चोरी के बाद सारे सामान को यथावत छोड़ दिया, ताकि पुलिस को सुराग मिल सके। लेकिन लगातार हो रही मूसलधार बारिश से संभवतः चोरों के पैरों के निशान और अन्य सबूत मिट चुके हैं। परिवार को संदेह है कि यह चोरी जमीन विवाद से जुड़ी साजिश हो सकती है, जो पिछले एक वर्ष से चल रही है। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय जांच और जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों की निगाहें अब पुलिस की कारवाई पर टिकी हैं।

## पंसस अयुब खान ने नई रेल लाईन और अधुरे पड़े फुट ब्रिज कार्य का जायजा लिया


निरक्षण करते पंसस अयुब खान।

**चंदवा।** कामता पंसस अयुब खान ने रविवार को टोरी के पूर्व में नई रेल लाईन और स्टेशन के पश्चिम में अधुरे पड़े फुट ब्रिज कार्य का रविवार जायजा लिया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि टोरी में रेलवे विभाग की दोहरी नीति चुप्पी का खामियाजा सैंकड़ों छात्र छात्राएं तथा ग्रामीण भुगत रहे हैं। स्टेशन के पश्चिम में फुट ब्रिज का कार्य करीब छः महीने से अधिक समय से बंद पड़ा हुआ है, दूसरी ओर कोयला ढुलाई के लिए टोरी के पूरब में एक किलोमीटर तक नई रेलवे लाईन बिछाने का कार्य करीब एक माह में ही पूर्ण हो गया है। यह रेलवे लाईन टोरी कोयला साइडिंग की तरफ से बालुमाथ लाईन में जोड़ दिया गया है इसकी लंबाई करीब एक किलोमीटर से अधिक है। इस लाईन पर मालगाड़ी का परिचालन शुरू है जबकि जन सरोकार से जुड़ी फुट ब्रिज कार्य को रेलवे ने छः माह से लटकाकर रख दिया है। इस पर विभाग उदासीन है। रेलवे विभाग की दोहरी चुप्पी नीति से प्रखंड वासी आक्रोशित हैं। रेलवे की दोहरी नीति से यह साफ हो गया है कि विभाग को जनता के दुख दर्द से कोई मतलब नहीं है। कोयला ढुलाई कराने और राजस्व बढ़ाने के कार्य को रेलवे विभाग प्राथमिकता देती है लेकिन जब जन सरोकार से जुड़े परियोजना को पूर्ण की बात आती है तो इनकी दिलचस्पी खत्म हो जाती है। एक साल में भी फुट ब्रिज नही बन पाया इससे सैंकड़ों लोग परेशान हो रहे हैं ।यह फुट ओवर ब्रिज स्टेशन की पश्चिम के उत्तर दिशा आईओडब्ल्यू आफिस के पास से दक्षिण दिशा में सरोज नगर हाई स्कूल के तरफ जाने वाले रास्ते में बन रहा है, इसकी लंबाई करीब सत्तर मीटर और दस फीट चौड़ाई है। फुट ब्रिज बनने वाले मार्ग पर ब्लॉक, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज जाने का भी है यह रास्ता है। रोजाना सैंकड़ों छात्र और छात्राएं तथा ग्रामीणो को लाईन पार कर स्कूल कॉलेज शहर प्रखंड कार्यालय आना जाना करना पड़ रहा है।इस समस्या की जानकारी डीआरएम धनबाद, जीएम हाजीपुर को रहने के बाद भी रेलवे विभाग की दोहरी नीति चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है।

## जुआ से भावी पीढ़ियों का बिगड़ता है भविष्य



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय के सरकारी जोत सहित अन्य साथनों मे जुआड़ीयों का अड्डा बनते जा रहा है जिससे आने वाले पीढ़ियों का भविष्य बिगड़ रहा है। बारियातू के एक समाजसेवी ने नाम नहीं छापने के शर्त पर पांच-पांच सौ रुपए की नोटों से खेल रहे जुआ की ताजा फोटो शेयर करते हुए बताया की पिछले कई दिनों से क्षेत्र मे जुआ भारी रकम के साथ जुआ खेला जा रहा है। प्रखंड के आसपास जुआ का अड्डा बनते जा रहा है। जिससे क्षेत्र की भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। घर मे परिजन पत्नी बच्चे पैसे के लिए लाले पड़े रहते हैं और जुआड़ी पांच-पांच सौ की नोटों से जुआ खेलते रहते हैं। शाम को कई लोग हारते हैं तो कोई जुआड़ी जीत कर चले जाते हैं। किसी के दवा, बच्चों की फिश भरने व अन्य कार्य के लिए पैसे घर मे नहीं दिए जाते हैं लेकिन जुआ के लत से कई परिवार का घर बर्वाद हो रहा है। जुआ खेलने वाले कुछ लोग हारते भी हैं और सारा दिन काम का समय गंवा देते हैं। साथ ही पारिवारिक कलह भी बढ़ जाता है। इस मामले मे स्थानीय प्रशासन गंभीर नहीं हुआ तो आने वाले पीढ़ियों का भविष्य और भी बर्वाद हो जायेगा। अभिभावक के उम्र वाले के साथ कई युवा पीढ़ी को भी जुआ का लत लग रहा है।

## मनिका प्रखंड में कांग्रेस के द्वारा संगठन, सृजन चिंतन व मंथन कार्यक्रम का किया गया आयोजन


कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि व कार्यकर्ता।

- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह समेत अन्य हुए शामिल।
- दरोगी प्रसाद यादव को सौंपा गया प्रखंड अध्यक्ष का दायित्व।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत एसबीआई रोड स्थित लोहिया भवन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के द्वारा दिन रविवार को संगठन, सृजन, चिंतन व मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें में मुख्य अतिथि के रूप में मनिका विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह एवं लातेहार जिला सह प्रभारी अजय नाथ शाहदेव शामिल हुए। साथ ही मनिका सह प्रभारी अवधेश मेहरा, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह, कार्यकारी जिला अध्यक्ष गुर्जर उरांव, जिला मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी, पूर्व बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष मनिका विश्वनाथ पासवान एवं प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम भी मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम में प्रखंड कमेटी का भी गठन किया गया, जिसमें सभी के सहमति से मनिका प्रखंड अध्यक्ष पद का दायित्व दरोगी प्रसाद यादव को सौंपा गया। साथ ही प्रखंड उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, रामनंदन उरांव, प्रखंड महासचिव अंजू यादव, संजय कुमार सिंह, कौलेश्वर यादव, गुलाम हुसैन, सुरेश सिंह, सटू कुमार, बालदेव पासवान, शीला देवी व देवंती देवी को बनाया गया एवं कांग्रेस मंडल अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव को बनाया गया। वहीं मुख्य अतिथियों के द्वारा सभी नवनियुक्त सदस्यों को नियुक्ति पत्र दी गई और पार्टी को मजबूत बनाते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। मौके पर रामसेवक सिंह, नन्देव सिंह, उत्तम कुमार, सुजीत कुमार, प्यारी सिंह, पंकज कुमार सिंह, तस्लीम अंसारी, कृष्ण यादव, ललू यादव, प्रेमचंद यादव, महेंद्र यादव, कलटू पासवान, लालदेव राम, हदीस मियां, औरंगजेब खान, फूल कुमारी देवी, समरार खान, समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बेतला में विकास कार्यों का शिलान्यास, रामचंद्र सिंह ने कहा, विकास के लिए लगातार प्रयासरत


शिलान्यास करते विधायक रामचंद्र सिंह।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला अंतर्गत अखरा में सोमवार को क्षेत्रीय विधायक सह झारखंड विधानसभा के सभापति रामचंद्र सिंह द्वारा चारदीवारी निर्माण, भवन और छात्रावास के जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि विकास का आधार मजबूत बुनियादी ढांचा होता है। हम जनता से किए गए हर वादे को धरातल पर उतारने का प्रयास कर रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क,एफ पानी, बिजली समेत हर क्षेत्र में काम हो रहा है। बेतला जैसे पिछड़े क्षेत्रों में भी अब विकास की गूंज सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस क्षेत्र को एक आदर्श क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद जिला परिषद प्रत्याशी हेसामुल अंसारी ने कहा कि यह शिलान्यास आने वाली पीढ़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि रामचंद्र सिंह गरीबों, किसानों और युवाओं की आवाज को सदन में बुलंद करते हैं और जमीन पर विकास कार्यों को अंजाम भी देते हैं। शिलान्यास कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, यूथ कांग्रेस प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर, प्रदेश कमिटी सदस्य रवींद्र राम, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, अनिल सिंह, शहीद असारी, अवधेश मेहरा, कमलेश सिंह, मंसूर आलम, झामुमो अध्यक्ष अफजल अंसारी, हरीश सिंह समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## व्यवसायियों के साथ डीएसपी ने की बैठक


बैठक करते डीएसपी एवं अन्य।

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में आने वाले सभी व्यवसायियों, ठेकेदार, पेट्रोल पंप मालिको एवं प्रोजेक्ट संचालकों के साथ बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर बोलते हुए बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने कहा कि लातेहार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बालूमाथ प्रखंड में संचालित सभी प्रोजेक्ट्स, ठेकेदार एवं व्यवसाईयों के साथ सुरक्षा संबंधी बैठक किया गया है। मौके पाए सभी ठेकेदार एवं व्यवसाईयों से निर्भीक होकर कार्य करने की अपील किया। कहा आप लोगों को जो भी कार्य के दौरान परेशानी आती है। वह निसंकोच होकर पुलिस के पास रखें ।कार्य करने के दौरान अगर कोई परेशानी आती है तो पुलिस उसे दूर करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह इसी तरह बैठक रखी जाएगी और व्यवसाईयों की समस्याओं को सुना जाएगा। मौके पर बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बेरवा बरियातू थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह, हेरहंज थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह, बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, मुरपा पिकेट प्रभारी होसैन डांग, अमरवाड़ीह पिकेट प्रभारी, अनुभव कुमार सिन्हा, पंप संचालक कृष्णा यादव, वीपीआर मायनिग सुनील राम, विवेक यादव, लाल आशीष नाथ शाहदेव, मुजाहिद अंसारी, सोनू सिंह, अशोक गुप्ता, अरविंद कुमार, महेश साव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आइडियल कोचिंग सेंटर सांसग में रजत जयंती सह टॉपर्स सम्मान समारोह का आयोजन

**चंदवा।** प्रखंड के सासंग स्थित आइडियल कोचिंग सेंटर में रविवार को रजत जयंती सह टॉपर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी, समाजसेवी लाल रंजन नाथ शाहदेव, विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज, संस्थान के संचालक पवन मेहता ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की, तत्पश्चात अतिथियों ने मैट्रिक व इंटर कला संकाय की परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त करने वाले आलिया तबस्सुम, शिल्पी कुमारी, शाहजहां परवीन, डिंपल कुमारी, खुशनाज परवीन, अनीषा परवीन समेत दर्जनों छात्र छात्राओं को मेडल पहना कर एवं उनके अभिभावकों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मान किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए सरोज देवी ने कहा कि शिक्षा जीवन की वह अनमोल पूंजी है, जिसे कोई छीन नहीं सकता है। आप सभी विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत

### शिक्षा व ज्ञान ही है जीवन का अनमोल पूंजी : सरोज देवी


टॉपर्स सम्मान समारोह का हुआ आयोजन।

एवं गुरुजनों के मार्ग दर्शन में जो मुकाम हासिल किया है उसे आगे भी कायम रखें व भविष्य में कुछ बनकर क्षेत्र की सेवा करें। वहीं लाल रंजन नाथ शाहदेव ने कहा कि गत 25 वर्षों से संस्थान ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में शिक्षा का अलख जगाने का कार्य कर रहा है, इसे निरंतर जारी रखने की जरूरत है। इसके अलावे आदर्श रविराज ने कहा कि विद्यार्थी शिक्षा चाहे कहीं से भी ग्रहण कर रहे हों, यह मायने नहीं रखता है। मायने रखता है कि उसका आत्मबल, पढ़ने के प्रति उत्साह, लक्ष्य हासिल करने के लिए ललक और राष्ट्र के प्रति समर्पण तथा कुछ करने का जज्बा उसमें निहित हो। आइडियल कोचिंग सेंटर के बच्चों ने इस बार कीर्तिमान स्थापित करते हुए अपना लोहा पूरे जिले में मनवाया है। इसके अलावे अन्य वक्ताओं ने भी विद्यार्थियों को मार्ग दर्शन देने का कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन पवन मेहता व धन्यवाद ज्ञापन अभिमन्यु मेहता ने किया। मौके पर उमेश यादव, सुशील कुमार यादव, अवधेश यादव, उत्तम यादव, विजय यादव, राजेंद्र सिंह, नागमणि यादव, मनोज यादव समेत दर्जनों अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद थे।

# एक्सिस बैंक के ऑपरेशन हेड ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत अम्बवाटोली गांव के भंडारकोना में शनिवार देर रात महुआडांड़ एक्सिस बैंक के सहायक बैंक मैनेजर मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अपने किराए के मकान में गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के कारणों का अभी तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार रात करीब 10:30 बजे की है। मिथिलेश के एक सहकर्मी को उनके परिजनों के अनुरोध पर उनसे मिलने उनके किराए के मकान पर जाना पड़ा। वहां पहुंचने पर मुख्य द्वार ताला बंद मिला। सहकर्मी ने मकान मालिक राजीव कुमार को बुलाया और ताला खोलकर अंदर प्रवेश किया। कमरे में मिथिलेश को पंखे से गमछे के सहारे फांसी पर लटकते देख सहकर्मी ने तुरंत मकान मालिक को सूचित किया। मकान मालिक ने तत्काल स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही महुआडांड़ पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू की। रविवार को मिथिलेश के परिजनों के पटना से महुआडांड़ आने के बाद उनकी उपस्थिति में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक मिथिलेश कुमार ठाकुर मूल रूप से बिहार


फाईल फोटो मिथिलेश कुमार ठाकुर।

के पटना शहर के दीघा निवासी थे। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और सभी संभावित पहलुओं पर नजर रखी जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि मिथिलेश ने पारिवारिक विवाद के कारण उन्होंने यह कठोर कदम उठाया हो। वहीं मिथिलेश के सहकर्मियों ने बताया कि उनकी पत्नी ने रात में फोन कर सूचित किया था कि मिथिलेश फोन नहीं उठा रहे हैं। इसके बाद जब सहकर्मी उनके मकान पर पहुंचे तो यह दुखद दृश्य देखने को मिला। सहकर्मियों ने मिथिलेश को एक मिलनसार और जिंदादिल व्यक्ति के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि मिथिलेश का व्यवहार कभी यह नहीं दशार्ता था कि वह इतना बड़ा कदम उठा सकते हैं। उनकी मृत्यु से सहकर्मियों में शोक की लहर है। मिथिलेश के दो बच्चे हैं, और इस घटना से उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों और सहकर्मियों के बीच इस दुखद घटना को लेकर गहरा सदमा है। पुलिस ने इस मामले में मकान मालिक, सहकर्मियों और परिजनों के बयान दर्ज किए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। वहीं इस दुखद घटना ने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर पैदा कर दी है। मिथिलेश के सहकर्मी और परिचित इस अप्रत्याशित कदम से स्तब्ध हैं और उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत ने बासुकीनाथ में की पूजा-अर्चना




जस्टिस को स्मृति चिन्ह भेंट करते डीसी अभिजीत सिन्हा एवं एसपी पीतांबर सिंह खेरवार।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थली बासुकीनाथ धाम में आषाढ़ शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि रविवार को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सूर्यकांत ने सपत्नीक पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर जस्टिस को पैतृक पंडा की मौजूदगी में विद्वान पंडितों की सानिंध्य में वैदिक मंत्रोचार के बीच बाबा फौजदारीनाथ का जलाभिषेक कराया गया। पूरे विधि-विधान के साथ की गई बासुकीनाथ की पूजा के बाद माता पार्वती सहित समस्त देवी देवताओं की आराधना की गई। इसके उपरांत मंदिर प्रांगण में पूरे भक्ति भाव से शिव पार्वती एवं अन्य देवी देवताओं की आरती उतारी गई। उधर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के आगमन को देखते हुए तीर्थ नगरी की चाकचौबंद सुरक्षा व्यवस्था नजर आई। जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ न्यायिक सेवा के अधिकारी मंदिर में मौजूद थे। इस दौरान डीसी अभिजीत सिन्हा एवं एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को बासुकीनाथ का स्मृति चिन्ह भेंट किया। मौके पर स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में पंडा पुरोहित एवं पुलिस बल उपस्थित थे।

# अपर समाहर्ता ने 83 शराब दुकान की जांच का कार्य पूरा करने का दिया निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड सरकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के आलोक में बोकारो जिला अंतर्गत संचालित 83 खुदरा उत्पाद दुकानों के स्टॉक सत्यापन/जांच हेतु डीसी सह जिला दंडाधिकारी अजय नाथ झा के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में जांच हेतु सभी प्रतिनियुक्त जांच पदाधिकारी एवं उत्पाद विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में खुदरा उत्पाद दुकानों के स्टॉक सत्यापन के संबंध में विस्तृत वार्ता की गई एवं अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी द्वारा ससमय स्टॉक सत्यापन करने हेतु सभी जांच पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर सहायक उत्पाद आयुक्त उमाशंकर सिंह सहित सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे। अपर समाहर्ता ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं दंडाधिकारियों को, आवंटित खुदरा उत्पाद दुकान के स्टॉक का कार्य पूर्ण कर प्रतिवेदन देने को कहा। अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने कहा कि वैसे खुदरा उत्पाद दुकान जिन पर वित्तीय अनियमितता अथवा दुकान में कार्यरत कर्मी जिनके विरुद्ध पूर्व में गंभीर आरोप या प्राथमिक दर्ज है या ब्लैक लिस्टेड की कार्रवाई की गई है- उनसे प्रस्तावित खुदरा उत्पाद दुकान के संचालन में किसी भी परिस्थिति में कार्य नहीं ली जाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने बोकारो जिला अंतर्गत कुल 83 खुदरा उत्पाद दुकानें जिसमें 20 देसी व 37 विदेशी एवं 26 कंपोजिट शराब की दुकान के स्टाफ सत्यापन जांच का कार्य अविलंब एक जुलाई तक पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## एक नजर में

### बेरमो : जीनियस स्टडी पॉइंट के द्वारा अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया



बेरमो। फुसरो के पटेल नगर स्थित राजशाही भवन मे जीनियस स्टडी पॉइंट के द्वारा अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे सीसीएल ढोरी के सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, विशिष्ट अतिथि बीएंडके के एफएम ज्ञानेन्द्र चौबे, मैम्बर ऑफ कॉमर्स उपाध्यक्ष सुशांत राईका, ओम मेडिकल हॉल के विकास अग्रवाल तथा कांग्रेसी नेता मो रईस आदि उपस्थित रहे। वही इस वर्ष टॉपर रहे छात्र-छात्राए और अभिभावक को सम्मानित किया गया। इन्टर मे आर्ट्स मे प्रथम रुपाली कुमारी, दूसरे स्थान पर रही नंदनी कुमारी, चेयता कुमारी, जेएसएम कॉलेज की कॉमर्स की टॉपर नादिया फातिमा वही मैट्रिक मे सुनिता कुमारी, निरज कुमार, सोनिया कुमारी, भावना कुमारी को सम्मानित किया गया। वही उपस्थित लोगों ने कहा कि जीनियस स्टडी पॉइंट के द्वारा बच्चो को अच्छा शिक्षा दिया जा रहा है। कोचिंग संस्थान के संस्थापक ए के चौहान ने कहा कि बच्चो का अभिभावको को सम्मानित करने की उद्देश्य है कि बच्चो के अन्दर आगे बढ़ने की उत्साह और बढ़े। बच्चों के शिक्षा में अभिभावकों का बहुत योगदान है। बच्चों में पढ़ाई के साथ संस्कार देने का भी कार्य किया जाता है। मौके पर सह-संस्थापक आरती दास, प्रबंधक राजेश दूबे आजाद, अंजली, आलोक झा, पायल, राज, साहिल आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### श्रमिकों के स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़ : अजय



बेरमो। सीसीएल में कथारा क्षेत्र सबसे अधिक श्रमिकों की संख्या वाला क्षेत्र है। सीसीएल मुख्यालय द्वारा श्रमिकों को शुद्ध पेयजल जल मुहैया कराने के लिए कार्य योजना 11 वर्षों से विफल साबित हो रहा है। वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का सभी फिल्टर प्लांटेशन मशीन खराब पड़ा है। उक्त कार्य का फूल रिनोवेशन किए जाने का एक्सरसाइज लंबे समय से हो रहा है। सीसीएल के तत्कालीन सीएमडी गोपाल सिंह के द्वारा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को दुरुस्त किए जाने का भी सख्त निर्देश क्षेत्र को दिया गया था इस कड़ी में उसे समय के तत्कालीन विभाग अध्यक्ष असैनिक शर्मा साहब का स्थानांतरण भी अन्यत्र क्षेत्र में किया गया था। सीएमडी के घोषणा के बाद भी सी एम डी 4 वर्ष तक सीएमडी के प्रभार में ही रहे लेकिन मजदूरों को शुद्ध पेयजल मुहैया नहीं कर सके। 15 दिनों से लगातार सीसीएल के विभिन्न कॉलोनियों में कीचड़ युक्त पानी का सप्लाई किया जा रहा है। लेकिन सीसीएल प्रबंधन मोनी बाबा के तरह अपनी योजना को निहार रहा है। यहां तक के वर्ष के पहले एलम फेरिक की भी व्यवस्था नहीं हो पाया। आज भी सीसीएल प्रबंधन द्वारा दर्जनों ऐसी योजना है जहां लाखों लाख रुपया खर्च कर वह कार्य अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। यह सीसीएल के उदासीन रवैया को दर्शाता है। पिछले दिनों उक्त मामले को आरसीएमयू के रीजनल उपाध्यक्ष व कथारा के विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने सीसीएल के निदेशक कार्मिक की अनुपस्थिति में उनके निजी सहायक अभिलाष सिंह एवं सीसीएल के महाप्रबंधक कल्याण रेखा पांडे को हो रही जल आपूर्ति को बोतल में पेश किया था। अगर जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो सीसीएल के उदासीन रवैया के खिलाफ संगठन के द्वारा जोरदार पहल किया जाएगा। इस बीच क्षेत्र के लोगों ने संयुक्त हस्ताक्षर पत्र बेरमो के विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह को सौंप कर शुद्ध पेयजल मुहया करवाये जाने का आग्रह किया है।

### बेरमो : अखबार विक्रेता बने ठगी का शिकार

तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट के प्रतिष्ठित अखबार विक्रेता सतीश बुक स्टॉल के सतीश कुमार के खाते से ऑन लाइन साइबर ठगो ने 4,28,499 रुपये उड़ाया। इस बारे में सतीश कुमार ने बताया कि दिन शुक्रवार लगभग ढाई बजे साइबर ठगो के द्वारा फोन कर बोला कि आपका बिजली बिल बकाया है। तथा ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा और अभी तुरंत रजिस्टर्ड कराए आप लाइन में रहिए फोन डिश कनेक्ट नहीं कीजियेगा। लगभग आधा घंटा लाइन में रहने के बाद डायरेक्ट पैसा कटने लगा। फोन काटते काटते पैसा का निकासी हो हो गया। कुल सात बार में निकासी कर लिया। 34 हजार (चौतीस हजार) दूसरे बार में 1,97,500, फिर 49,000 कर के चार बार, 999 रुपए कुल मिला कर 4,28,499 रुपए उड़ा दिया। तुरंत बैंक जाकर खाता को बंद कराया गया। साइबर ठगो ने प्रति दिन नई नई विधि से लोगो को ठगने उपाय अपना रहा है। और उसके शिकार में प्रति दिन भोला-भाला कोई ना कोई इंसान फंस कर अपना लाखों रुपए गंवा रहे है।

### दुमका : मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक में जारी हुए कई गाईड लाईन



दुमका। शांतिपूर्ण व सौहादर्यपूर्ण महौल में 5 जुलाई को मोहर्रम पर्व मनाने को लेकर रविवार को नगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर थाना प्रभारी नंदकिशोर प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सदर बीडीओ उमेश कुमार मंडल उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण मनाने का अपील किया गया है। डीजी बजाना पूर्ण रूपेण प्रतिबंध होगा। किसी प्रकार के अन्य देशों के झंडे लहराने की सख्त मनाही की गई है। साथ ही नगर थाना प्रभारी ने किसी प्रकार की भड़काउ गाना और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्टर करने वालो असमाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि सामाजिक सौहादर्य बिगाड़ने वाले लोगों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर होगी। धार्मिक उन्माद फैलाने वाले लोगों से प्रशासन सख्ती से निपटने को तैयार है। पुलिस प्रशासन ने मुहर्रम में तजिया निकालने के निर्धारित साईज, समय और रूटों को लेकर चर्चा किया। थाना प्रभारी ने समिति सदस्यों को तजिया वाले रूट लाईनों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनाती एवं अग्निशामक वाहनों की तैनाती की समुचित व्यवस्था का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समिति सदस्यों ने समुचित व्यवस्था की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। समिति सदस्यों ने समुचित लाईट की व्यवस्था, सफाई, पानी आदि की व्यवस्था करने को लेकर पहल किया। इस अवसर पर प्रेम केशरी, राधेश्याम वर्मा, श्यामाकांत साह, डॉ मनोज घोष, डॉ अमिता रक्षित, मो शारीक, मो शरीफ, हैदल अली, प्रदीप्तो मुखर्जी, मो अब्बास, मो नौशाद आलम, मो अली, भाष्कर अजीत सिंह, मुस्ताक अली आदि उपस्थित थे।

### मुहर्रम पर्व को लेकर शिकारीपाड़ा थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



शिकारीपाड़ा। मोहर्रम पर्व को लेकर रविवार को जिला के शिकारीपाड़ा थाना परिसर में अंचल अधिकारी कपिल देव ठाकुर के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अंचल अधिकारी ने उपस्थित लोगों को जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देश से अवगत कराते हुए कहा कि पूर्व से निर्धारित मार्ग से ही ताजिया का जुलूस निकाला जाएगा। जहां मेला लगेगा वहां शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती होगी। घनी आबादी से जुलूस गुजरते समय प्रशासन स्वयं मौजूद रहेगा। किसी भी हालत में भड़काऊ नारा एवं अश्लील गाना बजाना वर्जित रहेगा। इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने कहा कि पुलिस शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए हमेशा तैयार रहेगी एवं दंडाधिकारी की मौजूदगी में गश्ती दल भी क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगा। बैठक में प्रखंड प्रमुख हुदू मरांडी, रामनारायण भगत, लाल मोहम्मद उर्फ ललकामिया,महतो मियां ,सहित अन्य मौजूद थे।

### तालाब में डूबने से किशोरी की मौत

दुमका। जिला के जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत सुखजोरा नाग मंदिर के सामने तालाब में डूबने से किशोरी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार किशोरी अपने दोस्तों के साथ नाग मंदिर में पूजा करने गई थी। दोस्तों ने बताया कि पानी में डुबकी लगाने के बाद किशोरी ऊपर नहीं आयी। ग्रामीणों ने बेहोशी की हालत में उसे निकाला और डॉक्टर के पास लेकर गए। तब तक शायद बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टर ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मृत युवती छोटी कुमारी (14) नोनीहाट पंचायत के नोनीगांव निवासी किशुन मांझी की छोटी पुत्री थी। इधर लड़की की मौत की खबर सुन कर परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल है। इधर शव के गांव में मातम पसरा है।

### राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की बैठक




बेरमो। राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का प्रदेश स्तरीय बैठक रविवार को रांची स्थित कटहल मोड़ में सम्पन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार नीलेश की सहमति एवं जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता के अनुशंसा पर बोकारो जिला कमिटी का विस्तार करते हुए बोकारो जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार साहू, जिला सचिव अनूप कुमार साव एवं जिला कोषाध्यक्ष नरेश चंद्र नायक को मनोनित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार नीलेश द्वारा घोषणा किया गया कि तेली समाज के किन्हीं भी जरूरतमंद लोगों को निशुल्क रात्रि विश्राम एवं ठहरने हेतु उचित प्रबंध राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की और से किया गया है। सुख दु:ख में एक दूसरे के साथी बनने एवं समाज के पुनीत कार्यों में महिलाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित किया जाए।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो के बालीडीह में धमन भट्ठी में विस्फोट दो मजदूर झुलसे



बोकारो। बोकारो जिले में बालीडीह इंडस्ट्रियल एरिया के शिवपुरिया इस्पात उद्योग के धमन भट्ठी में सुबह विस्फोट हो गया। विस्फोट की चपेट में आने से दो मजदूर बुरी तरह से झुलस गये। गंभीर रूप से घायल दोनों मरीजों को बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

### बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ ने इस्पात मंत्री को लिखा पत्र

बोकारो। बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ बोकारो इस्पात कामगारों के हितों की रक्षा में सदैव तत्पर रहता है। संयुक्त महामंत्री आशा देवी ने बोकारो इस्पात नगर प्रबंधन के ढूलमूल रवैये से उत्पन्न समस्याओं पर ई मेल/ पत्र के माध्यम से इस्पात मंत्री और सेल अध्यक्ष एवं प्रबंधन नगर सेवाएं का ध्यान आकृष्ट कराने का प्रयास किया है। आशा देवी ने कहा कि सुंदर शहर बोकारो को बर्बाद किया जा रहा है। इस्पात मंत्री को भेजे मेल में संयुक्त महामंत्री ने कहा कि कामगारों के गम्भीर बिमारियों की स्थिति में आश्रितों के नियोजन में सरलता लाई जाय जिससे उनका परिवार भी सम्मान से जिंदगी जी सके। मजदूर संघ के प्रेस सचिव ने कहा कि प्रबंधन को पूर्व में दिए गये मांग पत्र पर बोकारो प्लांट प्रबंधन द्वारा वार्ता का आश्वासन देकर अभी तक मजदूरों के साथ वार्ता का समय निर्धारित नहीं करना प्रबंधन की लापरवाही को दशार्ता है। सारे कामगार इस ढूलमूल रवैये पर आक्रोशित हैं और आगे की कार्यवाही पर गंभीरता पूर्वक विचार कर रहे हैं।

### गोड्डा : पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

गोड्डा/पथरगामा। थाना क्षेत्र के महेशलिट्टी ग्राम के शमशान घाट के पास पेड़ के ऊपर गले में कपड़ा का फंदा लगाकर लगभग 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ। जिसके बाद इस घटना की सूचना पथरगामा थाना प्रभारी को दी गई। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर पेड़ से लटकते शव को नीचे उतरवाया और शव की जांच पड़ताल की। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पंचायत के मुखिया नागेंद्र महतो को दी। मुखिया नागेंद्र घटनास्थल पर पहुंचे और शव को देख कर बताया कि यह महेशलिट्टी पंचायत का ही व्यक्ति है। इसी बीच मटिहानी ग्राम के ग्रामीणों ने मृतक के बड़े भाई नागेश्वर हांसदा एवं मृतक की पत्नी होपनमय सोरेन को दी गई।

### गोड्डा : छेड़खानी से तंग आकर महिला ने की आत्महत्या

गोड्डा। सदर प्रखंड अंतर्गत मोतिया गांव में छेड़खानी से आहत होकर चार बच्चे की मां ने खुदकुशी कर ली। वहीं घटना शुक्रवार की देर शाम की बताई जा रही है, जहां हटिया से लौटने के बाद महिला ने कीटनाशक खा लिया। महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों को बताया कि उसके घर के बगल का रहने वाला राजेश हरिजन उसके साथ छेड़खानी कर रहा था, इससे वह आहत हो गयी थी और बेइज्जती के डर से महिला ने कीटनाशक खा लिया। जिसके बाद महिला की हालत बिगडने लगी तब ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल से भागलपुर रेफर कर दिया गया। वहीं भागलपुर ले जाने के क्रम में सिकटिया के पास महिला ने दम तोड़ दिया। मृतका के ससुर ने बताया कि उनका बेटा दिल्ली में रहकर काम करता है। पतोहू अपने बच्चों के साथ मोतिया में ही रह रही थी। गांव के ही राजेश छेड़खानी कर रहा था। वह गलत संबंध बनाने का दबाव दे रहा था इसका महिला ने विरोध किया।

**दुमका : विस्थापन, प्रदूषण और दुर्घटनाओं के खिलाफ आंदोलन करेगी सीपीएम**

# संताल परगना काश्तकारी कानून की धज्जियां उड़ाते हुए रैयतों की जमीन लूट रहे दलाल : वृंदा



बैठक में उपस्थित सीपीएम नेता वृंदा करात व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** संताल परगना क्षेत्र में जमीन का सवाल एक प्रमुख सवाल है। चुकी देशी विदेशी कंपनियों और कार्पोरेट घरानों की नजर यहां की खनिज संपदा पर है। हाल ही में निजी कंपनियों को कोयला खनन के लिए कोल ब्लाक आवंटित किए गए हैं। ये निजी कोल कंपनियां यहां के आदिवासियों और अन्य गरीबों की जमीन की रक्षा के लिए बने संताल परगना काश्तकारी कानून की धज्जिया उड़ाते हुए स्थानीय दलालों के माध्यम से रैयतों के जमीन की लूट रही है। उक्त बातें संताल परगना क्षेत्रीय कमेटी की बैठक में सीपीएम नेता बृन्दा कारात ने रविवार को कही। उन्होंने कहा कि पाकुड़ के अमड़ापाड़ा के पचुआडा नार्थ कोल ब्लाक के समीप बसे गांवों में इन दलालों का इतना आतंक है कि आम आदिवासी रैयत कंपनी के खिलाफ मुंह तक नहीं खोलते हैं। दुसरी ओर सार्वजनिक क्षेत्र के उधम कोल इंडिया की कंपनी ईसीएल ने भी कोयला खनन का काम कुख्यात आउटसोर्सिंग कंपनियों के हवाले कर दिया है। जिन्हें नहीं तो कामगारों के हितों की परवाह है और नही रैयतों के अधिकारों की। इस अवसर पर राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा कोयला उधोग का निजीकरण किए जाने की दिशा में कदम उठाते हुए कार्पोरेट घरानों को कोल ब्लाकों की नीलामी की जा रही है। जिससे एक बड़ी समस्या यहां कोयला कंपनियों द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से कोयले का उत्खनन करने के बाद उसके परिवहन से आ रही है। आमड़ापाड़ा के ओपेन कास्ट कोयला खानों से कोयला निकाल कर निजी कंपनियों द्वारा बड़े-बड़े बड़े डंपर, हाइवा वाहनों से कोयला दुमका और पाकुड़ के डम्पिंग यार्ड तक संडक मार्ग से भेजा जाता है। कोयला के परिवहन में सैकड़ों वाहन कोयले की धुल उड़ाते हुए राजमार्ग से गुजरते हैं। जिसके चलते भारी प्रदूषण हो रहा है और कभी हरा भरा दिखने वाला यह इलाका कोयले के काले डस्ट से रोड के किनारे बसे गांवों को अपने आगोश में ले लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कोयले को ढंक कर ले जाने और रास्ते में पानी का छिड़काव करने का दिशा-निर्देश केवल कागजों तक सीमित रह गया है। कोयला परिवहन से उड़ने वाली डस्ट से वातावरण में कोयले के महीन कणों की मौजूदगी से लोगों को श्वांस की बीमारी हो रही है। इसके अलावा अनियंत्रित बड़े वाहनों के परिचालन से रोज दुर्घटनाएं भी होती हैं। इलाके की खेती भी चौपट हो रही है। इस ज्वलंत मुद्दे पर आज सीपीएम की दुमका और पाकुड़ जिला कमेटी की संयुक्त बैठक में चर्चा करते हुए आंदोलन की एक कार्य योजना बनायी गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव सुभाष हेम्ब्रम ने की। बैठक में संताल हूल की 170वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में एहतेशाम अहमद, शिवानी पाल, प्रफुल्ल लिंडा आदि मौजूद रहे।

# बेरमो: जारंगडीह में पत्रकार एकता मंच की बैठक संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कथारा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारंगडीह दक्षिणी पंचायत भवन में रविवार को पत्रकार एकता मंच की एक अहम बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता पत्रकार अनिल बर्नवाल और संचालन एसपी सक्सेना के द्वारा किया गया। इस बैठक में तमाम पत्रकारों ने एकजूटता आपसी समन्वय एवं समय-समय पर एक दूसरे के साथ सुख दुख में साथ देने की बातें कही गई। बैठक में यह भी तय हुआ कि प्रति माह नियमित रुप में मंच की बैठक आयोजित होगी साथ ही पत्रकारिता के गिरते स्तर को देखते हुए मंच के अध्यक्ष सकशेना ने कहा कि आप लोग अपनी कलम मे धार लाईये ताकि सच्च दुनिया के सामने सरलता से आये और लोगो के बीच आपकी विश्वसनीयता पुनः स्थापित हो सके। कहा गया कि दो दो रुपये की पत्रकारिता से खुद को बाहर निकाले तभी आपका अस्तित्व बच पायेगा। इस बैठक में उपरोक्त लोगों के अलावे शहरयार खान, जगदीश भारती, साजेश गुप्ता, सिराज अंसारी, राजेश मिश्रा, शिव शंकर सिंह, धीरज बरनवाल, इस्तियाक अहमद आदि दर्जनों पत्रकार मौजूद थे। जबकि धन्यवाद ज्ञापन पत्रकार एकता मंच के अध्यक्षता कर रहे अनिल बर्नवाल ने कहा कि एक जुटातस ही हमारी ताकत है इसे बनाये रखने की जरूरत है।

# दुमका : कोयला डंपिंग यार्ड हटाने की मांग को लेकर आरपीएफ व आंदोलनकारी अपनी अपनी बातों पर अड़ें



आरपीएफ जवान व आंदोलनकारियों में होती नोक-झोंक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** कोयला डंपिंग यार्ड हटाने की मांग को लेकर आंदोलनरत स्थानीय ग्रामीणों ने रेलवे स्टेशन परिसर में धरना प्रदर्शन कर रहे धरनार्थियों और आरपीएफ के बीच कसमकस देखने को मिला। लोगों के लिए सिर दर्द बन चुका कोयला डंपिग यार्ड को हटाने के सिवा इन लोगों की और कोई भी मांग नहीं है। रविवार को रविशंकर मंडल के नेतृत्व में मुन्नी हांसदा, भाजपा के युवा और जुझारू नेता बिमल मरांडी, पूर्व नगर पर्षद अध्यक्ष अमिता रक्षित के साथ ग्रामीण धरना स्थल पर पहुंच कोयला डंपिग यार्ड हटाने की मांग को लेकर धरना स्थल पर पहुंच कर विरोध जताया। धरना देने के सवाल पर जहां आरपीएफ रेलवे स्टेशन परिसर में धरना नहीं देने पर अड़ी रही तो दूसरी ओर धरनार्थी भी उसी बात को लेकर अपनी बातों पर अडिग दिखे। इसी बात को लेकर आरपीएफ इंस्पेक्टर मनोज कुजूर से धरनार्थी की बहस हो गई। आरपीएफ कर्मी के साथ हुई बहस में आंदोलनकारियों ने कहा कि यहां कोयला डंप अवैध रूप से हो रहा है लेकिन उसे आप नहीं रोक रहे हैं। एक भी नियम कानून का पालन नहीं किया जा रहा है। उस पर आप चुप हैं। लेकिन शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों को अपनी पावर दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन से हो रहे प्रदुषण को रोक दीजिए हमलोग धरना हटा देंगे। कहा कि सैंकड़ों लोग इससे प्रभावित हो कर बीमार पड़ रहे उसे देखने वाला कोई नहीं है। सीनेट सदस्य भाजपा नेता बिमल मरांडी ने कोयला डंपिग यार्ड हटाने की मांग को लेकर विरोध स्वरूप जमीन पर बैठकर ही पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा कही जाने वाली मन की बात कार्यक्रम को सुनने लगे। उन्होंने कहा कि गोली चलाईए लाठी चार्ज कीजिए हम यहीं धरना देंगे। अब हर हाल में कोयला डंपिंग यार्ड दुमका रेलवे स्टेशन पर से हटाना पड़ेगा। इस अवसर पर हेमंत श्रीवास्तव, विष्णु यादव, अमन सिंह, अभय गुप्ता, गोवर्धन मंडल, जिमी यादव आदि मौजूद रहे।

# बोकारो : डीवीसी चंद्रपुरा में जीवन शैली और खुशी के रहस्यों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित दीघार्यु जीवन शैली व स्वास्थ्य और खुशी के रहस्यों को समझना विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक विनोद कुमार राय ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में कुछ ना कुछ गुण आवश्यक होता है। इस गुण को अपनाकर हम अपने जीवन शैली में सुधार ला सकते हैं। उन्होंने मानसिक सोच की मजबूती पर बल दिया और कहा कि मानसिक रूप से मजबूत व्यक्ति ही शारीरिक और सामाजिक रूप से मजबूत हो सकता है। प्रशिक्षक डॉ अशोक कुमार ने आम लोगों के महत्वाकांक्षी कार्यों पर विशेष प्रकाश डाला और कहा कि बच्चों को स्वतंत्र रूप से शिक्षा लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। डॉ पीके घोष ने स्वस्थ रहने के लिए लोगों को खुश रहने की अपील की और कहा कि खुशियां खरीदी नहीं जा सकती। इस अवसर पर आपसी सहमति बनाए रखने और आपसी भ्रांतियां दूर करने के लिए एक खेल का भी आयोजन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अक्षय कुमार सुमन कुमार नूरजहां बानो राम रतन टुडू सुजीत कुमार रईस अंसारी बैसाखी बेरा अनूप कुमार सिन्हा महेंद्र कुमार विश्वकर्मा मो मुजाहिद रजा आशीष कुमार चक्रवर्ती जितेंद्र कुमार सिन्हा महेंद्र साव उमाशंकर प्रसाद सुरेश मनोरी सुनीता कुमारी आदि शामिल थे। इस अवसर पर प्रबंधक रोहित कुमार मीरा बखला अजीत कुमार आदि उपस्थित थे। निदेशक राय ने सभी प्रशिक्षणार्थियों और प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

# हरिद्वार में गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर झारखंड में भी उत्साह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** 9-10 जुलाई को हरिद्वार में आयोजित होने वाले नीलकंठ महादेव गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर बोकारो सहित झारखंड के विभिन्न जिलों के निखिल शिष्यों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। ज्वालापुर रोड स्थित प्रेमनगर आश्रम में आयोजित होने वाला यह भव्य आध्यात्मिक समागम अंतर्राष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार एवं आध्यात्मिक पत्रिका निखिल मंत्र विज्ञान जोधपुर के तत्वावधान में परम पूज्य सद्गुरुदेव परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानंद जी की दिव्य छत्रछाया और पूज्य गुरुदेव नन्द किशोर श्रीमाली के सानिध्य में संपन्न होगा। महोत्सव में बोकारो सहित झारखंड के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में शिष्य भाग लेंगे जिसकी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। कार्यक्रम में गुरु और शिव के संयुक्त पूजन की विशेष साधना भी कराई जाएगी जिसका उद्देश्य शिष्यों के जीवन से चिंता भय भ्रम और असफलताओं को दूर करना है। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी विजय कुमार झा ने बताया कि गुरु के बिना मानव जीवन अधूरा है और गुरु पूर्णिमा आत्मा की जागृति का एक साक्षात क्षण होता है। बोकारो सहित झारखंड बिहार दिल्ली हरियाणा पंजाब हिमाचल प्रदेश जम्मू उत्तर प्रदेश उत्तराखंड ओडिशा छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश राजस्थान महाराष्ट्र कर्नाटक तमिलनाडु पश्चिम बंगाल असम और नेपाल से भी बड़ी संख्या में निखिल मंत्र विज्ञान के कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हैं।

स्पीड न्यूज

## पाकिस्तान में भारी बारिश से 38 लोगों की मौत, 63 घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में भारी बारिश से 38 लोगों की मौत हुयी है और 63 लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण 78 घर भी नष्ट हुए हैं और 30 मवेशियों की मौत हुयी है। देश का उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ, जहां 19 लोगों की मौत हुयी है और 41 घायल हुए हैं। इसके बाद पूर्वी पंजाब प्रांत में 12 लोगों की मौत हुयी है और छह घायल हुए हैं।

## राष्ट्रपति का दो दिवसीय उत्तर प्रदेश दौरा आज से

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू30 जून से 1 जुलाई तक उत्तर प्रदेश के बरेली और गोरखपुर के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वे विभिन्न शैक्षिक एवं स्वास्थ्य संस्थानों के कार्यक्रमों में भाग लेंगी और कई विकास कार्यों का शुभारंभ करेंगी। पहले दिन 30 जून को राष्ट्रपति बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के 11वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगी। इसके बाद वे गोरखपुर जाएंगी, जहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के पहले दीक्षांत समारोह को भी संबोधित करेंगी।

## पाक में बम विस्फोट दो लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक कबाड़ गोदाम में हुए विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। दीर जिले में शनिवार शाम कबाड़ गोदाम में पुराने विस्फोटकों से यह हादसा हुआ। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी और पांच घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनमें से दो की हालत गंभीर बताई गई है।

## आप विधायक कुंवर प्रताप पार्टी से बाहर

चंडीगढ़ । पंजाब में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने अमृतसर उत्तरी से विधायक और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी कुंवर विजय प्रताप सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के चलते पांच साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में लिया गया जिसमें उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की गई।

## इटली में डेटा खराबी से तीन सौ उड़ानें रद्द

**रोम।** इटली के मिलान में एरिया कंट्रोल सेंटर में शनिवार शाम डेटा ट्रांसमिशन में खराबी आने के कारण देश के पश्चिमोत्तर क्षेत्र के कई शहरों में 300 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गयीं। एएनएसए समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि यह घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब नौ बजे हुयी। इसके कारण मिलान, बगामी, जेनोआ और ट्यूरिन सहित प्रभावित हवाई क्षेत्र के हवाई अड्डों पर उड़ानें स्थगित कर दी गयीं या उड़ान भरने और उतरने पर बड़े प्रतिबंध लगा दिए गये। तकनीशियन हवाई यातायात संचालन को बहाली में जुटे हुए हैं।

## सोनभद्र में एक करोड़ का गांजा बरामद

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में दुद्धी कोतवाली क्षेत्र में पुलिस टीम ने एक ट्रक से चावल की बोरी में छिपाकर ले जाया जा रहा 10क्विंटल गांजा बरामद किया है । एसपी अशोक कुमार मीणा ने रविवार को बताया कि दुद्धी थाना क्षेत्र के रजखड़ क्षेत्र में पुलिस टीम द्वारा शनिवार रात जब संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी बीच दुद्धी हाथीनाला मार्ग पर एक संदिग्ध ट्रक दिखाई दिया। पुलिस टीम ने जांच शुरू की तो चावल की बोरी में अवैध रूप से गांजा रखा हुआ पाया गया। जांच में पुलिस को 10 क्विंटल गांजा बरामद हुआ जिसकी अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ है।

# आपातकाल में हुई थी संविधान की हत्या

## मन की बात में प्रधानमंत्री ने हजारों लोगों को दी श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने लोकतंत्र की रक्षा की थी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में आपातकाल की 50वीं बरसी पर उसके काले अध्याय को याद किया और कहा कि यह सिर्फ संविधान की हत्या नहीं थी, बल्कि न्यायपालिका को भी गुलाम बनाने का प्रयास था। उन्होंने उन हजारों लोगों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने अत्याचारों का सामना करते हुए लोकतंत्र की रक्षा की। प्रधानमंत्री ने 123वें एपिसोड में अनेक विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने हाल के दिनों में देश में हुए सकारात्मक बदलावों, सांस्कृतिक पर्वों, सामाजिक सहभागिता, महिलाओं की प्रगति, पर्यावरण संरक्षण और भारत की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए देशवासियों को गर्व और प्रेरणा का अनुभव कराया। प्रधानमंत्री ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर

- 1975 में न्यायपालिका को भी गुलाम बनाने का हुआ था प्रयास : मोदी
- पूर्व पीएम मोरारजी देसाई, बाबू जगजीवन राम और अटल बिहारी वाजपेयी के ऑडियो भी साझा किया




लोकतंत्र की रक्षा में जुटे लोगों को याद किया। मोदी ने कहा कि 1975 में लगाए गए आपातकाल के दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। आप कल्पना कर सकते हैं कि वह दौर कैसा था। आपातकाल लगाने वालों ने ना सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी गुलाम बनाए रखने का था। इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। इसके ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई, बाबू जगजीवन राम और अटल बिहारी वाजपेयी के पुराने ऑडियो भी साझा किए, जिनमें उन्होंने उस दौर की भयावहता को स्पष्ट किया। मोदी ने कहा कि यह भारत की जनता का सामर्थ्य था कि वो झुकी नहीं, टूटी नहीं और लोकतंत्र के साथ कोई समझौता स्वीकार नहीं किया। 25 जून को लागू किए गए आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर केंद्र सरकार द्वारा इसे संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया। मोदी ने कहा कि देश पर आपातकाल थोपे जाने के 50 वर्ष कुछ दिन पहले ही पूरे हुए हैं। हम देशवासियों ने संविधान हत्या दिवस मनाया है। हमें हमेशा उन सभी लोगों को याद करना चाहिए, जिन्होंने आपातकाल का डट कर मुकाबला किया था। इससे हमें अपने संविधान को सशक्त बनाए रखने के लिए निरंतर सजग रहने की प्रेरणा मिलती है।

**विशाखापत्तनम में दो हजार से अधिक आदिवासी छात्रों ने 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार किये**

प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की भव्यता का वर्णन करते हुए बताया कि इस बार योग दिवस पर तीन लाख लोगों ने विशाखापत्तनम के समुद्र तट पर एक साथ योग किया। दो हजार से अधिक आदिवासी छात्रों ने 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार किए। दिल्ली में यमुना के किनारे योग को स्वच्छता के संकल्प से जोड़ा गया। हिमालय की बर्फीली चोटियों से लेकर नौसेना के जहाजों तक, योग हर जगह हुआ। इस बार की थीम एक धरती, एक स्वास्थ्य को उन्होंने वैश्विक एकता और भारतीय संस्कृति का संदेश बताया। प्रधानमंत्री ने तीर्थ यात्राओं में सेवा की भावना का उल्लेख करते हुए कहा कि जब लोग तीर्थ पर निकलते हैं, तो हजारों लोग सेवा में लग जाते हैं – भोजन, पानी, चिकित्सा और आश्रय जैसी व्यवस्थाएं भाव से की जाती हैं। उन्होंने कैलाश मानसरोवर यात्रा के फिर से शुरू होने और अमरनाथ यात्रा, जगन्नाथ रथ यात्रा जैसे आयोजनों की चर्चा की और सेवा भाव से जुड़े लोगों की सराहना की। उन्होंने देश को ट्रेकोमा रोग से मुक्त घोषित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की और बताया कि यह उपलब्धि स्वच्छता, जल की आपूर्ति और स्वास्थ्यकर्मियों की मेहनत से संभव हुई है। उन्होंने बताया कि अब देश की लगभग 64 प्रतिशत जनसंख्या को किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत की अंतरिक्ष में सफलता पर कहा कि देश हर क्षेत्र में नया इतिहास रच रहा है।

### जॉर्ज फर्नांडिस को जंजीरों में बांधा गया था

उन्होंने कहा कि जॉर्ज फर्नांडिस साहब को जंजीरों में बांधा गया था। अनेक लोगों को कठोर यातनाएं दी गई। मीसा के तहत किसी को भी ऐसे ही गिरफ्तार कर लिया जाता था। छात्रों को भी परेशान किया गया। अभिव्यक्ति की आजादी का भी गला घोंट दिया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उस दौर में जो हजारों लोग गिरफ्तार किए गए उन पर ऐसे ही अमानवीय अत्याचार हुए लेकिन यह भारत की जनता का सामर्थ्य है कि वो झुकी नहीं, टूटी नहीं और लोकतंत्र के साथ कोई समझौता स्वीकार नहीं किया। आखिरकार, जनता-जनार्दन की जीत हुई-आपातकाल हटा लिया गया और आपातकाल थोपने वाले हार गए।

# रेलवे आरक्षण में बड़ा बदलाव कल से

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे यात्री आरक्षण प्रणाली में एक जुलाई से बड़ा बदलाव करने जा रही है जिसके फलस्वरूप टिकट बुकिंग क्षमता में विस्तार और तत्काल टिकट बुकिंग में उपयोगकर्ता के आधार से प्रमाणीकरण के साथ साथ आरक्षण चार्ट बनाने का तरीका भी बदला जा रहा है।

आधिकारिक सूत्रों ने यहां कहा कि भारतीय रेल यात्रियों के संपूर्ण यात्रा अनुभव को यात्री-केंद्रित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रेलयात्रा की शुरूआत टिकट आरक्षण से होती है और इसे सरल व सुविधाजनक बनाने के लिए रेलवे कई कदम उठा रही है। हाल ही में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन सुधारों की समीक्षा की थी और निर्देश दिए थे कि टिकटिंग प्रणाली को स्मार्ट, पारदर्शी, सुलभ और प्रभावी होना चाहिए। योजना निर्माण में यात्री सुविधा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए ताकि यात्रियों को एक सहज और आरामदायक अनुभव मिल सके।



- तत्काल टिकट में आधार अनिवार्य
- 8 घंटे पहले लगेगा आरक्षण चार्ट
- वेटिंग टिकट जल्द पता चलेगा
- बुकिंग क्षमता 1.5 लाख टिकट प्रति मिनट होगी
- पूछताछ 40 लाख प्रति मिनट

सूत्रों के अनुसार नयी चार्टिंग प्रणाली से यात्रा योजना में यात्रियों को तैयारी करने में अधिक सुविधा होगी। वर्तमान व्यवस्था में अभी आरक्षण चार्ट ट्रेन प्रस्थान के चार घंटे पहले बनाया जाता है जिससे यात्रियों में अनिश्चितता बनी रहती है, विशेषकर उन लोगों के लिए जो आस-पास के क्षेत्रों से ट्रेन पकड़ने आते हैं। अब नयी प्रणाली के लिए रेलवे बोर्ड ने प्रस्ताव किया है कि चार्ट ट्रेन प्रस्थान से आठ घंटे पहले तैयार किया जाए। यदि ट्रेन अपराह्न दो बजे से पहले प्रस्थान करती है तो चार्ट एक दिन पहले रात नौ बजे ही तैयार कर लिया जाएगा। रेल मंत्री ने इस प्रस्ताव से सहमति जतायी है और चरणबद्ध तरीके से इसे लागू करने के निर्देश दिए हैं ताकि कोई व्यवधान न हो।

सूत्रों ने कहा कि इससे वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को स्थिति का जल्दी पता चलेगा और वैकल्पिक व्यवस्था के लिए अधिक समय मिलेगा। यह विशेष रूप से दूर-दराज या शहरी उपनगरों से आने वाले यात्रियों को लाभ देगा। दिसंबर 2025 तक नयी और आधुनिक यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) लागू हो जाएगी। रेल मंत्री ने नई पीआरएस प्रणाली की प्रगति की समीक्षा की है। इस परियोजना पर पिछले कुछ महीनों से क्रिस कार्य कर रहा है। नई प्रणाली अधिक लचीली, सक्षम और मौजूदा लोड से दस गुना अधिक संभालने में सक्षम होगी। टिकट बुकिंग क्षमता वर्तमान 32 हजार प्रति मिनट से बढ़कर 1.5 लाख टिकट प्रति मिनट होगी। पूछताछ क्षमता चार लाख से बढ़कर 40 लाख प्रति मिनट होगी। नयी सुविधाओं में बहुभाषी और यूजर-फ्रेंडली इंटरफेस, सीट विकल्प चुनने की सुविधा, किराया कैलेंडर, दिव्यांगजन, छात्र, रोगियों आदि के लिए एकीकृत विकल्प शामिल होंगे। रेलवे ने हाल ही में तत्काल टिकट बुकिंग के लिए सुदृढ़ प्रमाणीकरण प्रणाली की घोषणा की है। रेलवे एक जुलाई से आईआरसीटीसी वेबसाइट/ऐप पर तत्काल टिकट केवल प्रमाणित उपयोगकताओं को बुक करने की अनुमति देगा। जुलाई अंत तक ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण अनिवार्य किया जाएगा। रेल मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि तत्काल बुकिंग के लिए प्रमाणीकरण व्यवस्था का विस्तार किया जाए। यह प्रमाणीकरण आधार या डिजीलॉकर में उपलब्ध किसी भी सरकारी पहचान पत्र के माध्यम से किया जाएगा। रेलवे लगातार अपनी प्रणालियों को आधुनिक और नागरिक-अनुकूल बनाने के लिए प्रयासरत है। इन कदमों से टिकट बुकिंग अधिक आसान, पारदर्शी और सुनिश्चित होगी जिससे करोड़ों यात्रियों को लाभ पहुंचेगा।

# यूक्रेन पर रूस का बड़ा हवाई हमला

## 477 ड्रोम और 60 मिसाइलें दागीं, एफ-16 एयरक्राफ्ट तबाह

एजेंसी

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के खिलाफ शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात अपना सबसे बड़ा हवाई हमला बोला। यूक्रेनी वायु सेना के अनुसार, रूस ने यूक्रेन पर 477 ड्रोन और 60 मिसाइलों से हमला बोला। सेना का दावा है कि इनमें से 249 को मार गिराया गया और 226 को इलेक्ट्रॉनिक रूप से जाम कर दिया गया। यह ताजा हमले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शुक्रवार की टिप्पणी के बाद हुए हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि मॉस्को इस्तांबुल में सीधे शांति वार्ता के नए दौर के लिए तैयार है। यूक्रेन की वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इहनात ने बताया कि हमले के दौरान पश्चिमी यूक्रेन



सहित कई क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। हमले अग्रिम पंक्ति से काफी दूर किए गए थे। गवर्नर ओलेक्सांद्र प्रोकुडिन ने कहा कि खेरसान क्षेत्र में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि खार्कीव में एक ड्रोन द्वारा कार को निशाना बनाया गया। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। चकार्सी में एक बच्चे सहित छह लोग घायल हो गए। सुदूर पश्चिमी लविव क्षेत्र में ड्रोन हमले के बाद ड्रोहोबिच शहर में एक औद्योगिक सुविधा में आग लग गई, जिससे शहर के कुछ हिस्सों की बिजली चली गई। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूस के एक हमले को विफल करते समय एक एफ-16 लड़ाकू पायलट की मौत हो गई। पायलट ने दुर्घटना से पहले सात लक्ष्यों को मार गिराया था। यह युद्ध शुरू होने के बाद से तीसरा एफ-16 लड़ाकू विमान नष्ट हुआ है।

**नोवोक्रेंका पर नियंत्रण का दावा :** रूस ने रविवार को दावा किया कि उसने आंशिक रूप से रूसी कब्जे वाले डोनेट्स्क क्षेत्र में नोवोक्रेंका गांव पर नियंत्रण कर लिया है।

# तेलंगाना में भी भाजपा की सरकार बनेगी:शाह


एजेंसी

**निजामाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने निजामाबाद में एक जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। शाह ने कहा कि राहुल गांधी ऑपरेशन सिंदूर का सबूत मांग रहे हैं। राहुल गांधी पाकिस्तान की बातें सुन रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी गई थी। तेलंगाना में कांग्रेस पर जनता का भरोसा खत्म हो गया लेकिन राज्य में भ्रष्टाचार जारी है। उन्होंने दावा किया अब तेलंगाना में भी भाजपा की सरकार बनेगी। शाह रविवार को राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड कार्यालय के उद्घाटन के बाद स्थानीय पॉलिटेक्निक मैदान पर आयोजित किसान सभा को संबोधित कर रहे



थे। शाह ने नक्सलियों को चेतावनी देते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य सिर्फ. आतंकवाद का खात्मा नहीं है, बल्कि देश में नक्सलवाद को भी खत्म करना है। इसलिए नक्सलियों को तुरंत हिंसा का रास्ता छोड़कर हथियार डाल दें और मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए। हथियार छोड़ने वाले नक्सलियों का पुनर्वास कर उन्हें विकास से जोड़ा जाएगा।

## आइएसएस पर अपने मिशन में पूरी तरह व्यस्त है एक्स-4 टीम



**चेन्नई।** एक्सिओम स्पेस ने रविवार को कहा कि चार सदस्यीय एक्स-4 चालक दल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर अपने मिशन में पूरी तरह से व्यस्त है। चौथे दिन के अपडेट में कहा कि एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) की कमांडर पैगी व्हिटसन, भारतीय पायलट शुभांशु शुक्ला, मिशन विशेषज्ञ स्लावोज उज्नान्स्की-विस्निएव्स्की और मिशन विशेषज्ञ टिबोर कापू अब आईएसएस पर मिशन में पूरी तरह से व्यस्त हैं तथा वैज्ञानिक अनुसंधान एवं अंतर्राष्ट्रीय आउटरीच से भरे कार्यक्रम के साथ कक्षा में अपना दिन पूरा कर रहे हैं।

# गाजा में हमास का कमांडर ढेर

## इजरायल के हवाई हमले में अल-इस्सा मारा गया

एजेंसी

**यरूशलम।** इजरायल की सेना ने गाजा सिटी में एक हवाई हमले में हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को मार गिराया है। सेना के अनुसार कमांडर हमास की सैन्य तैयारियों और सात अक्टूबर को दक्षिणी इजरायल पर हुये हमले की योजना में अहम भूमिका निभा रहा था। इजरायली रक्षा बलों ने बताया कि कहा कि शुक्रवार शाम को सबरा इलाके में किये गये हमले में हखम मुहम्मद इस्सा अल-इस्सा की मौत हो गयी। यह ऑपरेशन इजरायल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के साथ मिलकर किया गया था। सेना के अनुसार अल-ईसा हमास के सैन्य विंग के संस्थापक सदस्य थे और उन्होंने सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजराइल पर हुये हमले की योजना



और उसे अंजाम देने में अहम भूमिका निभायी थी। उस हमले में करीब 1,200 लोग मारे गये थे और 200 से अधिक लोगों को गाजा ले जाया गया था। अल-इस्सा हाल ही में हमास के सैन्य विंग के कॉम्बैट सपोर्ट मुख्यालय का प्रमुख था, जहां वह इजरायली नागरिकों और सैनिकों पर हवाई और समुद्री हमलों की निगरानी करता था।




# अनंत अंबानी को सालाना 10 से 20 करोड़ मिलेंगे वेतन

## रिलायंस ने शेयरधारकों को दी सूचना

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी के सबसे छोटे पुत्र और तीन भाई-बहनों में सबसे पहले प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किए गए अनंत अंबानी को सालाना 10 से 20 करोड़ रुपये का वेतन और कंपनी के मुनाफे पर कमीशन सहित कई भत्ते दिए जाएंगे। शेयरधारकों को भेजी गई सूचना में यह जानकारी दी गई है। जहां सबसे अमीर एशियाई के तीनों बच्चे जुड़वां आकाश और ईशा, और अनंत को 2023 में गैर-कार्यकारी निदेशकों के रूप में तेल-से-दूरसंचार-और-खुदरा समूह के निदेशक मंडल में शामिल किया गया था, वहीं सबसे छोटे अनंत को इस साल अप्रैल में रिलायंस



इंडस्ट्रीज लिमिटेड का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया था।

- कंपनी के लाभ पर कमीशन सहित कई भत्ते दिए जाएंगे

गैर-कार्यकारी निदेशकों के रूप में, तीनों को कोई वेतन नहीं मिल रहा था और प्रत्येक को वित्त वर्ष 2023-24 में चार लाख रुपये का शुल्क और 97 लाख रुपये का लाभ पर कमीशन दिया गया था। हालांकि, कार्यकारी निदेशक के तौर पर 30 वर्षीय अनंत वेतन और अन्य आवश्यक शर्तों के हकदार होंगे। रविवार को शेयर बाजार को दिए गए नोटिस में रिलायंस ने कहा कि नियुक्ति के लिए शेयरधारकों की मंजूरी पोस्टल बैलेट के जरिये मांगी गई है। साल 2023 में नियुक्तियां भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी में उत्तराधिकार योजना का हिस्सा थीं, जिसे कई लोगों ने 2002 में उनके पिता की मृत्यु के बाद भाई-बहन के झगड़े से बचने के लिए अंबानी के प्रयास के रूप में देखा। ईशा रिलायंस रिटेल के निदेशक मंडल में हैं और हाल ही में बनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज में शामिल हुई हैं, आकाश दूरसंचार कारोबार के प्रमुख हैं। अनंत मैटेरियल्स और नवीकरणीय ऊर्जा खंड से जुड़े हैं। वहह पेशेवर प्रबंधकों के साथ मिलकर काम करते हैं। पोस्टल बैलेट में, रिलायंस ने कहा कि अनंत का वेतन और भत्ते 10 करोड़ रुपये से 20 करोड़ रुपये प्रति वर्ष की सीमा में होंगे। सुविधाओं और भत्तों में आवास या उसके बदले में मकान किराया भत्ता; व्यय की प्रतिपूर्ति के साथ मकान रखरखाव भत्ता और/या गैस, बिजली, पानी, साज-सज्जा और मरम्मत के उपयोग के लिए भत्ते तथा स्वयं और आश्रितों सहित परिवार के लिए छुट्टी यात्रा रियायत शामिल होगी। अनंत को अपने या पत्नी तथा व्यावसायिक यात्राओं के दौरान सहायकों के लिए यात्रा, भोजन तथा आवास पर किए गए व्यय की पैसा भी मिलेगा। साथ कंपनी के व्यवसाय के लिए कार की व्यवस्था तथा निवास पर संचार व्यय का खर्च भी मिलेगा। वह चिकित्सा के साथ-साथ अपने और अपने परिवार के सदस्यों के लिए कंपनी द्वारा व्यवस्थित सुरक्षा के भी हकदार होंगे। अधिसूचना में कहा गया। वेतन, भत्ते और सुविधाओं के अलावा, अनंत एम. अंबानी शुद्ध लाभ के आधार पर पारिश्रमिक पाने के हकदार होंगे। मुकेश अंबानी ने अगस्त, 2023 में तेल से लेकर दूरसंचार क्षेत्र में कारोबार करने वाली कंपनी के बोर्ड में अपने तीनों बच्चों को गैर-कार्यकारी निदेशकों के रूप में शामिल करने की घोषणा की थी, ताकि अंतिम उत्तराधिकार योजना तैयार की जा सके।

